आत्म जागृति–माला पु०५

समकित (आत्म-बोध) प्रश्नोत्तर

अर्थात्

मोक्ष की कुंजी

[भाग १]

समकित श्रेष्ठ स्वभाव, अनुपम रस का सिंधु है।
नाशक मिथ्या भाव, मूर्छित जन हित अमृत सम ॥

प्रकाशक—

सोभागमल अमोलकचन्द लोढा तथा मगनमल कोचेटा } मानद मंत्री

आत्म जागृति कार्यालय,

बगड़ी (मारवाड़), वाया सोजतरोड.

महावीर जयन्ती
सं० १९८४

वी०सं० २४५४

बाबू मथुराप्रशाद शिवहरे के प्रबन्ध से
वैदिक यंत्रालय, अजमेर में मुद्रित.

समकित (आत्मबोध) प्रश्नोत्तर

इस पुस्तक का दूसरा भाग तैयार होरहा है। दोनों भागों की पुस्तक जिन महाशयों को प्रभावना के लिए थोक मंगाना हो वे कार्यालय से मंगावें। जल्दी के कारण भूलों के लिए क्षमा करें।

जयनारायण व्यास
व्यवस्थापक

भूमिका.

चारित्ररूपी शरीर में चैतन्यरूप समकित गुण है। इसका वर्णन करने की शक्ति इस अल्पज्ञ लेखक में नहीं है। तथापि बालभाव से समकित प्रश्नोत्तर लिखने का साहस किया गया है। इसमें अगणित भूलें दृष्टि-गोचर होवेंगी। सुज्ञ पाठक प्रत्येक भूल को नोट करके व्यवस्थापक के पास भेज देवें जिससे पुनः सुधार करने का प्रयत्न किया जावेगा और लेखक के ऊपर भी उपकार होगा।

समकित का विषय इतना आवश्यक व विशाल है कि इसके ऊपर अनेक समर्थ विद्वान् प्रकाश डालें तब कुछ बोध हो सकता है।

आज इसकी प्राप्ति की स्वतन्त्र पुस्तकें भाषामें थोड़ी मिलती हैं जिससे यह मंद प्रयत्न किया गया है। यदि अन्य विद्वान् लोग कृपाकर इस विषय को हाथ में लेंगे तो बहुत उपकार होगा।

यदि यह पुस्तक समाज को हितकारी मालूम पड़ेगी तो आगे विशेष प्रयत्न करने का यथाशक्ति यथासंयोग सद्-भाग्य समझा जायगा ।

इस समकित प्रश्नोत्तर में जो उत्तमता है वह महापुरुषों की प्रसादी लेकर धरी है और कोई स्थान नें त्रुटि मालूम पड़े तो यह लेखक का प्रमाद जान सुधारने का अनुग्रह करें ।

यह प्रयत्न स्व-पर हित बुद्धि से किया गया है । प्रथम निज आत्मा को ही अनेक शास्त्र व ग्रन्थ से समकित स्वरूप शोधने का उत्तम लाभ हुआ है तथा समकित का विषय पुष्ट करते स्व-आत्मा में इस गुण की शुद्धि की आशा है पश्चात् जिज्ञासु आत्मा-ओं को भी लाभ होने की आशा है ।

संग्रहकर्त्ता—

एक समकित प्रेमी.

समकित की महिमा।

१—यह सम्यग्दर्शन महारत्न समस्त लोक का आभूषण है और मोक्ष होने पर्यन्त आत्मा को कल्याण देने वालों में चतुर है।

२—इस सम्यग्दर्शन को सत्पुरुषों ने चारित्र और ज्ञान का बीज अर्थात् उत्पन्न करने का कारण माना है, क्योंकि इसके विना सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र होता ही नहीं, तथा यम (महाव्रतादि) और प्रशम (विशुद्ध भाव) का यह जीवनस्वरूप है। इस सम्यग्दर्शन के विना यम व प्रशम निर्जीव के समान हैं। इसी प्रकार तप और स्वाध्याय का आश्रय है। इसके विना ये निराश्रय हैं। इस प्रकार जितने शम-दम-बोध-व्रत-तपादि कहे हैं उनको यह सफल करता है। इसके विना वे मोक्ष फल के दाता नहीं हो सकते हैं।

३—यह सम्यग्दर्शन चारित्रज्ञान के न होने पर भी प्रशंसनीय कहलाता है और इसके विना संयम (चारित्र) और ज्ञान मिथ्यात्व रूपी विष से दूषित होते हैं अर्थात्

सम्यग्दर्शन की प्राप्ति के बिना ज्ञान मिथ्याज्ञान और चारित्र कुचारित्र कहाता है।

४—सम्यग्दर्शन सहित यम नियम तपादिक थोड़े भी हों, तो इन्हें सूत्रके ज्ञाता आचार्यों ने संसार से उत्पन्न हुए क्लेशदुःखों के लिये रामबाण औषधि के समान कहा है।

भावार्थ—सम्यग्दर्शन के होते हुए व्रतादिक अल्प होवें, तो भी वे संसारजनित दुःखरूपी रोगों को नष्ट करने के लिये दिव्य औषध के समान हैं।

५—आचार्य महाराज कहते हैं कि—जिसको निर्मल अतीचार रहित सम्यग्दर्शन है वही पुण्यात्मा वा महा भाग्य-युक्त है, ऐसा मैं मानता हूं, क्योंकि सम्यग्दर्शन ही मोक्ष का मुख्य अंग कहागया है। मोक्ष मार्ग के प्रकरण में सम्यग्दर्शन ही मुख्य कहा गया है।

६—इस जगत् में जो जीव चारित्र और ज्ञान के कारण सदा जगत् में प्रसिद्ध हैं, वे भी सम्यग्दर्शन के बिना मोक्ष को नहीं पाते।

७—आचार्य महाराज कहते हैं कि, हे भव्य जीवो! तुम सम्यग्दर्शन नामक अमृत का पान करो। क्योंकि यह

सम्यग्दर्शन अतुल्य सुख का निधान (खजाना) है। समस्त कल्याणों का वीज अर्थात् कारण है। संसार रूपी समुद्र से तारने के लिये जहाज़ है। तथा इसको धारण करने वाले एक-मात्र पात्र भव्य जीव ही हैं। अभव्य जीव इसके पात्र कदापि नहीं हो सकते। और यह सम्यग्दर्शन पापरूपी वृक्ष को काटने के लिये कुठार (कुल्हाड़े) के समान है, तथा पवित्र तीर्थों में यही प्रधान है अर्थात् मुख्य है। और जीत लिया है अपने विपक्ष अर्थात् मिथ्यात्वरूपी शत्रु को जिसने ऐसा यह सम्यग्दर्शन है. अतः भव्य जीवों को सबसे पहिले इसे ही अंगीकार करना चाहिये।

छप्पय

सप्त तत्व षट् द्रव्य, पदारथ नव मुनि भाखे।
अस्तिज्ञान सम्यकृत्व, विषय नीके मन राखे॥
तिनको सांचे जान, आप पर-भेद पिछानहु।
उपादेय है आप, आन सब हेय बखानहु॥
यह सरधा साँची धारकै, मिथ्या भाव निवारिये।
तब सम्यग्दर्शन पायकै, थिर ह्वै मोक्ष पधारिये॥

दोहा

सुख अनंत की नींव है, सम्यग्दर्शन जान,
याही ते शिव पद मिले, भैया लेहु पिछान।

सम्यग्दर्शन अंक है, और क्रिया सब शून्य,
अंक जतन करि राखिये, शून्य शून्य दश गुण ।

कवित्त

दर्शन विशुद्ध न होवत ज्यों लग,
त्यों लग जीव मिथ्यात्व कहावे ।
काल अनंत फिरे भव में,
महा दुःखन को कहिं पार न पावे ॥
दोष पचीस रहित गुणानुभव बुद्धि,
सम्यक् दर्शन शुद्ध ठहरावे ।
ज्ञान कहे नर सो ही वड़ो,
मिथ्यात्व तजी शिव मारग ध्यावे ॥

संग्रहकर्त्ता
समकित प्रेमी.

ॐ

श्री वीतरागाय नमः

समकित (आत्म-बोध) प्रश्नोत्तर

अर्थात्

मोक्ष की कुंजी

(भाग—१)

मङ्गलाचरण

सिद्धाण नमो किच्चा संजायणं च भावओ।
अत्थ धम्मगइं तच्च, अणु सट्ठिं सुणे हमे॥

आदि नाथ आदि दइ, वंदू श्री वधमान।
स्याद्वाद वंदू सदा, प्रकटे अतिशय ज्ञान॥१॥

श्री आदिनाथ—ऋषभदेव प्रभु से लगाकर श्री वर्धमान स्वामी तक सकल सर्वज्ञ वीतराग देवों को व स्याद्वाद (अनेकांतस्वरूप) जिन-वाणी को भावपूर्वक नमस्कार करता हूं।

स्याद्वाद अनेकांत धर्म कैसा है ? जो उत्कृष्ट आगम और सत्यासिद्धांत का जीव (प्राण) स्वरूप है अर्थात् स्याद्वाद के विना सकल शास्त्र जीव विना के शरीर तुल्य होते हैं।

पुनः स्याद्वाद कैसा है ? जन्म से अंधे पुरुषों द्वारा कहे गये हाथी के स्वरूप रूप कथन (एकांतवाद) को निषेध करनेवाला व्यवहार व निश्चय दोनों पाँखों से सत्यज्ञान-रूपी आकाश में निर्भय गति करानेवाला है। ऐसे स्याद्वाद (अनेकांतधर्म) को भाव-नमस्कार करने से अतिशय ज्ञान प्रगट होता है।

सकल अज्ञान अन्धकार को नाश करने के लिये सूर्य समान तीन लोक के समस्त पदार्थों को दिखाने के लिये अद्वितीय नेत्रस्वरूप उत्कृष्ट आगम जैन सिद्धान्त का परिश्रमपूर्वक मनन करके यह "समकित प्रश्नोत्तर" स्व-पर कल्याण हेतु गुरु-कृपा से संग्रह करता हूं।

(१) प्रश्न—मोक्ष मार्ग किसको कहते हैं ?

उत्तर—जिसके द्वारा सब प्रकार के दुःखों से सदा के लिये छूट जायँ उसे मोक्ष मार्ग कहते हैं। यह चार प्रकार का है (१) सम्यग् (सत्य) ज्ञान (२) सम्यक

(सत्य) दर्शन (३) सम्यग् (सत्य) चारित्र (४) सम्यक् (सत्य) तप ।

(२) प्रश्न—चारों में मुख्य कौन है ?

उत्तर—सम्यग्दर्शन अर्थात् समकित सब में प्रधान है । कारण कि समकित प्रगट होने पर ही सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र होता है । समकित के विना दोनों ही मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्र कहे गये हैं ।

समकित अर्थात् सच्ची समझ, सद्विवेक, सुश्रद्धा के विना भाषा-ज्ञान या दूसरी पढ़ाई खूब होने पर भी मिथ्या-ज्ञान ही कहा गया है । हज़ारों शास्त्र, विद्या, कला पढ़ा होवे तो भी यदि सद्विवेक न होवे वह उन्मार्ग (कुचारित्र) गामी हो सकता है और सच्ची समझपूर्वक थोड़ा भी ज्ञान व चारित्र हो वह सुमार्गगामी बन सकता है । इसलिये समकित ही सब गुणों में प्रधान गुण है ।

(३) प्रश्न—समकिती जीव के क्या गुण हैं?

उत्तर—(१) शरीर, इन्द्रिय, भोग, विषय, कषाय प्रति अरुचि, त्यागबुद्धि हो, इन पर ममत्व न होवे ।

(२) अतींद्रिय—(इन्द्रियरहित, विषयसुख के त्यागरूप) आत्मिक सुख का स्वाद आवे ।

(३) स्वानुभूति—आत्मा के सत्य स्वरूप का अनुभव होवे।

(४) शत्रु के भी गुण देखे, सदा समभाव रक्खे।

(५) विवेक बुद्धि होवे, क्या आत्मा को हितकारी है, क्या अहितकारी है, उसका ज्ञान करके सदा हितमार्ग में ही प्रवृत्ति करे, कभी अहित मार्ग में प्रवृत्ति न करे।

(६) दुःखों के मूलकारण अज्ञान, मिथ्यात्व (अंधता) विषय कषाय जान इनसे स्वयं बचे व औरों को बचावे। यह भाव अनुकंपा है।

(७) श्रद्धा—आत्मा के सत्यस्वरूप को नय, प्रमाण व व्यवहार निश्चय से समझकर सब बाह्य वस्तुओं से भिन्न मैं एक अनंत ज्ञान सुखादिपूर्ण आत्मा हूँ, ऐसी दृढ श्रद्धा होवे और हमेशा आत्मगुण घातक तत्वों (धन, भोग, विषय, क्रोधादि कषाय) को छोड़कर ही आनंद माने।

(४) प्रश्न—समकित कैसा है ?

उत्तर—संसार समुद्र तरने के लिये चारित्र रूपी जहाज़ है, ज्ञान रूपी मार्ग दर्शक दिव्य दीपक है, समकित

रूपी खेवटिया (नाविक) है। समकित रूपी खेवटिया न हो तो सब साधन शून्य रूप हैं। जैसे विना बीज के वृक्षकी उत्पत्ति, वृद्धि व फल नहीं होते, इसी प्रकार समकित (सच्ची समझ, सद् विवेक) रूपी बीज के विना सम्यक् ज्ञान, चारित्र की उत्पत्ति, स्थिति और वृद्धि भी नहीं हो सकती तथा उसका फल सत्य सुख (मोक्ष) नहीं मिलता। तथा समकित नींव के समान है। जैसे विना नींव के मकान नहीं ठहर सकता उसी प्रकार विना समकित के ज्ञान चारित्र नहीं ठहर सकते।

(५) प्रश्न—समकित गुणको रोकने वाला अंतरंग कारण क्या है ?

उत्तर—मिथ्यात्व मोहनीय है। मिथ्या अर्थात् खोटा मोहनीय अर्थात् राँचना, ममत्व करना। जो बात खोटी है उसमें राँचे, ममता करे सो मिथ्यात्व मोहनीय है। ऐसी बुद्धि उत्पन्न होने का कारण मिथ्यात्व मोहनीय के कर्म-दल हैं। और पुनः ऐसी बुद्धि से मिथ्यात्व मोहनीय कर्म का बंध होता है।

(६) प्रश्न—मिथ्यात्व मोहनीय से कैसी बुद्धि होती है ?

उत्तर—मिथ्या—अर्थात् विपरीत बुद्धि होना । जो अपनी चीज़ नहीं हैं उन्हें अपनी माने । जैसेः—शरीर, इन्द्रियों, भोग, धन, परिवार, निंदा, स्तुति, सुख दुःख के सकल प्रसंग में ममता (अपनात) सो मिथ्यात्व है । ऐसे भावों से पुनः मिथ्यात्व का बंध होता है, इसलिये ऐसी बुद्धि छोड़ना चाहिये ।

(७) प्रश्न—मिथ्यात्व मोहनीय से जीवकी उल्टी बुद्धि क्यों होती है ?

उत्तर—जैसे नसीली चीज़ खाने से सयाना मनुष्य कुछ का कुछ बोलने लगता है, धतूरा का दूध पीने से सब पीला पीला दीखता है । यह वस्तु का स्वभाव है । उसी प्रकार मिथ्यात्व मोहनीय कर्म प्रकृति का स्वभाव जीवकी विपरीत बुद्धि करने का है ।

(८) प्रश्न—वस्तु का स्वभाव ऐसा क्यों ?

उत्तर—यह अनिवार्य है, स्वयं सिद्ध है, अग्नि उष्ण क्यों ? जल शीतल क्यों ? सूर्य उष्ण, प्रकाशमय क्यों ? चन्द्रमा शीतल प्रकाश-मय क्यों ?

इसका उत्तर क्या देवेंगे ? उत्तर यही आवेगा कि वस्तु का स्वभाव ही ऐसा है, इसमें प्रमाण व तर्क का

स्थान नहीं है। इसी प्रकार मिथ्यात्व कर्म प्रकृति का फल भी स्वभाव से ही ऐसा है कि जीव की विपरीत बुद्धि हो जाती है।

(९) प्रश्न—कर्म क्यों माने ?

उत्तर—इस जगत् में कोई मनुष्य, कोई पशु, कोई पक्षी, कोई जलचर, कोई आकाशगामी जीव दीखते हैं, कोई कीड़े, मकोड़े, टीड़ी, पतंग आदि छोटे जीव हैं, कोई बुद्धिमान्, कोई मूर्ख, कोई बली, कोई दुर्बल, कोई सदा निरोगी, कोई सदा रोगी, कोई जन्म से धनवान्, कोई जन्म से निर्धन, कोई रूपवान्, कोई कुरूपवान्, कोई सुखी और कोई दुखी क्यों है ? उत्तर यही आता है कि जैसे कर्म-भूत पुरुषार्थ–गतकाल में काम किये, बीज बोये हैं, वैसे ही फल मिले हैं। विना कर्म सिद्धान्त माने जीवों की विचित्र दशाओं की सिद्धि ही नहीं होती।

(१०) प्रश्न—इन कर्मों को विना भोगे ही क्या छुटकारा हो सकता है ?

उत्तर—हां, कर्मों का छुटकारा दो तरह से होता है। जो कर्म-फल भोगे जाते हैं वे सविपाक निर्जरा कहाते हैं और जो कर्म-फल मिलने के पूर्व ही शुद्ध भाव से दान,

शील, तप, संयम व ध्यान से नाश होते हैं वे अविपाक निर्जरा कहाते हैं।

(११) प्रश्न—निर्जरा किसे कहते हैं?

उत्तर—जॄ-अर्थात् जीर्ण होना। विशेष प्रकार से कर्मों का नाश होना सो निर्जरा है।

(१२) प्रश्न—मिथ्यात्व मोहनीय कैसे नाश हो सकती है?

उत्तर—यथार्थ रूप से नवतत्व व छः द्रव्यों का सात नय, चार प्रमाण, सामान्य, विशेष, द्रव्य, गुण, पर्याय, बाह्य, आभ्यन्तर, निश्चय, व्यवहार से, ज्ञान करके अपने आत्मस्वरूप को पहिचाने, निज आत्मा और अपने ज्ञान चारित्र आदि गुणों को ही अपने आदरने योग्य श्रद्धेय (माने) ऐसी समकित भावना से मिथ्यात्व (विपरीत बुद्धि) का नाश होता है।

(विशेष प्रकार से समकित भावना चिंतवन करना हो तो "आत्मजागृति भावना" और समकित "स्वरूप भावना" की पुस्तकें देखें)

(१३) प्रश्न—सच्चा जानना या झूठा जानना क्या ज्ञानावरण कर्म का उदय है कि अन्य का?

उत्तर—सचापन या झूठापन ज्ञानावरण का उदय नहीं परन्तु मिथ्यात्व का उदय है। कारण ज्ञानावरण के तीव्र उदय से ज्ञान थोड़ा होवे तथा ज्ञानावरण के क्षयोपशम से ज्ञान ज्यादा होवे। उसमें सत्यपन या असत्यपन पैदा करने की शक्ति नहीं है, कारण ज्ञानावरण कर्म की सम्यग् ज्ञानावरण या मिथ्या ज्ञानावरण—ऐसी प्रकृति नहीं है। ज्ञानावरण अर्थात् ज्ञान को आवरण करे, ढांके उसे ही ज्ञानावरण कहते हैं। मिथ्यात्व का अर्थ उलटापन अर्थात् जो विपरीतपन उत्पन्न करे सो मिथ्यात्व है। यह मिथ्यात्व जीव के ज्ञान, चारित्र, वीर्य आदि अनन्त गुणों को विपरीत करता है। मिथ्यात्व होवे वहां तक ज्ञान मिथ्याज्ञान, चारित्र मिथ्याचारित्र, सुख बाह्य (पुद्‌गलीक) सुख, वीर्य कुपुरुषार्थ (बालवीर्य) रहता है। जब मिथ्यात्व नाश होजावे तब मिथ्याज्ञान आदि अनन्त गुण सम्यक्—सुलटे होजाते हैं।

(१४) प्रश्न—बहुत शास्त्र कंठस्थ होने पर भी समकित के बिना मिथ्या ज्ञान होता है तो वह पदार्थ को किस प्रकार जानता है ?

उत्तर—मिथ्या ज्ञान का अर्थ ऐसा न करें कि मकान को मकान न जाने, जीव को जीव न जाने। समकित

विना अनेक शास्त्र के अर्थ भावार्थ तथा नय प्रमाण निक्षेप के विस्तृत ज्ञान से पदार्थस्वरूप खूब बारीकी से समझे, बंध मोक्ष के स्वरूप को समझे, जगत् के पदार्थ और भावों को बराबर जाने। यह सब जानना जहां तक आत्मानुभव शुद्ध आत्मस्वरूप का निश्चय स्वानुभूति (स्वानुभव) न हो वहां तक मिथ्या माना गया है, कारण जो आत्मस्वरूप का अनुभव न होवे तो खीर की कढ़ाई की चुड़छी तुल्य शुष्क ज्ञान है। सब ज्ञान का सार एक आत्मस्वरूप का अनुभव करना ही है। अपना जीव अनंत-बार हजारों शास्त्र पढ़ चुका, केवल एक शुद्ध निज आत्म-स्वरूप का अनुभव नहीं करने से अज्ञानी रहा है। जो राग, द्वेष, मोह (दर्शन मोहनीय) को त्याग करे तो थोड़ा ज्ञान होते हुए भी आत्मानुभव कर लेता है। जगत् के सर्व जड़ चेतन पदार्थों को अपनी आत्मा से जुदे अनु-भव करे, अपनी निज आत्मा में आपको ही अनुभवे। इन्द्रियजन्य विषय सुख जिन्हें अंतर से रोगरूप कटुए मालूम होते हैं, जो अविकारी अतीन्द्रिय निर्विकल्प आ-त्मिक सुख को भोगते हैं। जिस ज्ञान में आत्मा का निज स्वरूप प्रतिभासित होता है वही ज्ञान सम्यक् ज्ञान है। ऐसा सम्यक् ज्ञान होने पर दान देना, शील पालना, संयम पालना, तप करना कष्ट रूप नहीं मालूम होता।

दान देना मल-त्याग रूप सुख देता है। संयम पालना सच्चा सुख रूप प्रतीत होता है। तप अपूर्व आनन्द होता है। शील खुजली के निरोगी को खुजालने की इच्छा ही न हो वैसे अपना स्वभाव समझ पालता है।

(१५) प्रश्न—समकित का लक्षण व स्वरूप क्या है?

उत्तर—(१) जीव अजीव आदि तत्वों का विपरीत मान्यता रहित जैसा स्वरूप है वैसा माने (श्रद्धा करे, निश्चय करे) व अनुभवे सो समकित अर्थात् आत्मदर्शन, आत्मानुभव है।

(२) स्वानुभूति आत्मा के स्वरूप को अनुभवे वह समकित है।

(१६) प्रश्न—समकित के लक्षण कई स्थान में भिन्न भिन्न बताये गए हैं तो कौनसा लक्षण ठीक है?

उत्तर—कोई स्थान में व्यवहार समकित के लक्षण बताये गए हैं और कोई स्थान में निश्चय समकित के लक्षण बताये गए हैं। इसलिये शास्त्र में कहा है कि जो व्यवहार और निश्चय दोनों नयों के स्वरूप को बराबर

समझता है वही सत्य समझ सकता है तथा सत्य उपदेश दे सकता है अन्यथा कईवार हानि होजाती है।

(१७) प्रश्न—व्यवहार समकित का क्या लक्षण है?

उत्तर—व्यवहार समकित का लक्षण देव अरिहंत गुरु निर्ग्रंथ, संवर, निर्जरा में धर्म व स्याद्वाद युक्त शास्त्र को मानें, सम् (समभाव), संवेग (धर्म भक्ति) निर्वेग (वैराग्य—भोग अरुचि), अनुकंपा व जीवादि नवतत्व की यथार्थ श्रद्धा—आस्ता, ये पांच लक्षण तथा व्यवहार समकित के ६७ बोल के गुण व्यवहार लक्षण हैं।

(१८) प्रश्न—निश्चय समकित का लक्षण क्या है?

उत्तर—अन्तरंग में अनंतानुबंधी (पर वस्तु को अपनी मानकर क्रोधादि करना) क्रोध, मान, कपट, लोभ, मिथ्यात्व मोहनीय (खोटे में आनन्द ममत्व), मिश्र मोहनीय (कुछ सत्य, कुछ असत्य में आनन्द), समकित मोहनीय (सत्य न किंचित् शंकादि दोष सेवन)। इन सात प्रकृति का अभाव करे और बाह्य में शुद्ध आत्मस्वरूप का अनुभव करे यह (स्वानुभूति) निश्चय समकित का लक्षण है।

(१९) प्रश्न—स्वानुभूति क्या चीज है ?

उत्तर—मतिज्ञानावरणी के पेटे की एक विशेष प्रकृति (स्वानुभूति आवरण) नाम की प्रकृति है । वह हटने से स्वानुभूति, आत्मानुभव होता है । यह ज्ञान का गुण है, तथापि निश्चय समकित होवे तब ही होता है । जिससे समकित के लक्षण में भी बताया जाता है । जो शुद्ध आत्म अनुभव होवे वहां निश्चयात्मक गुण है । वह समकित है ।

(२०) प्रश्न—कर्म प्रकृति तो १४८ या १५८ कही गई है जिसमें यह प्रकृति क्यों नहीं कही गई ?

उत्तर—आत्मा के असंख्य लेश्या, भाव, परिणाम होते हैं, उनमें जुदी २ कर्म प्रकृति का बंध होता है, कर्म की असंख्य प्रकृति (जातियां) हैं परन्तु मुख्य आठ हैं, जिन्हें आठ कर्म कहते हैं व उत्तर प्रकृति १४८ या १५८ कही गई हैं, कारण समझाने के लिये आवश्यक ही लेना पड़ता है । जैसा जीव के कर्म उदयानुसार अनन्त भेद हो सकते हैं तथापि ५६३ भेद ही कहे गये हैं, कारण समझाने के लिये कुछ मर्यादा व वर्ग करना ही पड़ता है । पुनः अनंत भेद जीव कह दिया है ।

(२१) प्रश्न—शास्त्र में किसी स्थान में आत्मा को जानना समकित है, ऐसा कथन है ?

उत्तर—हां अनेक स्थान में ये भाव निकलते हैं। तथा श्री पन्नवणा सूत्र, आवश्यक सूत्र व उत्तराध्ययन मोक्ष-मार्ग अध्ययन में दर्शन—समकित का विवेचन करते चार लक्षण में पहला "परमत्थसंथवो वा" परम मानी प्रधान, अर्थ मानी तत्त्व। सर्व तत्त्व में एक निज आत्मा ही प्रधान तत्त्व है। उसका संस्तव करे, परिचय करे, अनुभव करे, ऐसा कहा गया है फिर भी श्री आचारांग सूत्र में फरमाया गया है कि "जो आत्मानुभव करते हैं वे अन्य स्थान में नहीं रांचते, नहीं रमण करते"। जो अन्य स्थान में नहीं रांचते वे ही एक आत्मा में रांचते-रमण करते हैं। इसी न्याय से समकिती जीव को धाई माता समान भिन्न अनुभव करने वाला कहा है। वह संसार में अपनापन नहीं करता तथा और भी श्री आचारांग सूत्र में फरमाया गया है कि "जो मूल कर्म—अग्र कर्म अर्थात् मिथ्यात्व का नाश करता है वह आत्म-दर्शन करता है और उसे मरण—भय नहीं रहता।

(२२) प्रश्न—तत्वार्थ श्रद्धान् समकित का क्या अर्थ है?

उत्तर—तत्व कहे तो भाव (धर्म-स्वभाव सार वस्तु स्वरूप), अर्थ कहे तो पदार्थ। जिस पदार्थ का जो

सच्चा स्वभाव (धर्म) है, उसका श्रद्धान् समकित है। कारण खाली अर्थ करे तो पदार्थ श्रद्धा में समकित माने तो यथार्थता सत्यता का विशेषण नहीं होने से विपरीत पदार्थ को मानने में भी समकित हो जावे। इसलिये यथार्थ वस्तु स्वरूप पदार्थ के निश्चय को ही समकित कहा है, सो बहुत ठीक है।

(२३) प्रश्न—जगत् में मुख्य तत्त्व कितने हैं ?

उत्तर—दो। एक जीव और दूसरा अजीव।

(२४) प्रश्न—इन जीव अजीव के विशेष प्रकार से कितने प्रकार होते हैं ?

उत्तर—एक अपेक्षा से छः भेद हैं, जिन्हें छः द्रव्य कहते हैं तथा दूसरी अपेक्षा से नव भेद हैं जिन्हें नव तत्त्व कहते हैं। ये सब प्रकार जीव अजीव की अवस्था (पर्याय) हैं।

(२५) प्रश्न—छः द्रव्य के नाम व गुण कहो ?

उत्तर—(१) धर्मास्तिकाय का चलन सहायक गुण है। जैसे जल मछली को चलने में सहायक है, चलने की प्रेरणा नहीं करता, इसी प्रकार

जीव पुद्गल को गति करने में धर्मास्ति-
काय सहायक है, परंतु प्रेरक नहीं है ।

(२) अधर्मास्तिकाय का स्थिर सहायक गुण
है । जैसे ग्रीष्म ऋतु में थके हुए मनुष्य
को वृक्ष की छाया बैठने में सहायक है,
प्रेरक नहीं ।

(३) आकाशास्तिकाय का जगह देना (अव-
काश देना) गुण है । जैसे दूधमें शक्कर
भींत में कीली को जगह होती है । ऐसे
यह सब पदार्थों को रहने की जगह देता
है । एक आकाश प्रदेश पर जीव पुद्गल
के अनंत प्रदेश रखने की शक्ति विशेष
है । यह खास स्वभाव है । जैसे छोटा
भी जलचर जीव पानी में जीता है जब कि
हाथी, सिंह, वगैरे डूब मरते हैं व बड़ा
मच्छ भी पानी के बाहर मरजाता है । यह
एक स्वभाव की विशेषता है ।

(४) कालद्रव्य का वर्तना गुण है जिसके
निमित्त से नये पदार्थ जूने होते हैं, जूने
पदार्थ नये होते हैं ।

(५) जीवद्रव्य के चार गुण अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत आत्मिक सुख, अनंत आत्मशक्ति।

(६) पुद्गल द्रव्य—पुद् कहे तो मिलना, गल कहे तो गलना—बिखरना। जिसका गुण

मिलना व बिखरना है जो सदा एकसा नहीं रहता इसके मुख्य गुण चार हैं, (१) वर्ण, (२) गंध, (३) रस, (४) स्पर्श।

(२६) प्रश्न—कोई लोक, पृथिवी, जल, अग्नि, वायु; इनको अलग अलग स्वतंत्र (खास जुदे जुदे) तत्त्व मानते हैं सो कैसा है ?

उत्तर—यह ठीक नहीं, कारण पृथिवी, जल, अग्नि, वायु अलग अलग स्वतंत्र तत्त्व नहीं हैं। एक का दूसरा रूप बन जाता है। जैसे मिट्टी व जल के योग से वनस्पति बनती है वह अग्नि रूप हो जाता है। फिर पीछी वह अग्नि राख होकर मिट्टी बन जाती है। पानी उबलने पर भाफ बनकर वायु रूप हो जाता है। दो जाति की वायु (हाइड्रोजन व आक्सिजन) मिलाने से जल हो जाता है। एक परमाणु दूसरा रूप बनता है परन्तु कभी उसका

अस्तित्व सर्वथा नष्ट नहीं होता। यह जैन सिद्धांत आज सायन्स से सिद्ध हो चुका है और इसलिये सायन्स का मूल सूत्र यह हुआ कि किसी पदार्थ का सर्वथा नाश नहीं होता। सदा नित्य रहना, ऐसा कहा गया है। हर चीज की अवस्थाएं बदलती है। इसे पर्याय कहते हैं, जिस अपेक्षा से सब पदार्थ को अनित्य भी माने हैं। सारांश द्रव्य की अपेक्षा से पदार्थ नित्य हैं। अवस्था (पर्याय) की अपेक्षा से अनित्य हैं।

(२७) प्रश्न—ज्ञान से क्या लाभ होता है?

उत्तर—वस्तु को बराबर समझने से राग, द्वेष हर्ष, शोक नहीं होता। कोई वस्तु में ममत्व (मेरापन) की बुद्धि नहीं होती। सदा समभाव रहता है। तथा पुद्गल में शरीर, धन, भोग, अन्न, वस्त्र, गहने, मकान, दुकाने, निंदा सब आजाते हैं; इनको निनसे बिखरने का स्वभाव वाले जानने वाला विवेकी मनुष्य इनमें मोह नहीं करता, कारण इन चीज़ों को नाशवान् बराबर जानता है और वह खूब दान देता है। कभी उसे लोभ नहीं होता, शुद्ध शील पालता है। कारण वह एक गटरखाने से दूसरे गटरखाने के संयोगरूप भोग निंदनीय व दुःख-भंडार मानता है। तपस्या खूब करता है, कारण शरीर व भोजने को जीवकों

साधन मानता है । शुद्ध भाव रखता है, कारण उसे रागद्वेष नहीं आता। इस प्रकार छः द्रव्य के बराबर ज्ञान होने से वीतराग भाव प्रकट होकर अनंत सुख (मोक्ष) की प्राप्ति होती है ।

(२८) प्रश्न—धर्म शब्द के कितने अर्थ हैं ?

उत्तर—धर्म शब्द के अभिप्राय से अनेक अर्थ हैं । एक वस्तु का स्वभाव सो धर्म (वत्थु सहावो धम्मो) अर्थात् जो वस्तु को वस्तुपने में कायम रक्खे सो धर्म । जैसे जीवका धर्म उसके चार गुण अनंत ज्ञानादि है । इन गुणों से ही जीव सर्व काल में जीवपने में कायम रहता है। दूसरा अर्थ-धर्म कहे तो जो जीव को दुःख में गिरते को बचाकर सुख में धारण कर रक्खे वह धर्म, अहिंसा, सत्य, दान, तप आदि जिनसे जीव सुख पाता है। यह धर्म जीव के परिणाम हैं अर्थात् चारित्र गुणकी पर्याय (हालत) है तीसरा अर्थ-धर्म अर्थात कर्त्तव्य-फरज़ भी है। इन सब अर्थों में धर्मको एक गुण माना है । अब जैनशास्त्र में पारिभाषिक धर्म शब्द एक अजीव अरूपी तत्त्व का नाम भी कहा है जो चलने में सहायक है । यह एक संज्ञा-विशेष है । यहां इतना भाव मिला सकते हैं कि दोनों में

चलने में मदद देना तुल्य है, कारण अहिंसा आदि भाव धर्म से जीव ऊँची गति में चला जाता है।

(२६) प्रश्न—अधर्म शब्द के कितने अर्थ हैं।

उत्तर—जुदी जुदी अपेक्षा से अधर्म शब्द के अनेक अर्थ हो सकते है।

(१) वस्तु का मूल स्वभाव दूषित होवे, विकारी होवे उसे अधर्म कहते हैं। जैसे जीव का स्वभाव मूल गुण चार दूषित होवें तव (१) अज्ञान।

(२) मिथ्यात्व (कुदर्शन, अंधता)

(३) इन्द्रियजन्य सुख दुःख, राग द्वेष (कुचारित्र)

(४) कुपुरुषार्थ (बालवीर्य), हिंसा, विषय, कषाय में प्रवृत्ति होना। इन चार कामों को अधर्म कहते हैं। धर्म से सुख शांति आनंद रहता है जब कि अधर्म से जन्म, जरा, मरण, रोग, शोक, भय, चिंता आदि अनंत दुःख भोगने पड़ते हैं।

दूसरा अर्थ जो दुर्गति दुःख में गिरते हुए को नहीं बचावे सो अधर्म, हिंसा, झूठ, चोरी, विषयसेवन, तृष्णा, निन्दा, क्रोध, मान, कपट, लोभ, कलह आदि अठारह पापस्थान हैं वे अधर्म हैं। तीसरा-जो अधर्म कहे तो कर्तव्य नहीं है। जो काम करने योग्य नहीं उसे करना सो अधर्म। चौथा अर्थ—जैन शास्त्र में पारिभाषिक अधर्म शब्द एक अजीव अरूपी तत्व का भी नाम है। यह संज्ञा विशेष है। स्थिर रहने में सहाय्य करे। यहां इतना भाव मिला सकते हैं कि स्थिर रहने में सहाय्य देना तुल्य है, कारण भाव अधर्म-हिंसादि कामों से दुःखपूर्ण संसार में ही जीव ठहरता है, ऊँचा नहीं जा सकता।

(३०) प्रश्न—नवतत्व क्या है ?

उत्तर—जीव और अजीव की हालत अवस्था अर्थात् पर्याय हैं। जीव का अजीव (कर्म) के साथ संबंध होने

से पुण्य पाप आश्रव व बंध होता है तथा संबंध छूटने से संवर, निर्जरा, मोक्ष होती है। इस प्रकार सब मिलकर नवतत्व होते हैं।

(३१) प्रश्न—जीवकी शुद्ध हालत (पर्याय) व अशुद्ध हालत (पर्याय) कौनसी मानी गई हैं ?

उत्तर—पुण्य, पाप, आश्रव, बंध; यह जीवकी अशुद्ध हालत है व संवर, निर्जरा तथा मोक्ष; जीवकी शुद्ध हालत है। अशुद्ध हालत संसार का कारण है व शुद्ध हालत मोक्ष का कारण है।

(३२) प्रश्न—नवतत्व का सामान्य लक्षण क्या है ?

उत्तर—(१) जीवका लक्षण शुद्ध अवस्था में अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत आत्मिक सुख, अनंत आत्मिक शक्ति। अशुद्ध अवस्था में अल्पज्ञान अथवा मिथ्याज्ञान। अल्पदर्शन शक्ति या मिथ्यादर्शन। इंद्रियजन्य सुख दुःख, रागद्वेष, बालवीर्य अर्थात् कुपुरुषार्थ।

(२) अजीव का लक्षण—जड़-अचेतन।

(३) पुण्य—भाव पुण्य–शुभ परिणाम (विचार)। द्रव्य पुण्य–शुभकाम, शुभ कर्म-दल व शाता के संयोग।

(४) पाप—भाव—अशुभपरिणाम (विचार)। द्रव्य पाप–अशुभ काम, अशुभ कर्मदल व अशातकारी संयोग।

(५) आश्रव—भाव–शुभाशुभ परिणाम (विचार)। द्रव्य–शुभाशुभ काम–मिथ्यात्व, अव्रत, प्रमाद, कषाय, योग व शुभाशुभ कर्म दल का संचय होना।

(६) संवर—भाव संवर–शुद्धोपयोग, राग, द्वेष, मोह (मिथ्यात्व मोहनीय) रहित परिणाम। द्रव्य–मन, वचन, काया, पांच इंद्रिय पर संयम, अहिंसादि पांच व्रत, पांच समीति आदि।

(७) निर्जरा—भाव–शुद्धोपयोग (राग, द्वेष, मोह रहित परिणाम), धर्म ध्यान (शुक्ल ध्यान)। द्रव्य में--अनशन (उपवास), ऊणोदरी आदि बारह प्रकार की निर्जरा

के काम व देशथकी अमुक अंश से कर्म दल का आत्मा से दूर होना।

(८) बंध—भाव-राग द्वेष मोह के परिणाम। द्रव्य-मन, वचन, काया की प्रवृत्ति तथा कर्मदल का जीव के प्रदेशों के साथ एक मेक होना।

(९) मोक्ष—भाव-परम विशुद्ध वीतराग परिणाम अकषायी, अजोगी, अलेशी अवस्था। द्रव्य में-स्थूल शरीर उदारिक, सूक्ष्म शरीर तेजस, कार्माण शरीर व आठों ही कर्मों का सर्वथा क्षय होना।

(३३) प्रश्न—व्यवहार समकित के गुण क्या फ़ायदा करते हैं?

उत्तर—व्यवहार समकित निश्चय समकित का साधक है। व्यवहार समकित के गुण तत्त्वज्ञान, वांचन, मनन व सम् संवेग आदि गुणों के द्वारा उत्कृष्ट भावना व पुरुषार्थ से निश्चय समकित प्रकट न हो तो भी व्यवहार समकित से उच्च गति व आत्मा निर्मल तो अवश्य होती है। मिथ्यात्व में डूब कर अनन्त दुखी होने के स्थान व्यव-

हार समकित को सेवन कर भयङ्कर दुःखों से बचना हितकारी ही है।

(३४) प्रश्न—निश्चय समकित की पहिचान कैसे होती है ?

उत्तर—स्वानुभूति अर्थात् शुद्ध आत्मस्वरूप के अनुभव से निश्चय समकित जाना जाता है। जो अतीं-द्रिय (इंद्रिय विषयक सुख रहित) आत्मिक अविकारी नि-र्विकल्प सुख का अनुभव है, वह निश्चय समकित का लक्षण है।

(३५) प्रश्न—प्रकृति की अपेक्षा से समकित के भेद कितने हैं ?

उत्तर—चार। १ क्षायिक समकित। २ उपशम स-मकित। ३ क्षयोपशम समकित। ४ वेदक समकित। चार अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ, और समकित मोह-नीय, मिश्रमोहनीय, मिथ्यात्व मोहनीय, इन सात प्रकृति का सर्वथा क्षय (नाश) करना जले बीजवत्-जैसे बीज की राख होने के बाद अंकुर नहीं उगता उसी प्रकार सात प्रकृति अनंत संसार भ्रमण कराने वाली हैं। उसके नाश होने के बाद पुनः वह न तो उत्पन्न होती है, न संसार में

भटकना पड़ता है। इसको क्षायिक समकित कहते हैं। उपशम समकित में इन सातों प्रकृति का उपशम होता है (ढक जाती हैं, सत्ता के अंदर रहती हैं)। जैसे भारी अग्नि सात प्रकृति में से कुछ प्रकृति का क्षय करे और कुछ उपशम (ढांक) कर सत्ता में रक्खे। उसे क्षयोपशम समकित कहते हैं। कुछ प्रकृति को क्षय करे और कुछ का उदय होय (वेदे) सो वेदक समकित है।

(३६) प्रश्न—विशेष प्रकार से समकित के कितने भेद हैं ?

उत्तर—नव भेद हैं। क्षायिक और उपशम समकित, एक एक ही भेद ऊपर कहा उसी मुजब है। क्षयोपशम समकित के तीन भेद हैं।

(१) अनंतानुबंधी चार कषाय का क्षय करे और दर्शन-मोहनीय की तीन प्रकृति का उपशम करे।

(२) अनंतानुबंधी की चार और एक मिथ्यात्त्व-मोहनीय, इन पांच का क्षय करे और दो का उपशम करे।

(३) अनंतानुबंधी की चार और एक मिथ्यात्त्व-मोहनीय तथा मिश्र-मोहनीय इन छः का क्षय

करे तथा एक समकित-मोहनीय का उपशम करे।

वेदक समकित में केवल एक समकित-मोहनीय प्रकृति वेदे। उसकी छः प्रकृति का क्षय करे, उपशम करे या क्षयोपशम करे। इसके चार भेद हैं।

(१) अनंतानुबंधी की चार और मिथ्यात्त्व व मिश्र-मोहनीय इन छः का क्षय करे और एक समकित-मोहनीय को वेदे सो क्षायक वेदक।

(२) छः प्रकृति को उपशमावे और एक को वेदे सो उपशम समकित।

(३) चार अनंतानुबंधी को क्षय करे, मिथ्यात्त्व व मिश्र को उपशमावे और समकित-मोहनीय को वेदे सो पहिली क्षयोपशम वेदक।

(४) चार अनंतानुबंधी और मिथ्यात्त्व-मोहनीय की एक, इन पाँचों को क्षय करे, एक मिश्र-मोहनीय को उपशमावे और एक समकित-मोहनीय को वेदे सो दूसरी क्षयोपशम वेदक।

(३७) प्रश्न—चारों प्रकार के समकित में यथार्थ तत्त्व श्रद्धा व आत्मिक सुख में न्यूनाधिकता होती है कि समानता ?

उत्तर—चारों ही समकित में स्थिति की अपेक्षा से भेद हैं, परंतु निश्चय व अनुभव की अपेक्षा से कोई भेद नहीं है। स्थितिबंध कृत भेद होने से सम्यक्त्वों में स्थितियां भिन्न भिन्न हैं। अनुभाग-रसोदय कृत कोई भेद इन में नहीं है। सभी भेदों में आत्मा का निजस्वरूप के अनुभवसुख को देने वाला एक ही सम्यक्त्व गुण है। जैसे निर्मल जल में व कीचड़ जमे हुए जल में पड़ा हुआ रत्न बराबर प्रकाशता है। अंतर मात्र शुद्ध जल में का रत्न सदा प्रकाशता है जब कि जमे हुए कीचड़ के पानी का रत्न संयोगवशात् प्रकाश देता बंध भी हो सकता है, इसी प्रकार क्षायिक समकित शुद्ध जलवत् सादिअनंत (शुरू हुए वहां से सदा के लिये) कायम रहता है।

(३८) प्रश्न—चार प्रकार के बंध में फल देने वाला कौनसा बंध है ?

उत्तर—प्रकृति, स्थिति और प्रदेश तीनों बंध फल देने में व कोई गुणों का घात करने में समर्थ नहीं हैं। केवल

एक अनुभागबंध-रसबंध जो कषाय से ही उत्पन्न होता है, वह फल देने में समर्थ है।

(३९) प्रश्न—समकित प्रगट करने का अंतरंग कारण कर्म प्रकृति की अपेक्षा से सात प्रकृति का अभाव है तो सात प्रकृति जीव को क्या असर करती थीं?

उत्तर—अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया और लोभ अनंतानुबंधी अनंत हैं। अनुबंध कहे तो रस, तीव्रता जिसमें। जो अनंत कर्म वर्गणा का बंध करता है, जो अनंत संसार का कारण है, जो अनंत ज्ञान सुख आदि गुणों का घात करता है उसे अनंतानुबंधी कहते हैं। पर वस्तु को अपनी मान कर उसमें रमण करना व अपने निज स्वरूप को भूलजाना इसका असर है। जैसे बहुत नसे से समझदार मनुष्य भी सार वस्तु को फेंककर असार संग्रह करने लगता है, पीत-ज्वर से उत्तम भोजन भी कडुआ लगता है, पीलिए के रोग से सुफेद मोती की माला भी पीली दीखती है, इसी तरह इसके उदय से आत्मिक सुख के स्थान इंद्रियजन्य सुखों में ममत्त्व भावना होती है। इसी के निमित्त से अनादि काल से अपना जीव संसारभ्रमण कर रहा है। अनंतानुबंधी चौकड़ी अनंतसुखदायी स्वरूपाचरण चारित्र गुण की घात करता है, मिथ्यात्व-

मोहनीय से परवस्तु में ममत्व होता है। विपरीत बुद्धि होकर शरीर भोगादिको अपनी वस्तु मानता है।

मिश्र-मोहनीय कुछ सत्य कुछ असत्य दोनों में ममत्व (अपनायत) पैदा करता है।

समकित-मोहनीय—शुद्ध सत्य (आत्मा) निश्चय में अस्थिरता (शंका, कंखादि) दोष उत्पन्न करता है।

(४०) प्रश्न—समकित उत्पत्ति में चारित्र मोह की अनंतानुबंधी चार प्रकृति का अभाव होने से कौनसा चारित्र गुण प्रगट होता है?

उत्तर—चारित्र का अर्थ रमण करना, विचरना, अनुभव करना है। अनादि से जो परद्रव्य में (विषय, कषाय में) रमण करता था वह अब देश से (कुछ अंश से) निज शुद्ध आत्मस्वरूप में रमण करता है। यह चौथा गुणस्थान से ही शुरू हो जाता है, इसीसे तीन लोक के विषय भोगों के सुख से समदृष्टि के आत्मरमणता का सुख अनंतगुणा बताया है।

(४१) प्रश्न—तीन दर्शन मोहनीय के अभाव से क्या होता है?

उत्तर—विपरीत निश्चय, मिश्रनिश्चय व सत्य में कुछ मलीनतायें, इन तीनों दोषों का नाश होकर यथार्थ शुद्ध निजरूप का निश्चय होता है।

(४२) प्रश्न—समकिती जीव अनुकूल प्रतिकूल संयोगों में अभय, अडिग कैसे रहता है?

उत्तर—समदृष्टि की आत्मा इतनी प्रबल, निर्भय हो-जाती है कि उसे किसी प्रकार का भय नहीं होता। वह इष्ट अनिष्ट सब संयोगों को पुद्गल (जड़) की दशा (हालात-पर्याय) जानकर अपने स्वरूप से नहीं डिगता। वह विचारता है कि मैं इन जड़ पदार्थों (पुद्गलों) से भिन्न हूं, अकेला अनंत ज्ञान, दर्शन आदि गुणस्वरूप हूं, विकाररहित हूं, शुद्ध चैतन्यस्वरूप हूं। ये सब विकार पुद्गल के हैं तथा शरीर, इंद्रिय भोग, परिवार, धन, यश, निंदा, सुख, दुःख के निमित्त सब अनित्य व नाशवान् हैं, मेरे गुण को न बढ़ा सकते हैं, न घटा सकते हैं, मैं खुद ही कायर बनकर हर्ष, शोक, राग, द्वेष करके अपने ज्ञान सुखादि गुणों को मलीन दूषित-विकारी करता हूं। पहिले अज्ञान था जिससे मैं स्वयं अपने आपको दुखी करता था। अब मैंने सच्चा स्वरूप समझ लिया है जिससे समभाव में ही रहूँगा। मरण तक भी शरीर का नाश है, चेतनरत्न तो

सदा उसी रूप में रहता; ऐसे विचार करके सदा अभय रहे।

(४३) प्रश्न—रोग तथा मरणभय उत्पन्न होवे तब समदृष्टि क्या विचार करे ?

उत्तर—यह शरीर जड़ है, अचेतन है, हाड़, मांस, लोहू, मल, मूत्र, कीड़े, नसा जाल से भरपूर है। रोग शरीर को नाश कर सकता है। मरण सर्वथा शरीर छूटने को मानते हैं। रोग व मरण चैतन्य का तो कुछ भी नहीं ले सकते हैं। मुझे वेदना होती, दुःख होता है। मेरे जीवका चारित्र गुण आत्मस्वरूप में रमण करने का था। वह शरीर ममत्व भोग आनंद आदि कुकामों से दूषित होकर शारीरिक वेदना का भोगी बन रहा है। यदि मैं इस समय ज्ञान, वैराग्य व आत्म-भावना से समभाव रखकर दुःख सहन कर लूँगा तो सदा के लिये इस प्रकार की शारीरिक वेदनाएँ व मरण दुःख छूट जायगा। जैसे लेनदार आया, राजी से कर्ज़ चुका दिया, नया झगड़ा व कर्ज़ न किया तो सदा के लिये छुटकारा पाते हैं, इसी प्रकार यह सब दुःख मेरे ही खुद के अज्ञान व विषय सेवन का फल हैं। अब नया बीज नहीं बोऊंगा तो फल कैसे लगेंगे।

दोहा—सुख दुख जाने जीव सब, सुख दुख रूप न जीव
सुख दुख पुद्गल पिंड हैं, जड़ता रूप सदीव ॥१॥

रोग पीड़ता देह को, नहीं जीव को खास ॥
घर जले अग्नि थकी, नहीं घर का आकाश ॥२॥

इत्यादिक सुविचारों से सदा आत्मिक अमृत सुख का पान करे।

(४४) प्रश्न—सब सुख दुःख में समताभाव धर सकें, ऐसी शक्ति कब आती है ?

उत्तर—जीव अजीवादि नव तत्त्वों का द्रव्य, गुण, पर्याय से ज्ञान करके परवस्तु से मैं भिन्न हूं, ऐसी वारंवार अंतर उपयोग पूर्वक भावना करने से भेदज्ञान समकित होता है। उससे सदा परम समतारसका ही पान होता है और रागद्वेष मोह फटकने नहीं पाते।

(४५) प्रश्न—द्रव्य, गुण, पर्याय का ज्ञान करने की शिक्षा कहां दीगई है ?

उत्तर—श्री उत्तराध्ययन सूत्र के मोक्ष मार्ग अध्ययन में प्रथम ज्ञान किस बात का करना, ऐसा बताते हुए पांचवीं गाथा में कहा है कि "यह पांच प्रकार का ज्ञान (मति, श्रुति, अवधि, मन, पर्यय व केवल ज्ञान) द्रव्य गुण और पर्याय को जानने का ही है। इस ज्ञान को सब तीर्थंकर

देवों ने ज्ञान कहा है। जहां यह ज्ञान नहीं वहां सम्यग् ज्ञान नहीं हो सकता, कारण जो वस्तु को बराबर न समझे वह किस प्रकार सत्य स्वरूप जान सके। श्री अनुयोगद्वार सूत्र में फरमाया है कि आचार्य महाराज अपने शिष्यों को सब शास्त्रों का ज्ञान द्रव्य, गुण, पर्याय सहित देवें। चार अनुयोग में द्रव्यानुयोग का अंतर उपयोग सहित ज्ञान को निश्चय ज्ञान कहा है और धर्म कथानुयोग, चरणकरणानुयोग व गणितानुयोग; इन तीन योगों को व्यवहारज्ञान कहा है।

(४६) प्रश्न—द्रव्य किसको कहते हैं।

उत्तर–(१) गुणों के समूह को द्रव्य कहते हैं।

(२) जो गुण पर्याय संयुक्त होवे उसे द्रव्य कहते हैं।

(३) जो गुणों का भाजन हो उसे द्रव्य कहते हैं।

(४) जो उत्पन्न होना, विनाश होना (पर्याय अपेक्षा से) व कायम रहना (द्रव्य अपेक्षा से); तीन गुण धरे उसे द्रव्य कहते हैं। जैसे जीवद्रव्य, अजीवद्रव्य।

(४७) प्रश्न—गुण किसे कहते हैं।

उत्तर-(१) जो हमेशा द्रव्यके पूरे हिस्से व सब हालत में रहे उसे गुण कहते हैं।

(२) जो द्रव्य को बतावे (ओलखावे) उसे गुण कहते हैं। जैसे जीवका गुण, ज्ञान। पुद्‌गल का गुण वर्ण, गंध, रस, स्पर्श

(४८) प्रश्न—पर्याय किसे कहते हैं ?

उत्तर—हालत व अवस्था को पर्याय कहते हैं, जो रूपांतर होवे, पलटती रहे उसे पर्याय कहते हैं।

(४९) प्रश्न—पर्याय के कितने प्रकार हैं ?

उत्तर—दो। शुद्ध पर्याय व अशुद्ध पर्याय।

(५०) प्रश्न—शुद्ध पर्याय किसे कहते हैं ?

उत्तर—(१) जो दूसरे द्रव्य के निमित्त से न हो वह शुद्ध पर्याय (शुद्ध हालत) है।

(२) जो विकार रहित हो सो शुद्ध पर्याय है।

(३) जो सर्वकाल में एक सरीखी परिणमन

करती रहे, शुद्धता का कभी विनाश न होवे सो शुद्ध पर्याय है। जैसे जीवकी शुद्ध पर्याय सिद्ध स्वरूप व केवल ज्ञान, केवल दर्शनादि।

(५१) प्रश्न—अशुद्ध पर्याय किसे कहते हैं ?

उत्तर—(१) जो दूसरे द्रव्य के निमित्त से हो वह अशुद्ध पर्याय है।

(२) जो विकार सहित हो वह अशुद्ध पर्याय है।

(३) जो सर्व काल में एक सरीखी न रहे विनाशिक होवे वह अशुद्ध पर्याय है। जैसे जीवकी अशुद्ध पर्याय, मनुष्य तिर्यंच आदि व मति ज्ञानादि।

(५२) प्रश्न—शुद्ध पर्याय में जीवकी क्या हालत होती है ?

उत्तर—शुद्ध पर्याय में जीवके चारों ही भाव प्राण शुद्ध होते हैं।

(५३) प्रश्न—प्राण के कितने प्रकार हैं ?

उत्तर—दो। एक द्रव्य-प्राण, दूसरा भावप्राण। द्रव्य

प्राण के दश भेद हैं। पांच इंद्रिय, मन, वचन, काया, श्वासो-श्वास और आयुष्य; ये द्रव्यप्राण कर्म के निमित्त से जीव को पैदा होते हैं और भाव प्राण के चार भेद हैं। अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत सुख, अनंत शक्ति, ये चार भाव-प्राण सदा कायम रहते हैं। इन्हीं से जीव तीनों काल में कायम रहता, जीवित रहता है, ऐसा कहा गया है। संसारी जीवों के ये भाव-प्राण राग, द्वेष, मोह से दूषित हो रहे हैं, परंतु इनका सर्वथा नाश कभी भी नहीं होता है। द्रव्यप्राण के नाश को व्यवहार में मृत्यु कहते हैं। समदृष्टि मृत्यु समय व हरेक उपसर्ग में भाव-प्राण से आपको अजर-अमर-अविनाशी मानता हुआ अभय (परमानंदी) रहता है। दूसरे के द्रव्य-प्राणों को पीड़ा करने से वह जीव दुःख पाता है। इसी को हिंसा का पाप कहते हैं। इसके फल में खुद को भी पीड़ा दुःख भोगना पड़ता है। द्रव्यशरीर, मनादि को कष्ट देने से स्व तथा पर का राग, द्वेष, क्लेश, क्रोध, शोकादि होते हैं। इससे ज्ञानादि भावप्राण भी मलीन होते हैं, सो स्व-पर की भाव-हिंसा होती है, इसलिये किसी को दुःख न देना चाहिये।

(५४) प्रश्न—दुःख कैसे पैदा होता है?

उत्तर—भय से दुःख पैदा होता है।

(५५) प्रश्न—भय कैसे होता है?

उत्तर—प्रमाद से भय होता है।

(५६) प्रश्न—प्रमाद किसे कहते हैं

उत्तर—"प्र"=अर्थात् विशेष प्रकार से। "माद" =अर्थात् मूढ़ हो जाना, मूर्छित हो जाना, आत्मस्वरूपको भूलकर इंद्रिय सुख व बाह्य जड़ पदार्थों में ममत्त्व करना, सुख दुःख मानना, वह "प्रमाद" है।

(५७) प्रश्न—प्रमाद के कितने प्रकार हैं ?

उत्तर—पांच प्रकार हैं (१) मद (गर्व) (२) विषय (३) कषाय (क्रोधादि) (४) निद्रा (५) विकथा (स्व पर हित सिवाय की बातें)।

(५८) प्रश्न—प्रमाद को कौन उत्पन्न करता है ?

उत्तर—अज्ञान व मिथ्यात्व (विपरीत समझ अर्थात् अंधता)।

(५९) प्रश्न—दुःखों को नाश करने का क्या उपाय है ?

उत्तर—सम्यग् ज्ञान व सच्ची समझ से (समकितसे) प्रमाद को छोड़ना चाहिये। प्रमाद त्यागनेसे भयका नाश होवेगा और भय का नाश होने से सकल दुःखों का भी

नाश होवेगा और अक्षय सुख (सदा अभय अवस्था) रहेगा।

(६०) प्रश्न—समदृष्टि संसार के काम किस तरह करता है ?

उत्तर—(१) जैसे किसी चोर को कोतवालने काला मुंह करके गधेपर बिठाया। वह मनुष्य यह काम हर्ष से नहीं करता किंतु बिना इच्छा के परवश होने से करता है, उसी प्रकार समदृष्टि जीव कर्मरूप कोतवाल की परतंत्रता से संसार के काम उदासीन (राग द्वेपरहित) भावों से करता है। जैसे धाई माता पुत्र को दूध पावे, रक्षा करे परंतु मनमें उसे अपना निजी पुत्र नहीं मानती, आपको उससे भिन्न भर्ती सेविका मानती है, इसी प्रकार समदृष्टि संसार में विरक्त रहे, आसक्त न हो।

(२) किसी विकट प्रसंग में तपाये हुए लोहे के पतरों की भूमि पर से किसी मनुष्य को खुले पैर दौड़ना पड़े तो वह उसमें आनंद नहीं मानता, वहां विश्राम नहीं

लेता, इसी प्रकार समदृष्टि जीव विषय कषाय रूपी भावअग्नि से तपायमान संसार प्रवृत्ति को करते समय उनमें आनंद न मानता। वहां विश्राम न लेता। शीघ्र उल्लंघकर सुख-स्थान (संयम) में विश्राम लेता है।

(६१) प्रश्न—समदृष्टि को संसार के काम करते हुए भी कर्मों का बंधन क्यों थोड़ा और लूखा होता है?

उत्तर—(१) समदृष्टि हरेक काम करने में हिताहित, लाभालाभ, न्यायान्याय, सत्यासत्य का भी विचार रखता है और अहित, अलाभ, अन्याय और असत्य को छोड़ता है।

(२) संसार के कामों में शरीर, धन, भोग व सब पदार्थों में स्वामीपने की (मेरी मालकी है ऐसी) बुद्धि नहीं रखता परंतु जीव की अशुद्ध दशा में रोग की चेष्टा तुल्य प्रवृत्ति करता हूं, ऐसा मानता है।

(३) अंतररुचि-अभिलाषा पूर्वक भोग सेवन नहीं करता।

(४) प्रत्येक काम में विरक्ति की भावना करता है हरेक

काम करते समय विचारता है, हे चेतन! यह हिंसा, विषय, कषाय तेरे को भयंकर दुःख देवेंगे। तूँ इन्हें छोड, न छूटे तो घटा। तेरा धर्म (स्वभाव) तो हिंसा, विषय, कषाय को सर्वथा छोड़कर ज्ञान, दर्शन, चारित्र में लीन होने का है।

(५) समदृष्टि संसार के काम उदासीन (राग-द्वेष रहित) भावों से करता है, जिससे कर्मों का बंधन बहुत मंद होता है, कारण राग द्वेष के निमित्त से ही रसबंध (अनुभागबंध) होता है।

(६) समझूं संके पापसे, अणसमझूं हरखंत।
वे लूखां वे चाकणां, इण विध कर्म बधंत॥१॥

संसारी प्रवृत्ति करते समय समदृष्टि जीव बड़ा दुःख माने, भय पावे, उसे घटाने का प्रयत्न करे जिससे लूखे कर्म बधते हैं कि जब अज्ञानी जीव संसारी कामों में हर्ष शोक धरके चिकने कर्मबंध करता है।

सुपुरुषार्थ[1], सत्य, अहिंसा, प्रमाणिकता (ईमानदारी), समभाव, गुणानुराग, उदासीनता, क्षमा, निरभिमानता, निष्कपटता व निर्लोभता, इन गुणों का पालन करके व्यापार-काम, घरकाम व शरीर-रक्षा करता है जिससे समदृष्टि जीव को कर्मों का बंधन लूखा (शिथिल) व थोड़ा होता है।

१—उत्तम कामों मे निरन्तर उद्योगी रहना।

शिक्षा—आज अपन लोग समदृष्टि श्रावक व साधु नाम धराते हैं, परंतु ऊपर के गुणों की प्राप्ति अल्प है। ऐसा जानकर यदि ऐसे लोक और परलोक के दुःखों से छूटना होवे तो ऊपर कहे हुए गुण प्रकट करना चाहिये।

(६२) प्रश्न—जीव के चेतनागुण के कितने प्रकार हैं?

उत्तर—दो हैं (१) ज्ञानचेतना (२) अज्ञानचेतना।

(६३) प्रश्न—ज्ञानचेतना किसे कहते हैं?

उत्तर—राग-द्वेष-मोह रहित शुद्ध आत्मज्ञान (आत्मानुभव) को ज्ञान-चेतना कहते हैं।

(६४) प्रश्न—ज्ञानचेतना कब प्रगट होती है?

उत्तर—ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अंतराय इन चार कर्मों का सर्वथा नाश करने से केवलज्ञान प्रगट होता है। उसे प्रतिपूर्ण ज्ञानचेतना कहते हैं।

(६५) प्रश्न—ज्ञानचेतना की शुरुआत कब से होती है?

उत्तर—अनन्तानुबंधी, क्रोध, मान, माया, लोभ और तीन दर्शन-मोहनीय—(मिथ्यात्व-मोहनीय, मिश्रमोहनीय, समकित-मोहनीय)। इन सात प्रकृति के त्याग से समकित गुण (आत्मबोध) प्रगट होता है। तब से दूज के चन्द्रवत् ज्ञानचेतना शुरू होती है। वहां से कुछ अंश से (देश थकी) अतींद्रिय आत्मिक सुख का अनुभव प्रगट होता है।

(६६) प्रश्न—ज्ञानचेतना को प्रगट करने का क्या उपाय है ?

उत्तर—अज्ञान, राग, द्वेष, मोह को घटाकर आत्म-भावना चिन्वन करने से ज्ञानचेतना प्रगट होती है।

(६७) प्रश्न—अज्ञानचेतना किसे कहते हैं ?

उत्तर—जो यथार्थ आत्मस्वरूप को न समझे, शरीर-इंद्रिय व भोगों में ममत्व कर सुख-दुःख व राग-द्वेष के भाव उत्पन्न करे, वह अज्ञानचेतना है।

(६८) प्रश्न—अज्ञानचेतना के कितने प्रकार हैं ?

उत्तर—दो प्रकार हैं। एक कर्मचेतना, दूसरी कर्म-फलचेतना।

(६९) प्रश्न—कर्मचेतना किसे कहते हैं ?

उत्तर—तीव्रमोह के उदय से व वीर्यांतराय के क्षयो-पशम से राग, द्वेष, मोह में प्रवृत्ति होना सो कर्मचेतना है। इसे कर्म-बंध का परिणाम कहते हैं। यह भाव कर्म है अर्थात् इसी से अनन्त द्रव्यकर्म (कर्मदल) आत्मा को चिपकते हैं।

(७०) प्रश्न—राग, द्वेष, मोह के कितने भेद हैं ?

उत्तर—आत्मा के सुख (चारित्र) गुण की घातक तेरह प्रकृति (चार कषाय व नव नोकषाय) हैं। उसमें सात प्रकृति रागकी हैं (१) माया (कपट), (२) लोभ, (३) हास्य, (४) रति, हर्ष, (५) पुरुषवेद (पुरुष

संबंधी विकार स्त्रीवांछादि), (६) स्त्रीवेद—स्त्री-संबंधी विकार (पुरुष वांछादि), (७) नपुंसक वेद (अतिविकार-हस्तदोष, सृष्टिविरुद्ध कर्म), स्त्रीके विषय उत्पादक शब्द, रूप, स्पर्श का निमित्त मिलते या भोगकी बात सुनते ही वीर्य-स्खलन होना व स्त्री पुरुष दोनों के भोगकी वांछा करना इत्यादि नपुंसक वेदके चिह्न हैं)

शिक्षा—आज विकार बढ़गया है, इसीसे नपुंसकत्व के चिह्न ज्यादा दिखाई देते हैं। जो पुरुषत्त्व है वह विरलों में है। पुरुष भी इन दोषों से नपुंसक हो जाता है। इस हालत को देखकर विकारों को जीतना व ब्रह्मचर्य गुण बढ़ाकर तामसी खुराक त्याग, व्यायाम, आसन, सत्संग, उत्तम वाचन, सद्भावना और सुरिवाजों से पीछा पुरुषत्व संपादन करना जरूरी है। दवाइयों के धोखे में कभी नहीं आना, पौष्टिक दवाई क्षणभर ताकत देवेगी, आखिर दुगुना विकार जागकर ज्यादा बुरी हालत होवेगी। कुदरती व कायमी पुरुषार्थ सात्त्विक उपायों से मिलता है।

द्वेषकी छः प्रकृति हैं—(१) क्रोध, (२) मान (गर्व), (३) अरति (दुःखित होना), (४) भय (डर), (५) शोक (चिन्ता), (६) दुगंच्छा (अरुचि, निंदा, अभाव)।

मोह की तीन प्रकृति हैं—मिथ्यात्त्वमोह, मिश्रमोह, समकितमोह।

(७१) प्रश्न—कर्मफलचेतना किसे कहते हैं ?

उत्तर—सुख दुःख का भोगना सो कर्मफलचेतना है। कर्म उदय के परिणाम को कर्मफल चेतना कहते हैं।

(७२) प्रश्न—चेतना के ज्ञान करने का सार क्या ?

उत्तर—कर्मचेतना अर्थात् राग, द्वेष, मोह से सब दुःख होते हैं, कारण संसार (जन्म-जरा-मरण) का बीज राग-द्वेष है और कर्मफल अर्थात् सुख दुःख बुद्धि से राग द्वेष होते हैं. ऐसा जान इन दोनों अज्ञानचेतना का त्याग करना चाहिये और ज्ञानचेतना समभाव प्रगट करने से सत्य अविनाशी सुख इस लोक तथा परलोक में सदा प्राप्त होता है।

(७३) प्रश्न—समदृष्टि की क्या विशेषता है ?

उत्तर—वह निर्मोही रहता है। संसार के किसी पदार्थ में ममत्व. मोह या स्वामीपन (अपनापन) नहीं धरता, केवल उदासीन (राग, द्वेष रहित) प्रवृत्ति करता है। सदा विषयजन्य प्रवृत्ति घटाता है, परवशता से न छूटे तो अंतःकरण से इसका पश्चात्ताप करता है।

(७४) प्रश्न—कर्ता, भोक्ता और ज्ञाता का क्या अर्थ है?

उत्तर—राग, द्वेष, मोह के परिणाम को कर्मचेतना (कर्मबंधक परिणाम) कहते हैं; यही कर्त्तापन है अर्थात् इससे जीव कर्म का कर्ता होता है।

इष्ट अनिष्ट संयोग में सुख दुःख बुद्धि होने को कर्म-फलचेतना (कर्म उदय परिणाम) कहते हैं । यही भोक्तापन है ।

राग, द्वेष, मोह व सुखदुःख बुद्धि रहित उदासीन भाव—समभाव—आत्मानुभव को ज्ञानचेतना कहते हैं। यही ज्ञातापन है ।

कर्त्ता, भोक्ता बनने से बहुत नवीन कर्मबंध होता है । ज्ञातापन से कर्मक्षय होते हैं ।

(७५) प्रश्न—चारित्रमोह के उदय से समदृष्टि को क्या होता है ?

उत्तर—अल्प इष्ट, अनिष्ट बुद्धि होवे, परंतु ममत्त्व-भाव—स्वामीपन नहीं होने से तथा भेदज्ञान होने से तुरत पश्चात्ताप कर विरक्त बन जावे, इससे चिकने कर्मों का बंध समदृष्टि को नहीं हो सकता ।

(७६) प्रश्न—मिथ्यात्त्वमोह व चारित्रमोह का जीव पर क्या असर होता है ?

उत्तर—मिथ्यात्वमोह के निमित्त से जीव शरीर, इंद्रिय भोगादि में मेरेपने की बुद्धि करता है और चारित्र-मोह के उदय से इष्ट अनिष्टबुद्धि (हर्षशोक-रागद्वेष) करता है, दोनों के अभाव से वीतराग बन जाता है ।

(७७) प्रश्न—भेदज्ञान किसे कहते हैं ?

उत्तर—स्यादवाद सहित द्रव्यानुयोग का व्यवहार निश्चय रूप जानकर अपनी निज आत्मा को सकल जीव अजीवादि अन्य द्रव्यों से भिन्न जाने तथा अनुभवे और द्रव्यकर्म (आठ कर्मवर्गणा), भाव कर्म (राग द्वेष, मोह), नोकर्म (शरीरभोगादि) में मैं और मेरापने की बुद्धि थी, उस विपरीत बुद्धि (मिथ्यात्त्व) को छोड़े और अनंत ज्ञान, दर्शन सहित मैं हूँ, ऐसा शुद्ध आत्मस्वरूप संशय-विपरीत, अनध्यवसाय दोपरहित अनुभवे सो भेदज्ञान है। इसको सम्यक्-ज्ञान कहते हैं।

दोहा—भेदज्ञान सो मुक्ति है, जुगति करो किस कोय ॥
वस्तु भेद जाने नहीं, मुगति कहा से होय ॥१॥
भेदज्ञान साबू भयो, समरस निर्मल नीर ॥
धोबी अंतर आतमा, धोवे निजगुण चीर ॥२॥

चौपाई—

भेद-ज्ञान संवर जिन पायो, सो चेतन शिवरूप कहायो ॥
भेद-ज्ञान जिनके घट नाहीं, ते जड़ जीव बँधे जगमाहीं ॥३॥

दोहा—भेद-ज्ञान थी अलगो रहे, तेनी भवस्थिति दूर।
जनम मरण करसे घणां, रहे संसार भरपूर ॥
भेद-ज्ञान अभ्यास से, टले मिथ्यात्त्व दूर।
समकित सहज आवे सही, वरते आनंद पूर ॥

(७८) प्रश्न—स्याद्वाद अर्थात् अनेकांतवाद का क्या अर्थ है ?

उत्तर—स्याद् कहे तो कथंचित्—किसी अपेक्षा से। वाद कहे तो कथन करना। जो वचन किसी अपेक्षा से हो और जिसमें दूसरी अपेक्षाएं भी गौण स्वीकार की जावें, वह स्याद्वाद है।

(७९) प्रश्न—स्याद्वाद अर्थात् अनेकांतवाद का क्या लक्षण है ?

उत्तर—(१) जो व्यवहार और निश्चय दोनों को उचित स्थान पर विधिपूर्वक माने, केवल एक ही पक्ष व्यवहार ही न माने या निश्चय ही न माने।

(२) जो "हां" और "ना" की मर्यादा विधिपूर्वक माने जैसे प्रवृत्ति छोड़ने योग्य है। यह निषेध-मर्यादा है, परन्तु जहां अशुभ प्रवृत्ति होती हो वहां शुभ प्रवृत्ति आदरने योग्य है। आहार, निद्रा छोड़ना चाहिये परन्तु शरीर नहीं चले, असमाधि होती दीखे तो विवेक पूर्वक मर्यादा से आहार, निद्रा आदि का सेवन करे। ऐसे अनेक प्रसंग हैं जहां "हां" और "ना" की मर्यादा जरूरी है। एकांत स्थापना या उत्थापना करने से गम्भीर नुकसान हो जाता है।

(३) जो "ऐसा ही" है यों न माने परन्तु "ऐसा

भी" है माने। जैसे जीव नित्य ही है ऐसा न माने परन्तु जीव नित्य भी द्रव्य की अपेक्षा से है और अनित्य भी मनुष्य तिर्यंच आदि पर्याय (हालत) की अपेक्षा से माने। इस प्रकार प्रत्येक पदार्थ में अनंतधर्म, अनंतगुण, अनंतपर्याय हैं, उन सब को विधिपूर्वक स्वीकार करे। "ही" एकांतवचन है और "भी" अनेकांत है।

(४) जो एकान्त ज्ञान से ही या एकांत क्रिया से ही मोक्ष न माने परन्तु ज्ञान और क्रिया दोनों से मोक्ष होती है, ऐसा माने।

(५) जैसे सूर्य के प्रकाश में सब जाति के प्रकाशित दीपक रत्नादि पदार्थों का तेज समा जाता है, वैसे ही स्याद्वाद में सब नय, अपेक्षा, आशय संगृहीत हो जाते हैं।

(८०) प्रश्न—स्याद्वाद का ज्ञान करने से क्या लाभ होता है?

उत्तर—स्याद्वाद से सत्यस्वरूप प्राप्त होता है। स्याद्वाद से ही मिथ्याज्ञान व मिथ्यादर्शन का नाश होकर सम्यक् ज्ञान व सम्यक् दर्शन प्रकट होता है। सब अपेक्षाओं को बराबर समझने से अर्थात् स्याद्वाद का ज्ञान होने से समभाव प्रकट होता है और राग-द्वेष, मोह, वैर विरोध आदि का नाश होता है। जहां रागद्वेष खींचताण, मतपक्ष है वहां स्याद्वाद अर्थात् अनेकांतवाद (सत्य

स्वरूप) नहीं है, परन्तु एकांतवाद अर्थात मिथ्यात्व है। इसलिये हे चेतन, तू हमेशा अपेक्षावाद (स्याद्वाद) को समझकर राग, द्वेष, वैर, विरोध, कलह को छोड़कर प्रशांत भावी बन।

(८१) प्रश्न—समकित (आत्मबोध) रूपी बीज कैसी भूमि मे फूलता फलता है ?

उत्तर—जिन जीवों की जीवनभूमि (१) हिंसा, (२) झूठ, (३) चोरी, (४) तीव्र विषयवासना, (५) तृष्णा, (६) अतिक्रोध, (७) अहंकार, (८) कपट, (९) लोभ, (१०) कुसंप, (११) परनिंदा, (१२) स्वप्रशंसा, (१३) कदाग्रह और (१४) अविवेक, ये अनीति के दोष रूपी कंकर कांटे, खड्डे दूर करके समभूमि बनी है और जिसमें मैत्री, प्रमोद, करुणा और माध्यस्थ, इन चार शुभ भावनाओं का पानी सिंचन हुआ है, ऐसी भूमि में समकित रूपी बीज फूलता फलता है।

(८२) प्रश्न—मैत्री, प्रमोद, करुणा, माध्यस्थ भावना का क्या स्वरूप है ?

उत्तर—मोक्ष का बीज समकित है और समकित का बीज चार भावना है। मैत्री आदि चार गुण प्रगट होने के बाद समकित गुण प्रगट होता है, इसलिये इन चार भाव-

नाओं को हमेशा शुभ व शुद्ध साधन रूप चिंतवन करना परम आवश्यक है।

जीव हमेशा भावना अर्थात् विचार तो करता ही है, परन्तु अशुभ भावना ज़्यादा रहती है, इसलिये भावना का स्वरूप समझकर शुद्ध भावना का चिंतवन करना चाहिये। इन चार भावना के हरेक के चार चार भेद हैं।

१ मैत्री भावना-(१) मोहमैत्री--स्त्री, पुत्र, धन भोगादि की बाह्य आनन्द की अपेक्षा से प्रीति, (२) शुभमैत्री-उपकारी सज्जन आदि के प्रति प्रीति भक्ति तथा उत्तम काम में ऐक्य, (३) शुद्ध साधन मैत्री—देव, गुरु, धर्म व ज्ञान, दर्शन, चारित्र के प्रति भक्ति व मैत्री, (४) शुभ मैत्री--अनंत ज्ञानादि निज गुणों से मैत्री--एकता का अनुभव। "हे चेतन! तू ही तेरा मित्र है, क्यों अन्य में राग द्वेष धरता है? (श्री आचारांग सूत्र)"

(२) प्रमोद भावना-(१) मोहजन्य हर्ष--स्वपर को भोगोपभोग की प्राप्ति में आनन्द, (२) शुभ हर्ष--दान, पुण्य, सेवाभाव, नैतिक गुण व सुविद्या, स्व-परको प्राप्त होने में हर्ष, (३) शुद्धसाधन हर्ष—सम्यक् ज्ञान, दर्शन, चारित्र का स्व-परको प्राप्ति में आनन्द, (४) शुद्धानन्द--आत्मिक सुख, अविकारी, अतींद्रिय, निर्विकल्प निज-सुख में लीन होना।

(३) करुणा भावना—(१) मोहजन्य करुणा—स्व-परको भोगोपभोग, धन, वैभव, प्रशंसा आदि प्राप्ति न होने से दुखी होना, (२) शुभ करुणा—शारीरिक व मानसिक पीड़ा से दुखी देख कर करुणा भावना, (३) शुद्ध साधन करुणा—अज्ञान, मिथ्यात्व, विराग, कषाय से स्व-परको सदा अनन्त-दुखी होना जान ये दोष त्याग करके सम्यग् ज्ञान दर्शन चारित्र विषयसंयम व समभाव गुण प्रकट करना तथा प्रकट करवाना, (४) शुद्ध करुणा—स्व स्वभाव (आत्मस्वरूप) में लीन रहना । ज्ञानादि निजगुण की मलीनता ही दुःखहेतु जान आत्मगुणों की शुद्धि करना ।

(४) माध्यस्थ भावना—(१) मोहजन्य सम-भाव—लज्जा, भय, लोभ, स्वार्थ या अज्ञानवश शांति धरना, (२) शुभ समभाव—ऐक्य, सहन-शीलता, गुणानुराग, गंभीरता के गुण तथा कलह, कुसंप, वैमनस्य विरोध के नुकसान विचार कर समभाव धरना, (३) शुद्ध साधन समभाव—रागद्वेष करने से भाव हिंसा होती है । मैं शब्द, रूप, गंध रस, स्पर्श, मन, वचन, काया, कषाय, कर्म रहित हूँ । मैं अनंत ज्ञान, दर्शन, सुख, शक्तिस्वरूप हूं । ऐसी भावना विचार कर समभाव धरना । (४) शुद्ध समभाव—परम समरसी भाव ही मेरा निज

गुण है। मैं क्यों विकार पाऊँ? क्यों राग द्वेष लाऊँ? ऐसा विचार करके निज स्वरूप में लीन होवे।

चारों भावना में मोहजन्य पहिला भेद इस लोक तथा परलोक में दुःखदायी है व पाप बंध हेतु है और दूसरा शुभभेद इस लोक तथा परलोक में बाह्य सुखदायी व पुण्य प्राप्ति का कारण है। तीसरा शुद्ध साधन नामक भेद इस लोक तथा परलोक में बाह्य तथा अभ्यंतर दोनों मे सुखदाई व बहुत कर्म क्षय का कारण है। और शुद्ध नामक चौथा भेद इस लोक तथा परलोक में परम सुखदाई व मोक्षप्राप्ति का प्रधान कारण है।

(८३) प्रश्न—समकित (आत्मबोध) गुण सर्वोत्कृष्ट क्यों कहाता है?

उत्तर—जैसे रोगी बहुत काल से दुखी है, जगत् में रोग से मुक्त होने के उपाय हैं, परंतु क्या रोग है, कौनसा उपाय अकसीर है; ऐसे बोध के बिना वह सदा दुखी रहता है, इसी प्रकार यह आत्मा, जड़संगी (पुद्गलसंगी) बन अनादि काल से दुखी होरहा है, इन दुःखों से छूटने का मार्ग बताना ज्ञान का काम है। मार्ग का निश्चय करना समकित गुण का काम है और मार्ग पर चलना चारित्र का काम है। मार्ग बता भी दिया परंतु निश्चय नहीं है तो उस पर बराबर अंततक नहीं चल सकते।

चलना भी शुरू किया परंतु निश्चय किये बिना रास्ते में उलटे मार्ग में जा सकते हैं। इसलिये सुमार्ग निश्चय अर्थात् समकित गुण सर्वोत्कृष्ट है और इसे प्रगट करने का उत्कृष्ट पुरुषार्थ करना चाहिये।

काव्य विभाग

अब सम्यक्त्व-उत्पत्ति का अंतरंग कारण आत्मा का शुद्ध परिणाम है सो कहते हैः—

दोहा—अध अपूर्व अनिवृत्ति त्रिक, करण करे जो कोय।
मिथ्या गंठि विदारि गुण, प्रगटे समकित सोय ॥१॥

अधःकरण (आत्मा के शुद्ध परिणाम), अपूर्व-करण (पूर्व न हुए ऐसे शद्ध-परिणाम शुद्धस्वरूप का अनुभव) और अनिवृत्तिकरण (नहीं पलटे ऐसे शुद्ध परिणाम), इन तीन करण रूप जो कोई परिणाम करे उसकी मिथ्यात्वरूप गांठ छिन्नभिन्न होकर समकित (आत्मानुभव) गुण प्रगट होता है।

२. अब सम्यक्त्व के जो आठ स्वरूप हैं उनके नाम कहते हैं—

दोहा—समकित उत्पति चिह्न गुण, भूषण दोष विनाश।
अतीचार जुत अष्ट विधि, वरणें विवरण तास॥२॥

अर्थ—आठ प्रकार से समकित का विवेचन शास्त्रकारों ने किया है सो आठ द्वार के नाम कहते हैं—

१—समकित, २—उत्पत्ति, ३—चिह्न, ४—गुण, ५—भूषण, ६—दोष, ७—नाश और ८ अतिचार।

३. अब सम्यक्त्व का स्वरूप कहते हैं:—

चौपाई—सत्य प्रतीति अवस्था जाकी।
दिन दिन रीति गहे समता की।
छिन छिन करे सत्य को साको।
समकित नाम कहावे ताको॥३॥

अर्थ—जिसको आत्मा के सत्य स्वरूप की प्रतीति उपजती है और प्रति दिन समता गुण बढ़ता जाता है और प्रतिक्षण सत्य कहे तो शुद्ध सत्यानुभव का प्रकाश रहता है अर्थात् सहानुभूति कायम रहती है, उसे समकित कहते हैं।

४. अब सम्यक्त्व की उत्पत्ति कहते हैं:—

दोहा—कै तो सहज स्वभाव के, उपदेशे गुरु कोय।
चहुंगति सैनी जीव को, सम्यक् दर्शन होय॥४॥

अर्थ—किसी को तो सहज स्वभाव ही से सम्यक्त्व उपजता है और किसी को गुरु उपदेश से सम्यक्त्व उपजता है। ऐसे चारों गति में के मन है जिसको ऐसे (संज्ञी) जीव को सम्यग्दर्शन होता है।

५. अब सम्यक्त्व के चिह्न कहते हैं:—

दोहा—आपा परिचै निज विषै, उपजै नहि संदेह ।
सहज प्रपंच रहित दशा, समकित लक्षण एह ॥ ५ ॥

अर्थ—अपने में आत्म अनुभव करने में संशय (अस्थिरता) नहीं उपजती और स्वाभाविक कपट से रहित (सरल) वैराग्य अवस्था हो, ये समकित के चिह्न हैं ।

६. अब सम्यक्त्व के गुण कहते हैं:—

दोहा—करुणा वत्सल सुजनता, आतमनिंदा पाठ ।
समता भक्ति विरागता, धर्म राग गुण आठ ॥ ६ ॥

अर्थ—करुणा, वात्सल्य, सज्जनता, स्वलघुता, साम्य भाव, भक्ति, उदासीनता और धर्म प्रेम ये सम्यक्त्व के आठ गुण हैं ।

७. अब सम्यक्त्व के पांच भूषण कहते हैं:—

दोहा—चित्त प्रभावना, भावयुत, हेय उपादेय वाणि ।
धीरज हर्ष प्रवीणता, भूषण पंच वखाणि ॥ ७ ॥

अर्थ—ज्ञान की वृद्धि करना, ज्ञानवान होकर हेय और उपादेय उपदेश देना, धीरज धरना, संतोषी रहना और तत्त्व में प्रवीण होना; ये सम्यक्त्व के पांच भूषण हैं ।

आत्मजागृति पुस्तक-माला पुष्प ७

समकित (आत्मबोध) प्रश्नोत्तर

अर्थात्

मोक्ष की कुंजी

भाग २

प्रकाशक—

आत्म-जागृति कार्य्यालय

बगड़ी (मारवाड़)

वाया सोजतरोड

मुद्रक—

वैदिक यन्त्रालय, अजमेर.

कृतज्ञता ज्ञापन

"समकित प्रश्नोत्तर" के इस संग्रह में श्री आचारांग सूत्र, श्री उत्तराध्ययन सूत्र, श्री भगवती सूत्र, श्री ठाणांग सूत्र आदि सूत्रों के अनुवाद व पुरुषार्थसिद्ध उपाय, समयसार, पंचास्तिकाय, ब्रह्मविलास, प्रवचनसार पुस्तकों से सहायता ली गई है। इसके लिए ग्रन्थ रचयिता, अनुवादक और इसके प्रचार में सहायता देने वाले सभी महानुभावों के प्रति हम कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

इसमें कोई अशुद्धि हो उसके लिए क्षमा करें और प्रकाशक को सूचना करने की कृपा करें।

प्रकाशक,

श्री विमलनाथाय नमः

सम्यक्त्व-(समदर्शन) *

[ले०—समकित प्रेमी संशोधक उपाध्यायजी श्री आत्मारामजी महाराज]

आत्मा में अनन्त गुण हैं। उन सब में समकित (आत्म-दर्शन) गुण श्रेष्ठ है, क्योंकि इस गुण के प्रकट होने पर अन्य सभी गुण विशुद्ध होते हैं। इसके प्रकट हुवे विना सब गुण मलीन रहते हैं।

दर्शन—यह जीवन की अनुभव भूमिका है। इस विषय के द्वारा रस लिया जाता है। दर्शन का सामान्य अर्थ आंख से देखना है। यहां पर सामान्य अर्थ नहीं लेना चाहिये। यहां तो इसका अर्थ अनुभव या साक्षात्कार लगाना चाहिये। दर्शन-शास्त्र शाक्षात्कार का शास्त्र है। जितने अंश से अनुभव सत्य का अर्थात् शुद्ध आत्मा का होता है उतने अंश से दर्शन शुद्ध हो सक्ता है। शास्त्र में—"परमथ्थ संथवोवा"—परम अर्थात् प्रधान, अर्थ अर्थात् तत्व। प्रधान तत्व जो आत्मा है उसका संस्तव-अनुभव करना समकित का चिह्न बताया है।

दर्शन का फल त्याग है। जैसे गेहूं में कंकर देखकर

---

* पं० सुखलालजी का दर्शन संबन्धी लेख त्यागभूमि में का व श्रीमद् रायचन्दजी के पारमार्थिक वचनामृतों में से कुछ विभाग लिया है इसलिये उक्त दोनों महानुभावों के ऋणी हैं।

शीघ्र निकाल देते हैं, मकान में विषैला प्राणी पाकर उसे शीघ्र दूर करते हैं वैसे ही जहां सत्य दर्शन (समकित) प्रकट होता है वहां सब दोष दूर करने की तीव्र रुचि होती है और यहां जीव थोड़े ही समय में पूर्ण शुद्ध (सिद्ध) होजाता है।

ज्ञानपूर्वक शान्त-रस की प्राप्ति दर्शन-शुद्धि से होती है। जो मनुष्य बंधन को यथार्थ-रूप में जानता है और उसे दूर करना ही स्वतन्त्रता (सुख) का मूल है ऐसी मान्यता रखता है तथा पुरुषार्थ के द्वारा बंधन से मुक्त होता है वह सुखी होता है। इसी प्रकार जो व्यक्ति शरीरादि स्थूल बंधन और काम, क्रोध, लोभ, मोहादि सूक्ष्म बंधन से बंधी हुई आत्मा का निश्चय नय (सत्य-स्वरूप विचार) सब बंधनों से भिन्न, ज्ञान-स्वरूप जानता है, अनुभव करता है, निश्चय करता है और मोक्ष मार्ग का आचरण करता है वही मुक्त हो सकता है। यानी मोक्ष प्राप्ति के लिए ज्ञान, दर्शन, चारित्र सभी परम आवश्यक है।

"श्रद्धा परम दुल्लहा"—श्रद्धा (सत्य-निश्चय-समकित) परम दुर्लभ है, ऐसा जो शास्त्र वचन है वह सत्य है। कारण यह है कि अनादि काल से इस जीव को विषय (भोग), कषाय (क्रोधादि) से गाढ़ परिचय होने से यह अपने निज गुणों को भूल गया है। जैसे कोई राजपुत्र बचपन ही से भीलों के पुत्रों में रहने से अपने आपको भीलपुत्र समझता है और जब कोई सत्पुरुष उसे अपना आपा सुझाता है तब अपने राज्यकार्य को सम्पादन करने के लिए तत्पर होजाता है, ठीक यही हालत जीव की है। और इस जीव ने कभी धर्म पालन किया भी हो तो भी आत्म-धर्म की आराधना न होने

से तत्व-रुचि बहुत कम होती है। विशेषतः इस समय समकित के आराधक जीवों का जन्म प्रायः न्यून है, इसलिये आजकल यथार्थ तत्व के प्रति जीवों की रुचि ही मंद हो रही है।

अपितु—इस काल में समकित धर्म का आराधन हो सकता है परंतु यह उदय-भाव नहीं है कि जिससे आपसे आप प्रेरणा हो। भोगादि क्रिया उदय कर्म से होती है। बालक जन्म से ही दूध पीने लग जाता है, नवयुवक विना शिक्षा दिये भी विषयों के प्रति उत्तेजित होता है। ये क्रियाएँ उदय-जनित पूर्व-संस्कार से होती हैं। आत्म-ज्ञान, तत्व-ज्ञान, समकित-धर्म क्षयोपशम जनित गुण है। जो पुरुषार्थ करे, सद्-गुरु उपदेश या सत्शास्त्र वाञ्चन का रहस्य समझे उसे ही परम सत्य प्राप्त हो सक्ता है। आज अनेक जीव असद्गुरु आदि में सत्यपने की बुद्धि करके वहीं रुक जाते हैं। इसका कारण सद्विवेक बुद्धि का कम होना है। कई वार सत्समागम होता है तो वल वीर्य आदि की इतनी शिथिलता होती है कि चिन्तामणि रत्न के सन्मुख आने पर भी उसे नहीं लेसकते। कई जीव शुष्क ज्ञान प्रधान है तो कई जीव शुष्क क्रिया प्रधान। जहां ज्ञान और क्रिया दोनों का योग होता है वहीं सत्य की प्राप्ति होती है।

शुष्क-ज्ञान—शास्त्र में ज्ञान और क्रिया—विचार और आचार—से सुख की प्राप्ति बताई गई है। जिस स्थान में केवल क्रिया का मोह होता है वहां ज्ञान प्रकट करने की शिक्षा देने का कहा गया है क्योंकि ज्ञान प्राप्त नहीं करोगे तो सब क्रिया व्यर्थ जावेगी। इन शब्दों को ग्रहण करके शुष्क-ज्ञानी जीव क्रियारहित होकर अपने आपको चारित्रहीन कर देते

हैं। वे ज्ञानी नहीं किन्तु अज्ञानी ही हैं। ज्ञान का फल ही चारित्र है। जहां शुद्ध ज्ञान है वहां शुद्ध चारित्र अवश्य होता है।

शुष्क-क्रिया—कई जीव क्रिया तो करते हैं परंतु तत्वबोध में पिछड़े हुए रहते हैं। वे शास्त्र में शुष्क ज्ञान को सुधारने के लिये दी हुई शिक्षा 'बिना क्रिया के ज्ञान, चंदन के भार को उठाने वाले गधे के समान है' इत्यादि वचन पढ़कर अपने आपको ज्ञानवृद्धि में आलसी कर देते हैं। वे भी सत्य को नहीं पहुंच सके। उत्तम जीवों को ज्ञान और क्रिया दोनो गुणों का धारण करके परम सत्य-शुद्ध आत्मस्वरूप प्रकट करना चाहिये।

जो जीव शुष्क क्रिया प्रधानपने में मोक्ष मार्ग की कल्पना करते हैं उन जीवों को तथा रूप के उपदेश का पोषण भी रहता है। ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप, ये चार प्रकार के मोक्षमार्ग कहे गये हैं तथापि पहिले के दो पद (ज्ञान और दर्शन) तो उन्हें प्रायः विस्मरण से होते हैं। चारित्र शब्द का अर्थ वे वेष और बाह्य वृत्तिमात्र ही को समझते हैं। 'तप' का अर्थ केवल उपवासादि व्रत को करना, वह बाह्य संज्ञा से समझने तुल्य होता है। और कभी ज्ञान, दर्शन का कुछ कथन करना पड़े तो स्थूल विषय के विवेचन को ज्ञान, उसकी प्रतीति को दर्शन और कहनेवाले के वचन की प्रतीति में समकित समझते हैं। लकीर के फ़कीर बननेवाले नय, प्रमाण, तर्क, न्याय, तुलना और विवेक बुद्धि से आशय को नहीं समझने के कारण शुष्क क्रियावान् जीव हैं। जो जीव शुष्क अध्यात्मी अर्थात् शुष्क ज्ञानी हैं वे बाह्य क्रिया (पांच समिति आदि) और शुद्ध व्यवहार (ध्यानादि) के उठाने (उत्थापन) में मोक्ष मार्ग समझते हैं। वे जीव शास्त्रों के वचन को पूरा

नहीं समझते हैं और हृदय में विपरीत अर्थ जमा लेते हैं। शास्त्र में क्रिया का निषेध उच्च गुण-स्थान-वर्ती जीवों के लिये कहा गया है। (अर्थात् वे स्वाभाविकता से ही पूर्ण क्रियावान् होजाते हैं, अतः उनको कल्पातीत कहा गया है) वह प्रमाद दशा के लिए नहीं है। वह है अप्रमत्त दशा के लिए, जब क्रिया की ज़रूरत ही नहीं रहती। इन भावों को यदि प्रमाद दशा में पालन किया जावे तो क्रिया-राहित की क्या दशा हो? पक्के तैराके को अवलंबन (सहारे) की ज़रूरत नहीं है परंतु अल्प अनुभव वाला यदि समुद्र में कूदे तो विना साधन के प्राण नाश करता है। इसी प्रकार प्रमाद दशा में आत्मरक्षा के लिए जो अवलंवन वताए गए हैं उन्हें स्वीकार नहीं करने वाला पतित होजाता है।

व्यवहार के तीन भेद हैं। एक शुद्ध व्यवहार, दूसरा शुभ व्यवहार और तीसरा साधन व्यवहार।

जो व्यवहार शुद्धता की पूर्णता को प्रकट करता है वह श्रेष्ठ है। उसे शुद्ध व्यवहार कहते हैं। वह आदर करने योग्य है। इसका अवश्य आदर करना चाहिये, यह निश्चय रत्नत्रय है।

दूसरा शुभ व्यवहार वह है जो यथार्थ वस्तु स्वरूप के बोध और निश्चय से रहित है वहांतक पुण्य प्राप्ति का कारण है। जव शुभ में उच्च भावना प्रकट होती है तव वह शुद्ध का साधक होजाता है, यह व्यवहार रत्नत्रय है।

तीसरा व्यवहार साधन व्यवहार है। जैसे-भेष, उपकरण, वाह्य समाचारी आदि जिस देश काल में जो हितकर हो उसका उपदेश प्रधान आचार्यादि देते हैं। यही साधन व्यवहार है। यह व्यवहार जहांतक इष्ट की सिद्धिशुद्ध और शुभ

की भावना करें, वहाँ तक हितकारी है। देश काल के पलटने पर तीसरा साधन व्यवहार पलटना पड़ता है। बालजीव साधन व्यवहार में सर्वस्व की बुद्धि कर बैठते हैं। धर्मक्रिया की विधि एक ध्येय होने से सदा एकसी रहती है किन्तु वेश उपकरण आदि सदा एक से नहीं होते। अपितु, उद्देश्य-साध्य नहीं पलटता परंतु साधन पलटते रहते हैं। जैसे पहिले और अन्तिम भगवान् के काल में मुनि लोग सफेद वस्त्र ही काम में ले सके हैं जब कि अन्य बा(ईस) भगवान् के समय में किसी भी रंग की मनाई नहीं। इस बात से यह सिद्ध होता है कि राग, द्वेष, विषय, कषाय पर विजय करना (साध्य) सब प्रभुओं के काल में समान है परन्तु बाह्य साधन पलटते रहते हैं।

भिन्न २ सम्प्रदायों के आचार्यों ने उपकार बुद्धि से ऐसी कुछ नवीनताएँ की हैं। वनंद्ध परस्पर शिष्य उन साधनों में सर्वस्व की बुद्धि करके कदाग्रह करते हैं तथा समकित और मिथ्यात्व की कल्पना इन्हीं साधनों से करते हैं। यह भ्रान की बातें हैं। शास्त्रकारों ने साधन में ममत्व न करने की व शुभ में ही शुद्ध की बुद्धि न करने की शिक्षा देते हुये इन दोषों को छुड़ाने को और शुद्ध व्यवहार काम में लाने के लिये फरमाया है कि मेरु पर्वत के तुल्य धर्मोपकरण व्यवहार में आये तो भी कुछ नहीं हुआ। इस वचन को ग्रहण करके शुष्क-ज्ञानी क्रिया का उच्छेद करते हैं। यह उचित नहीं है। इसी प्रकार क्रिया में रुचि रखनेवालों का ऐसे साधनों में आग्रह और कलह करना अनुचित है। दोनों ही दृष्टि वाले वस्तु स्वरूप को बराबर समझकर यथार्थ विचार (ज्ञान) और आचार (क्रिया) वाले बनें तो सत्य (समकित) प्रकट हो सकता है।

(वर्तलिखितम्)

समकित (आत्मबोध) प्रश्नोत्तर
अर्थात्
मोक्ष की कुञ्जी

भाग २

विषयानुक्रम

विषयों के नाम प्रश्न—पृष्ठ

विषयों के नाम प्रश्न—पृष्ठ

विषयों के नाम | प्रश्न—पृष्ठ

संग्रहकर्त्ता के दो बोल

श्री समकित (आत्मबोध) प्रश्नोत्तर अर्थात् मोक्ष की कुंजी भाग पहिला तय्यार करने में प्रधान सहाय्य 'श्री पुरुषार्थ सिद्धयुपाय' ज्ञानार्णव और समयसार छन्द की लीगई है। और भाग दूसरा तय्यार करने में 'श्री आचारांग सूत्र' 'दर्शन पाहुड़', 'समयसार छन्द' 'ब्रह्मविलास' व 'प्रकीर्ण लेख' आदि की प्रधान सहाय्य ली है। और गौण सहाय्य तो अनेक शास्त्र व ग्रन्थों की है। मैं उन सब के मूलकर्ता, अर्थकर्ता, व प्रकाशकों का पूर्ण आभारी हूं। और इन छोटीसी पुस्तकों में जो कोई उत्तमता हो वह सुयश इन्हीं उपकारकों को देता हूं। अपूर्णता संग्रहकर्ता की अल्पज्ञता का कारण है। उसके लिये पश्चात्ताप व मिथ्या दुष्कृत लेता हूं। और पूर्णता प्रकट होने की भावना करता हूं।

यह पुस्तक जैन व जैनेतर सब को उपयोगी होवेगी ऐसी पूर्ण आशा है। कारण इस में केवल सत्य के प्रति दृष्टि रक्खी गई है। पक्षपात छोड़कर माध्यस्थ दृष्टि से मन्द प्रयत्न किया है। तथापि सदोषता हो वह प्रकाशक को सूचित करें। संग्रहकर्ता की मातृभाषा गुजराती है इसलिये भाषा की त्रुटि के प्रति दृष्टि नहीं देते, कृपया भावों प्रति दृष्टि देने की नम्र प्रार्थना है।

सर्व सज्जनों को यह पुस्तक हमेशां स्वाध्याय में (नित्य-नियम में, प्रार्थना में) रखने योग्य है। ऐसा इसको पढ़कर आत्मार्थी महात्माओं ने फरमाया है, विषयानुक्रमणिका ही सारी पुस्तक का साररूप है उसे हमेशा अवश्य वांचन मनन करें।

संग्रहकर्ता—

समकित प्रेमी,

निवेदन

जहां सूर्य है वहां प्रकाश है, जहां साहित्य है वहां अज्ञानान्धकार का नाश है। आज संसार में जो काम हवाई-जहाजें, मशीनगनें, कलें और कारखाने नहीं करते वह छापेखाने में छपे हुए कागज़ के टुकड़े कर सकते हैं। सब चीज़ों का सदुपयोग और दुरुपयोग है। यह नियम साहित्य पर भी लागू है। अगर साहित्य सात्विक है तो लोगों के विचारों में आदर्श परिवर्तन ला सकता है। अगर विकारी है तो जनता को पतन के गहरे खड्डे में गिरा सकता है। कार्यालय ने भी निश्चय किया है कि देश में सात्विक साहित्य का खूब प्रचार हो और लोकोपयोगी एवं तात्विक साहित्य कम क़ीमत में जनता के हाथ में पहुंचे। निश्चय ही नहीं किया है, कार्यारम्भ भी कर दिया है। देखिये कार्यालय की प्रकाशित पुस्तकें:—

(१) समकित प्रश्नोत्तर भाग १—२ पृष्टसंख्या लगभग १५० मूल्य ।)

अलग अलग भाग मूल्य दो दो आना।

(२) आत्मजागृति भावना पृष्ठ लगभग १०० मूल्य =)
(३) समकितस्वरूप भावना ,, ,, ४० ,, -)
(४) विद्यार्थी व युवक की भावना ,, ४० ,, -)
(५) बालगीत ,, १६ ,,)॥
(६) भाव अनुपूर्वी ,, ३२ ,, -)

आत्मबोध, काव्यविलास प्रेस में हैं, शीघ्र ही प्रकाशित होंगे।

आशा है भावुक सज्जन इन पुस्तकों को क्रय करके तथा इनकी प्रभावना करके लाभ उठावेंगे।

वीतरागाय नम.

समकित (आत्म-बोध) प्रश्नोत्तर

अर्थात्

मोक्ष की कुंजी

भाग २

दोहा

परम निरञ्जन परम गुरु, परम पुरुष परधान ।
वन्दूँ परम समाधिगत, भयभंजन भगवान ॥
जिनवाणी परमाण कर, सुगुरु सीख मन आन ।
कछु सम्यक्त्व स्वरूप को, निर्णय कहौं बखान ॥
मोक्षमार्गस्य नेतारं, भेत्तारं कर्मभूभृताम् ।
ज्ञातारं विश्वतत्त्वानां, वंदे तद्गुणलब्धये ॥१॥

अर्थ—मोक्षमार्ग के बताने वाले, कर्म-दल रूपी पहाड़ों शुद्ध ध्यान रूपी वज्र से चूर्ण करने वाले, जगत् के सकल

तत्वों को यथार्थ पूर्णरूप से जानने वाले महापुरुष को वैसे ही गुण प्रकट करने के लिये वंदन करता हूँ ।

पूर्व के प्रथम भाग में समकित (आत्म-बोध) सम्बन्धी ८३ प्रश्नोत्तर का संग्रह किया गया है । बाक़ी प्रश्नों का इस दूसरे भाग में संग्रह कर रहे हैं ।

(८४) प्रश्न—भगवान ने पहिले क्या उपदेश दिया कि जिस वाणी से चार तीर्थ की स्थापना हुई ? ऐसा एक गुण कौनसा प्रकट करना कि संसार-भ्रमण मिट जावे ?

उत्तर—आत्म-पदार्थ-विचार । मैं कौन हूँ ? मेरा शुद्ध स्वरूप क्या है ? मैं कहां से आया हूँ ? कहां जाऊंगा ? ये सब वस्तु और लोग दीखते हैं सो कौन हैं ? मेरा क्या कर्तव्य है ? और मैं क्या कर रहा हूँ, इत्यादि स्वभाव विभाव आदि का विचार करना पहिला उपदेश है । इसी विचार से मनुष्य आत्म-वादी, लोकवादी, कर्मवादी और क्रियावादी होता है । ऐसे पुरुषों को चार तीर्थों में प्रवेश की छाप—पात्रता—मिलती है ।

इस प्रकार के विचार से हीन आत्मा का कोई

अभ्युदय नहीं हो सकता । वह अपने जीवन को प्रगतिवान नहीं बना सकता । ऐसा मुनि या मनुष्य मनुष्य-स्वरूप होकर भी पशु ही की कोटि में गिना जाता है । पशु के जीवन में और ऐसे सम्यक्-ज्ञान-हीन मनुष्य के जीवन में कोई अन्तर नहीं होता; ऐसा आचार्य महाराज ने कहा है ।

(८५) प्रश्न—आत्मा का उद्धार कौनसा पुरुष कर सकता है ?

उत्तर—जो शुद्ध श्रद्धान समकित की खोज करने वाला है या आत्मा के शुद्ध स्वरूप का जिज्ञासु है, अपने आंतरिक गमनागमन भावों का विचार करता है, आत्मा के यथार्थ स्वरूप को समझने के लिए भगीरथ प्रयत्न करता है वही अपना उद्धार कर सकता है, यह बात निःसन्देह सच्ची जानो । ऐसे ही विचारवान् मनुष्य को सत्य मोक्षमार्ग मिल सकता है और उसके द्वारा वह इच्छित स्थान को प्राप्त कर सकता है । वह जन्म-मरण के बंधन से मुक्त होकर सिद्ध, बुद्ध बन सकता है । निर्ग्रन्थ तीर्थंकर ऐसे आत्मिक विचार करने वाले पुरुष को ही आत्मवादी-आत्मज्ञ कहते हैं ।

(८६) प्रश्न—चार-वाद का क्रम किस अपेक्षा से नियत किया गया है ?

उत्तर—प्रथम आत्मवादी है। कारण आत्मा ही सबसे श्रेष्ठ तत्व है और वह स्वयं होने से उसका जानना परम आवश्यक है। यदि आत्मा हो तो अन्य तीनों वाद की सफलता है। यदि आत्मा ही नहीं है तो अन्य पदार्थ निष्फल होते हैं। आत्मा को मानने वाला आस्तिक है। जो जीव को ही नहीं मानते उन्हें नास्तिक कहते हैं। वे पुण्य, पाप, क्रिया, कर्म कुछ नहीं मानते हैं। मूल मानने पर शाखा, डाली, पत्ते, फूल, फल सब माने जा सकते हैं। इसलिए पहिले आत्मा को जानना जरूरी है।

दूसरा लोकवाद है, कारण निर्ग्रंथ मत से जो आत्मा (आत्मवादी) अपने स्वरूप को जान सकते हैं वेही लोकवादी अर्थात् जगत् के सत्य स्वरूप को जानने वाले होते हैं क्योंकि जो अपने आन्तरिक स्वरूप को नहीं जान सकता वह बाह्य स्वरूप को भी यथार्थ नहीं जान सकता। यह अन्तर बाह्य ज्ञान परस्पर सापेक्ष है। जिसने आत्मा को जान लिया उसने सब को जानलिया।

" जे एगं जाणई। ते सव्वं जाणई। "

इस प्रकार सम्यक् ज्ञानवान् ही लोकवादी होता है। वही कर्मवादी होता है अर्थात् कर्मों का—जगत् के कारण कार्य-भाव का ज्ञाता हो सकता है। इसी तरह कर्म-वादी बन कर फिर क्रिया-वादी अर्थात् सम्यक् और असम्यक् प्रवृत्ति (कर्तव्याकर्तव्य) का स्वरूप और रहस्य समझने वाला बन सकता है। क्रिया-वादी आत्मा आत्महित प्रवृत्ति का आचरण कर अंत में कर्म से मुक्त होकर अमरत्व प्राप्त कर सकता है। प्रभु महावीर उपदिष्ट मोक्षमार्ग का यही यथार्थ क्रम है।

(८७) प्रश्न—श्री आचारंग सूत्र का पहिला अध्ययन "शस्त्रपरिज्ञा" नाम का है। और उसका पहिला उद्देश "आत्मतत्त्व विचार" नाम का है। उसमें कहा गया है कि "मैं कौन हूं? कहां से आया? मेरा क्या स्वरूप है?" जो इनको समझे उसे आत्मवादी, लोकवादी, कर्मवादी, क्रियावादी कहते हैं और चारवाद के ज्ञाता ही समकित प्राप्त कर सकते हैं। तो चारवाद का क्या स्वरूप है?

उत्तर—चारवाद का स्वरूप, १ आत्मवाद। वाद यानि स्वरूप-कथन करना। आत्मा के यथार्थ स्वरूप के कथन करने को वाद कहते हैं। द्रव्य, गुण, पर्याय,

व्यवहार, निश्चय, नय, प्रमाण द्वारा आत्मा के सामान्य और विशेष धर्मों का यथार्थ स्वरूप जानकर आत्मा के निश्चय करने वाले को आत्मवादी कहते हैं।

२ लोकवादी—द्रव्यलोक, षट्द्रव्य, क्षेत्रलोक, चौदराजु-लोक, काल, लोक, अगुरु लघु पर्याय जो हर समय कम ज्यादा होवे; भावलोक, गुणपर्याय, अपनी आत्मा के गुण; अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत अतीन्द्रिय निराकुल आत्मिक सुख और अनंत आत्मवीर्य है। इन गुणों का शुद्ध परिणमन शुद्ध पर्याय है और इन गुणों को मलीन कर के परिणमन होना अशुद्ध पर्याय है, जैसे—मिथ्याज्ञान, मिथ्यादर्शन, इन्द्रियजन्य सुख दुःख, बालवीर्य (कुपुरुषार्थ)। अशुद्धपर्याय अशुद्ध लोक है। शुद्धपर्याय शुद्ध लोक है।

दोहा—यह जग वासी यह जगत, या में तोहिन काज।
तेरे घट में जो वसे, ता में तेरो राज॥

३ कर्मवाद। कर्म का स्वरूप–द्रव्य कर्म, भाव कर्म, नो कर्म के स्वरूप को जानना। द्रव्यकर्म-आठ कर्मों का समूह जो आत्म प्रदेश को चिपका हुआ है। भावकर्म-वह जिसके द्वारा आठ कर्मों की वर्गणाएँ बँधती हैं सो राग द्वेष मोह के परिणाम हैं।

नौ कर्म—कर्म के फल, शरीर, इन्द्रियें, इन्द्रियों के भोग, खान पान, वस्त्र, पात्र, उपाधि, धन, वैभव, स्त्री, पुत्र, परिवार (चेला, चेली, भक्त लोग) निंदा, स्तुति, दुःख और सुख के संयोगमात्र नौ कर्म हैं।

जो कर्म का स्वरूप पूरा समझ कर कर्मों से मुक्त होना ही अपना शुद्ध धर्म माने वह कर्मवादी है।

४ क्रियावादी—कर्मों का बंधन अशुद्ध क्रिया से होता है और कर्मों की मुक्ति—कर्मों का क्षय—शुद्ध क्रिया से; ऐसा क्रिया का विस्तार-पूर्वक ज्ञान बराबर करना। क्रिया अर्थात् पुरुषार्थ—वीर्य। जहां तक कुपुरुषार्थ है आत्म-धर्म छोड़ कर परद्रव्य में शुभ या अशुभ पुरुषार्थ करने से शुभ और अशुभ बंधन होते हैं जिन्हें पुण्यप्रकृति तथा पापप्रकृति कहते हैं। परद्रव्य का त्याग कर स्वद्रव्य में स्थिर होना सुपुरुषार्थ। पंडितवीर्य (उत्तम पुरुषार्थ) शुद्ध क्रिया है। वह निर्जरा का प्रधान कारण है। क्रिया-कर्मबंधन २७ प्रकार से होता है॥ वर्तमान, भूत और भविष्य काल की अपेक्षा से मन, वचन, काया से करना, कराना, अनुमोदन करना, इस प्रकार क्रिया के स्वरूप का ज्ञाता होता है।

जो आत्मा के स्वरूप को यथार्थ जानता है वह लोक

के भी स्वरूप को जान सकता है अन्यथा स्वलोक परलोक के ज्ञान के अभाव से परलोक में स्वपना मान बैठता है, इसलिये आत्मस्वरूप का ज्ञाता ही परलोक का ज्ञाता कहा गया है। छः काया के लोक को भी षट्काय लोक कहते हैं। क्रोध, मान, माया, लोभ चार कषाय से चतुर्गति में परिभ्रमण करना पड़ता है। इसलिये इसे भी कषाय लोक कहते हैं। इसलिये परलोक (कषायादि) छोड़ना चाहिये। जो लोक के स्वरूप का ज्ञाता है वही ऐसा समझता है कि आत्मलोक में भटकता है उसका मूल कारण कर्म है। ऐसा जान कर कर्मवादी बन सकता है। और कर्मों का बंधन अशुद्ध क्रिया से होता है। यह बोध कर्मवादी को ही होता है। इसलिये कर्मवादी ही क्रियावादी हो सकता है, ऐसा कहा गया है। कर्म का बंधन-मोक्ष का आधार क्रिया पर है। इसलिये अंत में क्रिया-वाद लिया गया है।

"जो एगं जाणई, सो सव्वं जाणई।
जो सव्वं जाणई, सो एगं जाणई" ॥

जो एक आत्मस्वरूप को जानता है वह सब को जानता है और जो सबको यथार्थ जानता है, निज आत्म-द्रव्य से सकल परद्रव्यों को भिन्न जानता है वही आत्म

स्वरूप को जानता है, इसलिये आत्म-स्वरूप का ज्ञान करना परम आवश्यक है और श्री आचारांग में आदि-वचन में आत्म-पदार्थ विचार, आत्मस्वरूप का कथन इसी लिये फरमाया गया है।

महावीर परमात्मा ने बारह अंग—द्वादशांगी की प्ररूपणा की है। उसमें पहिला श्री आचारांग है। उसमें आदि वचन 'आत्मस्वरूप को पहिचानो' ऐसा उपदेश दिया गया है, इसी से सिद्ध होता है कि द्वादशांगी का सार 'एक आत्म-स्वरूप' का यथार्थ बोध है। सब ज्ञान आत्मा की मोक्ष के लिये है। मोक्ष आत्मा की सत्य स्थिति जानने से हो सकती है। यदि आत्मा को न जाने तो मोक्ष किसकी करे? इसलिये यह बात पूर्वाचार्य महाराज स्पष्ट फरमाते हैं कि द्वादशांगी का ज्ञान दीपक है। उसके ज्ञान द्वारा आत्मस्वरूप रूपी रत्न का शोधन करना है। आत्मरत्न प्राप्त होने पर सब ज्ञान कृतार्थ होता है।

द्वादशांगी श्रुति सिंधु, मथन करि रतन निकास्यौं।
स्वपर-भेद विज्ञान, शुद्ध चारित्र प्रकास्यौं॥

जिनवाणी महिमा सवैया २३ सा।

राग विरोध कुदेव प्रतीति
विनाश सदा सब लोक प्रवानी,

अर्थ अनेक अभिधेय है एक
चहुं गति, वारण मोख निशानी,
आतम रूप अनूप की प्रापति
कारण रूप जिनेश बखानी,
यातैं नमैं औ बखान करैं मुनि,
सो समयातम थी जिन-वानी ।

भावार्थ—राग, द्वेष और कुदेव, कुगुरु, कुधर्म में प्रतीति रूप दर्शन-मोह का सर्वथा विनाश करने वाली जिनवाणी है। इसका विस्तार बहुत है। इसमें अनेक विषय का स्वरूप है परन्तु कहने की मुख्य बात एक है। वह आत्म-स्वरूप जो अनुपम है उसकी प्राप्ति करना ही है। यह जिनवाणी चार गति के भ्रमण को रोक कर मोक्ष को प्राप्त कराने वाली है। आत्मस्वरूप की प्राप्ति का कारण (साधन) जिनवाणी है। जैसे दीपक साधन और मणि रत्न शोधना वह साध्य-लक्ष्य है। इसी प्रकार सकल शास्त्र साधन है और आत्म स्वरूप साध्य है इसलिये मुनि (आत्म कल्याणेच्छु) इस जिनवाणी को नमस्कार करते हैं। ऐसी स्वपर समय को कथन करने वाली जिनवाणी है।

चारवाद का ज्ञान सीखने की शिक्षा देते हुए आचार्य महाराज समकित छप्पनी में इस प्रकार फरमाते हैं।

दोहा—आत्म लोग, कर्म क्रिया, शुद्ध वाद के चार ।
चिंतवता समकित लहे, जीव जगत संभार ॥

यह आत्मज्ञान कितने ग्रंथ व शास्त्रों का सार है सो कहते हैं ।

सोरठा—लाख वात की बात, कोटि ग्रन्थ को सार है ।
जो सुख चाहो भ्रात, तो आतम अनुभव करो ॥

(८८) प्रश्न—जिनेश्वर भगवान ने समकित किस को कहा है ?

उत्तर—अंतर उपयोग पूर्वक "भावेणं सद्दहंतस्स सम्मत्तं तं वियाहीयम् ।" (उत्तराध्ययन २८मां मोक्षमार्ग) भावपूर्वक, भावसहित-द्रव्यभाव पूर्ण सभी अपेक्षा से नवतत्व का ज्ञान करना और श्रद्धा करना सम्यक्त्व है, ऐसा सर्वज्ञ प्रभु ने फरमाया है । आत्मा का अनुभव—स्वानुभूति ही सम्यक्त्व है ।

दोहा—जे दर्शन[1] दर्शन[2] विना, ते दर्शन[3] निरपेक्ष ।
जे दर्शन[4] दर्शन हुए ते दर्शन[5] सापेक्ष ॥

भावार्थ—जिस समकित[1] में आत्मदर्शन[2]—आत्मा का

अनुभव नहीं हुआ है वह मोक्ष की अपेक्षा रहित है अर्थात् मोक्ष प्राप्ति का कारण नहीं है, द्रव्य समकित या व्यवहार समकित है और जिस समकित में आत्मदर्शन-आत्मानुभव होता है वह समकित मोक्षप्राप्ति का कारणभूत है शुद्ध निश्चय समकित है।

(८६)प्रश्न—समकित कोई खास गच्छ, सम्प्रदाय, मन्दिर, स्थानक, मठ या गुरु की होती है या अन्य?

उत्तर—समकित आत्मा का गुण है। समकित की व्याख्या करते सकल शास्त्रकारों ने यथार्थ तत्व श्रद्धा को समकित कहा है।

गाथा—तहियाणंतु भावाणं, सब्भावे उवएसणं।
भावेणं सद्दहन्तस्स, सम्मत्तं तं वियाहियम्॥ (उ० २४)

अर्थ—तथ्य (यथार्थ) स्वरूप जो तत्व हैं उनके स्वरूप को भावपूर्वक निश्चय करने को समकित कहते हैं वह स्वभाव से अथवा उपदेश से प्राप्त हो सकता है। इस प्रकार समकित की प्राप्ति के दो कारण एक स्वक्षयोपशम (स्वाभाविक योग्यता) विशेष और दूसरा उपदेश है।

आज जा खास गच्छ, सम्प्रदाय या गुरुविशेष की समकित मानी जाती है वह शास्त्र देखते न्याय-सम्पन्न नहीं दीखती। किसी सम्प्रदाय या किसी गुरु ही की समकित नहीं हो सकती इसी कारण आज अन्दर अन्दर धर्मकलह होते हैं। उन्हें छोड़कर तत्वबोध करना चाहिये।

(९०) प्रश्न—आज इतनी गच्छ, सम्प्रदाय, फिरके क्यों होगये ?

उत्तर—प्रायः तत्व का अभ्यास छूट गया। स्याद्वाद अर्थात् व्यवहार, निश्चय, ज्ञान, दर्शन, चारित्र का अभ्यास न होने से किसी खास देश, काल, संयोगवश थोड़ा क्रिया-भेद हुआ कि उस में आग्रह करके मतभेद कर दिये। फिर परस्पर में द्वेषवृद्धि हुई। पुनः यदि तत्व के अभ्यास की वृद्धि की जावे और व्यवहार निश्चय दोनों ठीक तरह समझे जावें तो सब सम्प्रदाय, गच्छ, मत मतांतरों के भेद दूर होकर परस्पर माध्यस्थ भाव-समभाव का अमृतरस बरसने लगजाय। फिर भी यदि कारणवश कुछ भेद रहें तो वे प्रमोद रूप-गुणानुराग रूप ही रह सकते हैं, द्वेष रूप नहीं।

पूर्व में प्रभु महावीर के ११ गणधर थे। उनके ९ गच्छ में शिष्य समूह अलग अलग बाँटगये। यह प्रमोद-भेद

था। आज अपने भेद प्रायः द्वेषमय हो रहे हैं। उनका सुधार तत्त्व (स्याद्वाद के यथार्थ ज्ञान) प्रचार के द्वारा हो सकता है।

(९१) प्रश्न—शुद्ध समकित धारी को कम से कम कितना ज्ञान होना चाहिये ?

उत्तर—छः द्रव्य, नव तत्व, का नय प्रमाण से हेय (छोड़ने योग्य) उपादेय (आदर करने योग्य) रूप में यथार्थ ज्ञान होना चाहिये।

(९२) प्रश्न—गंठी भेदे विना समकित नहीं होता तो गंठी किसकी है और किस ठिकाने में, किस कर्म में और कितनी दूर रहती है ? गंठी किस कर्म की है और किस उपाय से गंठी भेद होता है ?

उत्तर—गंठी-मिथ्यात्व कर्म के तीव्र बंधन को कहते हैं। यह मिथ्यात्व मोहिनी की उत्कृष्ट ७० (सत्तर) करोड़ा करोड़ सागर की स्थिति है और ६९ (उन्हत्तर) करोड़ा करोड़ से जब कुछ अधिक कर्म क्षय हो जावे और कुछ कम (देश उण) एक करोड़ा करोड़ सागर की स्थिति बाकी रह जावे यहां गंठी है। और यथाप्रवृत्ति करण वाला भवी तक भी यहां तक आसकता है परन्तु

यथाप्रवृत्ति करण (अनित्य और अशरण भावना) से गंठी का भेद नहीं कर सकता परन्तु अपूर्व करण अर्थात् आत्मभावना से गंठी का नाश हो सकता है और अनिवृत्ति करण (शुद्धोपयोग में स्थिरता) में समकित की प्राप्ति होती है।

आयुष्य कर्म छोड़कर बाकी के सातों कर्मों की स्थिति देश उण एक करोड़ा करोड़ सागरोपम रहती है, तब यथाप्रवृत्ति करण प्रकट होता है। यहां पर अनित्य, अशरण भावना से त्याग वैराग्य होता है परन्तु आत्मा के अतीन्द्रिय निराकुल शुद्ध सुख की श्रद्धा, निश्चय तथा अनुभव नहीं होने से जन्म मरण नहीं छूटता है। अब जो कोई उत्तम जीव हो वह अपने परिणाम की शुद्धि उत्तम भावना से करे। उनमें मुख्य भेदभावना, एकत्व भावना और आत्मभावना का वारंवार चिंतवन करे। इस से अपूर्व करण की प्राप्ति होती है। अपूर्व करण अर्थात् पूर्व में नहीं आये हों ऐसे शुद्ध परिणाम

गंठी अर्थात् जीव की अनादि विपरीत बुद्धि, पर-वस्तु (शरीरभोगादि) को स्व (अपनी) मानना। विभावपर्याय (जीव की अशुद्ध अवस्था-४ गतिस्वरूप) में स्वामीपना रखना ही विपरीत बुद्धि है। इसे मिथ्यात्व

रूपी गांठ कहते हैं इसका नाश अपूर्व करण (आत्मस्वरूप के विचार) से करना चाहिये। इन परिणामों की जब विशेष शुद्धि होती है तब अनिवृत्तिकरण प्रकट होता है। इसके द्वारा निश्चय समकित प्राप्त होता है। यही कार्य है। समकित होने से निश्चय ही शीघ्र मोक्ष होती है। जैसे पानी का घड़ा रस्सी सहित गहरे कूए में गिर जाय और रस्सी जब तक हाथ में नहीं आवे तब तक बहुत काल तक पानी नहीं मिल सकता और रस्सी हाथ में आजाने से घड़ा और जल सभी शीघ्र ही मिल सकते हैं वैसे ही एक समकित गुण प्रकट होने से निश्चय ही सब गुण प्रकट होते हैं। मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्र भी समकित प्रकट होने से सम्यग् ज्ञान और सम्यक् चारित्र हो जाते हैं। आत्मा के सभी दूषित गुणों को शुद्ध करने वाला एक समकित गुण है। जैसे सूर्य के उदय होने से मनुष्य, पशु, पक्षी, वृक्ष, फूल सब प्रकाश पाते हैं, सब अंधकार, भय नष्ट होजाता है वैसे ही समकित गुण प्रकट होने से सब दोष दूर होजाते हैं। जैसे जीव बिना का शरीर "अंधा आगल आरसी, बहरा आगल गावणो" और बिना अंक की बिन्दी व्यर्थ होती है वैसे ही बिना समकित के सारी क्रियाएँ व्यर्थ हैं। आत्मार्थियों को एक समकित प्राप्ति का उत्कृष्ट पुरुषार्थ करना अपना परम कर्तव्य सम-

झना चाहिये । समकित विना की उत्तम क्रियाओं से पुण्य प्राप्त हो सकता है परन्तु मोक्ष प्राप्त न हो सकने के कारण सर्व क्रियाएँ समकित विना व्यर्थ बताई ग हैं, कारण मोक्ष ही सर्वोत्कृष्ट ध्येय है ।

(९३) प्रश्न—समकित के आठ अंग प्रकट किए विना समकित हो सकता है कि नहीं ?

उत्तर—अनेक अंगों के समुदाय से ही वस्तु पूर्ण बनती है । जैसे हाथ, पैर, शिर, छाती आदि अंगों से शरीर बनता है वैसे ही आठ अंगों के गुणों के समूह से समकित वनता है । अंग में जितने अंशों में न्यूनता होती है उतने ही अंशों में उसे हीनांग या विकलांग कहते हैं । अंग का थोड़ा भी दोष ठीक नहीं है । ज्यादा कमी होना तो बड़ी खामी है ।

(९४) प्रश्न—समकित के कितने अंग होते हैं ?

उत्तर—समकित दो प्रकार के होते हैं । एक व्यवहार समकित दूसरा निश्चय समकित । दोनों के आठ आठ अंग हैं ।

(९५) प्रश्न—व्यवहार समकित के आठ अंगों का क्या स्वरूप है ?

उत्तर—व्यवहार समकित के आठ अंगः—

(१) निःशंकिय—जिन वचन में शंका नहीं करना; भय का प्रसंग आने पर ज्ञान, दर्शन, चारित्र रूपी रत्न-त्रय से नहीं डिगना।

(२) निक्कंखिय—कुज्ञान, कुदर्शन, विषय, कषाय की वांछा नहीं करना। परमत की वांछा नहीं करना।

(३) निव्वितिगिच्छा—प्रतिकूल शब्द, रूप, गंध, रस, स्पर्शादि दुःख के निमित्त मिलने पर ज्ञान, दर्शन, चारित्र में ग्लानि नहीं करना। धर्मकार्य में खेद नहीं करना। स्वगुरुता, परलघुता नहीं करना। तत्त्व की अरुचि नहीं करना। किसी की निंदा नहीं करना।

(४) अमूढ़ दिट्ठी—हरेक प्रवृत्ति तथा देव, गुरु, धर्म-शास्त्र में मूढ़ता (अज्ञान) न रखना। यथार्थ ज्ञान करके प्रवृत्ति करना।

(५) उववूह—ज्ञान दर्शन चारित्रादि गुणों की वृद्धि करना उपवृहन है। किसी स्थान में इसका नाम उप-गूहन भी कहा है। उपगूह अर्थात् ढांकना। अपने गुण और दूसरों के दोषों को प्रकट नहीं करना।

(६) थिरीकरण—स्वपर को ज्ञान, दर्शन, चारित्र में स्थिर करना। उत्तम कार्यों को दृढ़ करना।

(७) वच्छलता—विशेष गुणी के प्रति अतिशय पूज्य भाव, समान गुणी के प्रति गाढ़ मैत्री, अल्पगुणी के प्रति अतिशय हितबुद्धि रख कर सर्व सम्पत्ति सेवा में अर्पण करने को सदा तैयार रहना जैसे गौ अपने बछड़े की रक्षा के लिए सिंह तक का भी सामना करलेती है।

(८) प्रभावना—स्व तथा पर में ज्ञान, दर्शन, चारित्रादि गुण प्रकट करना प्रभावना है।

व्यवहार समकित के आठ अंग प्रकट करने से बहुत पुण्य की प्राप्ति तथा कुछ निर्जरा होती है और यदि इस में भेद भावना व आत्मविचार का अभ्यास बढ़ाया जावे तो निश्चय समकित प्रकट हो सकता है।

(९६) प्रश्न—निश्चय समकित के आठ अंगों का क्या स्वरूप है ?

उत्तर—निश्चय समकित के आठ अंग।

(१) निःशंकित—समदृष्टि अपने ज्ञान, श्रद्धा व चारित्र में निशंक हो, अभय हो, कभी किसी निमित्त से

नहीं डिगे । आत्मा के गुणों का स्वानुभव होने से कभी आत्मस्वरूप से चलित न होवे ।

२—निकंखिय—जो कर्म के फल की वांछा न करे और न अन्य वस्तु के धर्मों की ही वांछा करे, कारण वह अपने आत्म-ध्यान में लीन है, उसे दूसरी इच्छा वांछा होती नहीं ।

३—निव्वितिगिच्छा—जो सभी वस्तुओं के धर्मों में ग्लानि नहीं करता । कर्म उदय में खेद नहीं करता, सदा समभाव में रहता ।

४—अमूढ दिट्ठी—जो स्व तथा परद्रव्य के यथार्थ स्वरूप को जानने में मूढ न हो ।

५—उववूह—आत्मा को शुद्ध स्वरूप में लगावे, आत्मा की शक्ति बढ़ावे, अन्य द्रव्यों के सब धर्मों को गोपने वाला हो (गौण करे)

६—थिरीकरण—आत्मा को स्वरूप से डिगते हुए को स्थिर करे ।

७—वच्छलता—जो अपने स्वरूप में विशेष अनुराग रक्खे, ज्ञान, दर्शन व चारित्र को अभेद बुद्धि कर

देखता है जिससे ज्ञानादि की हानि में स्व की भाव-हिंसा जानता है, जिससे उसकी रक्षा में पूर्ण वात्सल्य भावयुक्त है।

८—प्रभावना—प्र=विशेष प्रकार से। भव=उत्पन्न होना। ज्ञान, दर्शन, चारित्रादि निज गुणों का प्रकट करना प्रभावना है।

समकित के आठ गुणों के अभाव से समकित का अभाव और बहुत कर्मों का बंधन होता है तथा इहलोक परलोक में निरंतर दुःख भोगने पड़ते हैं। निश्चय समकित के आठ अंग प्रकट होने पर शीघ्र मोक्ष होती है, इसलिए इनको प्राप्त करने का पुरुषार्थ करना परम हितकारी है।

(६७) प्रश्न—समकित भ्रष्ट सो मूल भ्रष्ट है कि उत्तर भ्रष्ट है?

उत्तर—समकित भ्रष्ट सो मूल भ्रष्ट है।

(६८) प्रश्न—समकित मूल मोक्षमार्ग है कि उत्तर

उत्तर—मूल मोक्षमार्ग है।

(६९) प्रश्न—क्या कल्याणकारी (हितकारी) है और क्या अकल्याणकारी (अहितकारी) है इसका निर्णय कराने वाला कौन है?

उत्तर—समकित ।

(१००) प्रश्न—समकित का वैरी कौन है ?

उत्तर—मिथ्यात्व अर्थात् विपरीत बुद्धि ।

(१०१) प्रश्न-ज्ञान का वैरी कौन है ?

उत्तर—अज्ञान अर्थात् तत्व का अबोध ।

(१०२) प्रश्न—चारित्र का वैरी कौन है ?

उत्तर—कषाय अर्थात् रागद्वेष ।

(१०३) प्रश्न—शास्त्र में चार अनुयोग कहे गए हैं। उन में निश्चय अनुयोग कितने हैं और व्यवहार कितने हैं ?

उत्तर—निश्चय में एक द्रव्यानुयोग और व्यवहार में तीन अनुयोग (१) प्रथमानुयोग (धर्मकथानुयोग) (२) करण चरणानुयोग (क्रिया चारित्र की विधि) और (३) गणितानुयोग हैं।

(१०४) प्रश्न—मोक्ष का उपादान किसको कहते हैं और मोक्ष का उपादान कारण किसको कहते हैं ?

उत्तर—मोक्ष का उपादान जीवमात्र को है, कारण भव्य अभव्य जीव की सत्ता में केवल ज्ञान और

केवल दर्शन आदि अनन्त गुण भरे हैं। और उपादान कारण पुरुषार्थ द्वारा भव्य को ही प्राप्त होता है। कारक चक्र पलटे अर्थात् जो संसार-रुचि थी उसे पलट कर-आत्म सन्मुख तीव्र रुचि होने से कारक चक्र पलटता है। इसकी सिद्धि के लिए भगवान् ने फरमाया है कि, "उठाण कम्मबल वीर्य पुरुषाकार पराक्रम" ही मोक्ष-मार्ग है।

(१०५) प्रश्न—आत्मस्वरूप का ज्ञान पढ़ना, बालना, लिखना सो किस कर्म का क्षयोपशम है?

उत्तर—ज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम है।

(१०६) प्रश्न—आत्मस्वरूप का अनुभव करना किस कर्म का क्षयोपशम है?

उत्तर—दर्शन-मोहनीय का क्षयोपशम है। दर्शन मोहनीय के अभाव में आत्मस्वरूप का अनुभव होता है।

(१०७) प्रश्न—समकित श्रद्धा, प्रतीति और रुचि किसको कहते हैं?

उत्तर—तत्त्वार्थ के सन्मुख होना श्रद्धा है। आत्म-स्वरूप का यथार्थ निश्चय करना प्रतीति है और आत्म-दर्शन अर्थात् आत्म अनुभव करना रुचि है।

(१०८) प्रश्न—रागद्वेष रूप विष वृक्षों का बीज, सकल दुःख दावानल का मुख्य कारण तथा समस्त दोषों की सेना का राजा कौन है ?

उत्तर—मिथ्यात्व अर्थात् दर्शन-मोह।

(१०९) प्रश्न—मोह रूपी अग्नि तीन लोक में फैल रही है वह कौन से जल से शान्त होती है ?

उत्तर—भेद भावना अर्थात् समकित भावना से शांत होती है।

(११०) प्रश्न—ज्ञानी और अज्ञानी कैसे जाने जाते हैं ?

उत्तर—पर-द्रव्य में रागद्वेष करे वह अज्ञानी है। पर द्रव्य को भिन्न जान कर रागद्वेष घटावे तथा समभाव में रहे वह ज्ञानी है। ऐसा जिनेश्वर भगवान् ने फरमाया है !

(१११) प्रश्न—आत्मा को प्रथम क्या छोड़ना चाहिये ?

उत्तर—पाँच मिथ्यात्व के स्वरूप को जान कर छोड़ना।

इसका विशेष स्वरूप समकित भावना या आत्म-जागृति भावना से देखलेना]

(११२) प्रश्न—समकित शुद्ध काहे से होता है ?

उत्तर—निरंतर तत्व अभ्यास से।

(११३) प्रश्न—समकित रूपी है कि अरूपी ?

उत्तर—समकित अरूपी है, कारण यह जीव का गुण है। जीव अरूपी है, इसलिए उसका गुण भी अरूपी होता है।

(११४) प्रश्न—समकित इन्द्रिय-सुख का आनंद देने वाला है कि अतीन्द्रिय (इन्द्रिय-रहित आत्मिक) आनन्द का देने वाला है।

उत्तर—समकित अतीन्द्रिय-आत्मिक आनन्द का देने वाला है। इन्द्रियों का आनन्द जीवके चारित्र गुण का विकार-अशुद्ध अवस्था है।

(११५) प्रश्न—चार तीर्थ में प्रवेश कब कर सकते हैं ?

उत्तर—समकित गुण प्राप्त करने से।

(११६) प्रश्न—समदृष्टि गुरु आदि की परीक्षा किस प्रकार करता है ?

उत्तर—दोहा—मध्यम क्रिया रत्न हुए, बालक देखे लिंग।
समदृष्टि की दृष्टि में, उत्तम तत्व सुरंग ॥

भावार्थ—बाल अज्ञानी जीव लिंग अर्थात् बाहिर के भेष, नाम, संप्रदाय आदि द्रव्य विचार से परीक्षा करता है, मध्यम कोटि का जीव क्रिया, आचार, वर्ताव देखकर परीक्षा करता है और समदृष्टि उत्तम तत्व से परीक्षा करता है और तत्व-शुद्धि में ही आनंद मानता है।

(११७) प्रश्न—जैन समाज में बहुत समय से लोग मुनि धर्म पालते, मुनियों की सेवा करते, व्याख्यान बांचते या सुनते, प्रश्नोत्तर करते और थोकड़ा आदि का ज्ञान रखते हुए देखने में आते हैं फिर भी उनमें से बहुतों में जीव और पुद्‌गल की भिन्नता का भेदविज्ञान नहीं झलकता है। इसका क्या कारण है ?

उत्तर—द्रव्यनुयोग के यथार्थ ज्ञान और भेदभावना के अभाव से।

(११८) प्रश्न—श्री भगवती शास्त्र पढ़ने का सार क्या है ?

उत्तर—श्री भगवती शास्त्र में फरमाया गया है कि—

मन अन्य है और आत्मा अन्य है
वचन अन्य है और आत्मा अन्य है
काया अन्य है और आत्मा अन्य है

मन, वचन, काया नाम कर्म के उदय के फल हैं। ये आत्मा के गुण नहीं हैं। ये जुदे हैं, रूपी हैं, कर्म के विकार हैं। इन तीन प्रवृतियों से कर्म का बंधन होता है। इनको आत्मा से भिन्न जान कर इन मन, वचन, काया पर पूर्ण संयम प्राप्त करना ही कर्म-बंधन से छूटने का उपाय है समदृष्टि जीव हमेशा इनसे भेदभावना चिंतवन करे।

एक आचार्य महाराज (भगवती शास्त्र तथा सर्व जिनवाणी) पढ़ने का सार भेदज्ञान को बताते हैं।

सुणो भगवती दासजी, वात कहूँ हूँ साँची।
अने मने जाण्यो नहीं तो, काँई भगवती बाँची॥

अर्थ—भगवतीदास (जिनवाणी के सर्व भक्त), आपको सच्ची बात कहता हूं। यदि आपने आत्मा को मनसे अलग नहीं जाना तो भगवती वाँचने से लाभ ही क्या?

(११६) प्रश्न—सकाम निर्जरा कबसे शुरू होती है।

(उत्तर) समकित प्रकट होने पर सकाम निर्जरा होती है। समकित विना की सब अकाम निर्जरा मानी गई है, कारण उससे जीव पुनः कर्म–बंधन से बंधता है। अकाम निर्जरा से करोड़ों भवों में भी जितने कर्मों का

नाश नहीं होता उतने कर्मों का नाश सकाम निर्जरा में एक क्षण मात्र में होजाता है।

(१२०) प्रश्न—सत्य उपदेश कब दे सकते हैं?

उत्तर—व्यवहार निश्चय दोनों नय (अपेक्षा-अभिप्राय—आशय) का जिस को ठीक ज्ञान होवे वह समभावी आत्मा ही सत्य उपदेश देसकता है। आज इन दो गुणों के न होने पर भी उपदेश देने के कारण कलह होते दीखते हैं।

(१२१) प्रश्न—ये दो गुण क्यों ज़रूरी हैं?

उत्तर—इन से सत्य जाना जा सकता है। यदि ज्ञान नहीं है तो सत्य भी जाना नहीं जावे फिर उपदेश कैसे दिया जासकता है? सत्य जानने पर भी समभाव नहीं तो असत्य कहा जासकता है। इस लिये समभावी ज्ञानी ही सत्युपदेश कर सकता है। भगवान भी सर्वज्ञ और वीतराग दोनों गुणों के होने के कारण ही सत्य उपदेशक (आप्त) कहे गए हैं।

(१२२) प्रश्न—मूल पाठ के ज्ञान, अर्थ के ज्ञान और तत्व रहस्य के ज्ञान से क्या २ फल होते हैं?

(उत्तर) १ केवल पाठज्ञान से प्रायः सामान्य पुण्य प्रकृति की प्राप्ति होती है। २-अर्थ-ज्ञान से बहुत पुण्य तथा कुछ कर्मों का नाश होता है। ३-तत्त्व (रहस्य) ज्ञान से बहुत कर्मों का नाश होता है तथा सत्य सुख की प्राप्ति होती है। पाठज्ञान उत्तम वृक्ष के पत्ते के तुल्य है, अर्थज्ञान फूल के तुल्य और तत्त्व-(रहस्य) ज्ञान उत्तम फल के तुल्य है, ऐसा ठाणांग सूत्र में फरमाया गया है।

(१२३) प्रश्न-सर्व शास्त्रों का कथन कितने नय से किया गया है और उसकी शिक्षा का पालन कितने नय से करना चाहिये।

(१२४) उत्तर-शास्त्रकथन मुख्य दो नय से किया गया है। एक व्यवहार नय (पर्यायार्थिक नय) दूसरा निश्चय नय (द्रव्यार्थिक नय) और उसका पालन भी दोनों नयों से करना चाहिये। इन दोनों नयों के समूह को स्याद्वाद (सम्यक्त्व) कहते हैं। एक नय को एकान्तवाद (मिथ्यात्वी) कहते हैं।

(१२५) प्रश्न-कैसे सुख की चाह करने वाले को आत्म-दर्शन और आत्मज्ञान प्रकट होसकते हैं?

उत्तर—इन्द्रिय सुख को छोड़ आत्मिक सुख की चाह (ध्यान) करने वाले को आत्म दर्शन और आत्म-ज्ञान प्रकट हो सकता है।

(१२६) प्रश्न—कौनसा गुण प्रकट करने से जन्म मरण की जड़ (संसार संतति) नष्ट होती है ?

उत्तर—समकित गुण प्रकट करने से संसार संतति नष्ट होती है। जैसे जड़ नष्ट होने से कटा हुआ वृक्ष नीचे गिर जाता है और उसकी डालियां और पत्ते हरे रहते हुये भी वृद्धि को नहीं प्राप्त होते और सूख जाते हैं उसी प्रकार समदृष्टि के लिए संसार नहीं बढ़ता। वह सब कर्म क्षय करके मोक्ष में जाता है।

(१२७) प्रश्न—स्वभाव पर्याय (हालत) कौनसी है ?

उत्तर—शुद्ध गुण ही स्वभाव पर्याय है। सम्यक् ज्ञान, दर्शन, चारित्र ही शुद्ध गुण हैं।

(१२८) प्रश्न—विभाव पर्याय कौनसी है ?

उत्तर—अशुद्ध गुण विभाव पर्याय है। अज्ञान मिथ्यात्व और विषय कषाय जीव की अशुद्ध हालत है।

(११६) प्रश्न—आत्मा की सिद्धि का परम अद्-भुत निमित्त कारण क्या है ?

उत्तर—शुद्ध भाव ही।

(१३०) प्रश्न—निश्चय हिंसा कौनसी है ?

उत्तर—अज्ञान मिथ्यात्व और विषय कषाय ही निश्चय हिंसा है। हिंसा ही सब दुखों का मूल कारण है।

(१३१) प्रश्न—निश्चय अहिंसा कौनसी है ?

उत्तर—अज्ञान मिथ्यात्व, विषय कषाय का त्याग ही निश्चय अहिंसा है। समभाव ही अहिंसा है। अहिंसा ही सुखों का मूल कारण है।

(१३२) प्रश्न—समकित की उत्पत्ति, रक्षा और वृद्धि कौन से ध्यान से होती है तथा वह समदृष्टि जीव को कितनी बार चिंतवन करना चाहिये ?

उत्तर—समकित की उत्पत्ति धर्म ध्यान (आत्म चिंतवन) में होती है और धर्म ध्यान से ही समकित गुण की रक्षा और वृद्धि होती है।

धर्मध्यान का चिंतवन निरन्तर करना चाहिये। कम से कम दिन रात में तीन वार तो अवश्य चिंतवन करना चाहिये शास्त्र में दो प्रहर ध्यान की खास आज्ञा है।

(१३३) प्रश्न—धर्मध्यान किसे कहते हैं ?

उत्तर—धर्म का अर्थ स्वभाव (वस्तुस्वभावो धर्मः) है। आत्मा का स्वभाव अर्थात् निज गुणों का चिंतवन करना ही धर्मध्यान है। धर्मध्यान (आत्मचिंतवन) के आज्ञा विचय (पदार्थ-स्वरूप-विचार) आदि सोलह प्रकार हैं उन को व्यवहार व निश्चय नय से समझ कर के चिंतवन करना चाहिये।

(१३४) प्रश्न—उपयोग के तीन प्रकार कौनसे हैं ?

उत्तर—शुभोपयोग, अशुभोपयोग और शुद्धोपयोग इस प्रकार उपयोग के तीन प्रकार हैं।

(१३५) प्रश्न—उपयोग के तीन प्रकार का क्या अर्थ है।

उत्तर—(१) क्रोध मान, कपट, लोभ, राग, द्वेष, विषयादि के विचार अशुभ उपयोग है। इस से इस लोक और परलोक में दुःख भोगने पड़ते हैं।

(२) विषय कषाय उपशांत कर अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, संतोष, क्षमा, विनय, सरलता, दान, तप, भक्ति आदि के विचार शुभ उपयोग हैं । इस से इस लोक और परलोक में बहुत सुख मिलता है ।

(३) ऊपर के दोनों विचारों के अतिरिक्त आत्म-विचार आत्मरमण ही शुद्धोपयोग है । इस से सब दुःख का नाश होकर अविनाशी सत्य सुख प्रकट होता है ।

(१३६) प्रश्न—उपयोग का जो फल बताया गया है उसकी सिद्धि का प्रमाण बताओ ।

उत्तर—"पुण्ण पावेण पच्चयई जीवा"

अर्थ—पुण्य और पापसे जीव लोक में पीड़ा पारहे हैं ।

सुह परिणामो पुण्णं । असुहो पावत्ति भणिय मन्नेसु ॥
परिणामो णण्णगदो । दुःख खय कारणं समये ॥

अर्थ—शुभ परिणाम पुण्य का कारण है । अशुभ परिणाम पाप का कारण है और अन्य द्रव्य को छोड़कर स्वस्वरूप में स्थित परिणाम शुद्धोपयोग है । उसे शास्त्र में सर्व दुःख के क्षय का कारण कहा है ।

(१३७) प्रश्न—समदृष्टि जीव हरएक वस्तु को कौनसी नय (अपेक्षा) से देखे और जाने जिसके फल स्वरूप सदा समभाव रहे और कर्मों का क्षय हो जावे ?

उत्तर—पर्याय (विचित्र हालत) छोड़कर समदृष्टि जीव हरएक वस्तु को द्रव्य-दृष्टि से देखे जिससे कभी राग द्वेष नहीं हो, सदा सम-भाव रहे और बहुत से कर्म क्षय होवें, ऐसा आत्मा सदा सत्य सुख अनुभवता है और थोड़े ही समय में मोक्ष सुख प्राप्त करता है।

समकित का स्वरूप

(१) श्रीऋषभदेव स्वामी से वर्धमान स्वामी तक सब प्रभुओं को नमस्कार करके दर्शन स्वरूप को संक्षेप में कहता हूं।

(२) श्री जिनेश्वर देवने गणधरादि को धर्मोपदेश दिया है। उसका मूल दर्शन है। जहां दर्शन (समकित) नहीं है वहां धर्म भी नहीं है। मूल के बिना वृक्ष के स्कंध, शाखा, पुष्प, फलादि कहां से हों? जो दर्शन-भ्रष्ट है उसके लिए मोक्ष की प्राप्ति अति दुर्लभ है। वृक्ष का मूल कटने पर फल कैसे लगे? परन्तु जो चारित्र-भ्रष्ट है और उसका दर्शन शुद्ध है तो उसे पीछा चारित्र प्राप्त हो सकता है और मोक्ष मिल सकती है, जैसे कि स्कंध, शाखा आदि के कटने पर भी मूल बचे रहने से स्कंधादि बनकर फिर फल लग सकते हैं।

(३) जो दर्शन (आत्मानुभव) से रहित और बहुत प्रकार के शास्त्रों को जानते हैं वे आराधना रहित होने से संसार में भ्रमण करते हैं।

(४) जो दर्शन से रहित हैं और भले प्रकार उग्र तप करते रहे हैं, वे अनेक हजार करोड़ वर्ष तप करने पर भी बोधि

अर्थात् सम्यग्-ज्ञान, दर्शन, चारित्र रूप स्व-स्वरूप का लाभ नहीं पाते हैं।

(५) इस पंचम काल में जड़ (मंद बुद्धि) वक्र (हरेक बात को उल्टी मानने वाले) जीव हैं तो भी पुरुषार्थ करें तो शुद्ध समकित गुण प्रकट करके ज्ञान, चारित्र, तप में बल पराक्रम लगाने से थोड़े ही काल में ज्ञानी होकर मोक्ष पाते हैं।

(६) जिस पुरुष के हृदय में सम्यक्त्व रूपी जल का प्रवाह निरंतर बहता है, उस पुरुष को नया कर्म-रज रूपी आवरण नहीं लगता और उसके पूर्वकाल में बंधे हुए कर्म नष्ट होजाते हैं, क्योंकि क्रोधादि कषाय भाव से बंधे हुए कर्म क्रोधादि रहित शुद्ध परिणामों से नष्ट होते हैं।

(७) जो सम्यग्दर्शन रहित हो वह निश्चय ही सम्यग् ज्ञान व चारित्र रहित होता है। ऐसा जीव स्वात्मा का अहित करता है तथा मिथ्या उपदेश देकर अन्य जनों को भी कुमार्ग में लगाता है।

(८) मिथ्यात्व का फल निगोद है। अनंत जीवों के रहने का एक ही शरीर हो उसे निगोद कहते हैं। वहां सातवीं नारकी से भी अनंत गुणी वेदनाएं हैं। कारण कि क्षण क्षण में जन्म मरण का अनंत दुःख भोगना पड़ता है तथा स्थान का भी संकोच है। मिथ्यात्व का इतना कटु फल जान इसे दूर करने का खास उद्योग करना चाहिये।

(९) समकित से ज्ञान सम्यक् होता है। सम्यग् ज्ञान से सब पदार्थ यथार्थ जाने जाते हैं और यथार्थ ज्ञान होने से क्या हितकारी और क्या अहितकारी है? यह जाना जाता है। इसलिए सम्यक्त्व ही परम उपकारी है।

(१०) जिन-वचन भावऔपधि है। इन्द्रियजन्य भोगों में सुख बुद्धि को दूर करने वाला है।

(११) जीवादि नव पदार्थ की यथार्थ श्रद्धा करना व्यवहार समकित है और शुद्ध निज आत्मस्वरूप का निश्चय करना निश्चय समकित है।

(१२) सब गुण-रत्न-राशि में समकित सारभूत है और मोक्ष की प्रथम पेड़ी है। समकित प्रकट होते ही विषयभोग में सुख दुःख रूपी विकार और उसके फल जन्म, जरा, मरण का नाश होकर अविकारी आत्मिक सुख प्रकट होता है और उसका फल अविचल मोक्ष पद की प्राप्ति होती है।

(१३) समदृष्टि परद्रव्य को हेय अर्थात् छोड़ने योग्य और निज रूप को उपादेय अर्थात् आदर करने योग्य जानता है, श्रद्धा करता है और जितना सामर्थ्य हो उतना परद्रव्य को छोड़ता है और चारित्र मोह के उदय से सम्पूर्ण न छूटे तो भी अंतरंग विरक्ति का अनुभव करता है और उदासीन (राग-द्वेष व उत्सुकता रहित) रहता है।

(१४) दूसरे गुणी पुरुषों को देखकर जो ईर्षा या मात्सर्य करता है वह मिथ्यात्वी है, कारण गुण की अप्रीति और दोष की प्रीति मिथ्यात्व का चिह्न है।

(१५) समकित से ज्ञान की शुद्धि होती है। ज्ञान से चारित्र की शुद्धि होती है और चारित्र से निर्वाण (मोक्ष) की प्राप्ति होती है। निर्वाण से अनन्त सुख प्राप्त होता है। जितने सिद्ध हुए हैं वे सब ज्ञान, दर्शन, चारित्र रूपी रत्नत्रय की पूर्णता प्रकट करके हुए हैं। इन में से एक भी गुण अपूर्ण हो तो मुक्ति नहीं होती। इसलिए सब गुणों को प्रकट करने का पुरुषार्थ करना परम हितकारी है।

मोक्ष उपाय कह्यो जिनराजजु, सम्यग्दर्शन ज्ञान चरित्रा,
तामधि सम्यग्दर्शन मुख्य, भये निज बोध फले सुचरित्रा।
जे नर सम्यग् आगम जानि, करे पहिचानि यथावत मित्रा,
घाति खिपायरु केवल पाय, अघाति हने लहि मोक्ष पवित्रा ॥

(१६) समदृष्टि को ऐसी विवेक-शक्ति प्रकट होती है कि उसको सत् शास्त्र व असत् शास्त्र सत् रूप ही परिणमते हैं जब कि मिथ्या दृष्टि को विवेक-शक्ति का अभाव होने से सत् शास्त्र व असत् शास्त्र असत् रूप ही परिणमते हैं।

(१७) व्यवहार और निश्चय दोनों भेदों को बराबर समझनेवाला दोषों का नाशकर सुख को पाता है। जो व्यवहार निश्चय दोनों को यथार्थ जाने वही समदृष्टि हो सकता है। आरम्भ (हिंसादि काम), परिग्रह (धनभोगादि) से जिस को ज्ञान पूर्वक अरुचि होगई हो वही समकित गुण प्रकट होने का पात्र बन सकता है।

(१८) "दर्शन"—दर्शनावरण कर्म के अभाव से जो दर्शन गुण प्रकट होता है वह देखने रूपी शक्ति का धारक करने वाला गुण है। वहां दर्शन का अर्थ सामान्य बोध है। वस्तु का अस्तित्व (सत्तामात्र) जानना, "वस्तु है" इतना जानना दर्शन है और पदार्थ के विशेष गुण, पर्याय (हालत) जानना ज्ञान है। ज्ञानावरण कर्म के अभाव से ज्ञान गुण प्रकट होता है। ज्ञान का फल स्व-पर को विशेषरूप से जानना है। निश्चय नय अर्थात् सत्यस्वरूप में शुद्ध स्वरूप को अविचल रूप से जानना ज्ञान है और देखने से दर्शन है। इस पुस्तक में दर्शन गुण दर्शन-मोहनीय के अभाव से प्रकट होने वाले गुण को ग्रहण करने के अर्थ में लिया गया है।

(१९) आठों कर्म का राजा मोहनीय है और मोहनीय की २८ प्रकृति में मिथ्यात्व मोहनीय नामक प्रकृति सब से बड़ी है अर्थात् सब कर्म प्रकृति में "मिथ्यात्व" प्रकृति बड़ी है। उसकी स्थिति भी उत्कृष्ट सत्तर करोड़ाकरोड़ सागरोपम की है और जीव को सब से ज्यादा दुःख देने वाली यही प्रकृति है। इसीलिये जीव का सब से बड़ा अहित करने वाला मिथ्यात्व मोह के सिवाय अन्य कोई नहीं है, ऐसा शास्त्रकार फरमाते हैं। जब मिथ्या दर्शन मोहनीय की प्रकृति का अभाव होता है तब जो शुद्ध दर्शन गुण प्रकट होता है उसका दूसरा नाम समकित गुण है। इस दर्शन समकित गुण का काम है यथार्थ स्वरूप निश्चय। इसे श्रद्धा भी कहते हैं। सम्यग्दर्शन-समकित प्रकट होने से आत्मा स्वस्वरूप का यथार्थ निश्चय करता है, जिस से अनादिकाल की उसकी विपरीत मान्यता शरीर, इन्द्रिय-भोग, बाह्य पदार्थों मे मेरेपने की बुद्धि का नाश होकर वह अनन्त ज्ञान, सुखादि पूर्ण शुद्ध आत्म-तत्व को मानता हुआ मोक्ष प्राप्त करता है।

(२०) विचार करने से यह ठीक मालूम होता है कि जहां तक मिथ्यात्व है, असत्यपन है, वहां तक सब गुणसमुदाय विपरीत ही रहेंगे। जैसे एक मनुष्य अपने गाँव जारहा है। गाँव शीघ्र पहुँचने के गाड़ी घोड़ा आदि साधन भी हैं, परन्तु यदि रास्ता उलटा है तो सब साधनों के होते हुए भी वह अपने घर नहीं पहुँच सकता। वैसे ही मोक्ष प्राप्त करने में दूसरे गुण भी साधन हैं परन्तु समकित (सत्यपन) उन सब में श्रेष्ठ है। जहां तक यह गुण प्रकट न हो वहां तक दूसरे गुण इष्ट फल-दाता नहीं होसकते। जैसे सच्चा मार्ग हाथ आजाने पर सभी अन्य साधन अपने घर को शीघ्र पहुँचाने में उपकारी होसकते

हैं वैसे ही समकित गुण प्रकट होने पर अन्य गुणों की सहायता से आत्मा निज घर-मोक्ष-को शीघ्र पहुँच सकता है।

(२१) समकित गुण प्रकट करने की पात्रता इन आठ गुणों को धारण करने से आती है:—

१—वात्सल्य भाव—जैसे गौ को अपने नवजात बछड़े की रक्षा का प्रेम होता है वैसे ही जीवमात्र के प्रति हितबुद्धि होना।

२—अधिक गुणी चाहे वह किसी भी जाति कुल व स्थान का हो उनका विनय करना। गर्व कभी नहीं करना।

३—अनुकम्पा—किसी भी दु:खी जीव को देखकर उसके दु:ख को दूर करने के लिए सदा सारी सम्पत्ति का त्याग कर देना, दान कर देना।

४—मोक्ष मार्ग का सदा प्रशंसक होना।

५—अपने गुणों को व पराये दोषों को गोपने वाला होना।

६—सत्य मार्ग से डिगने वाले को स्थिर करना।

७ सरलता—(ऋजुता) से युक्त होना। ऊपर के सब गुणों की प्राप्ति सरलता गुण से होती है।

८—सत्य—का ग्राहक होकर मन, वाणी और प्रवृत्ति में सत्य का ही पालन करना। इस गुण से सब गुणों की शुद्धि होती है।

(२२) परिग्रह भोगादि में उत्साह जिसे हो, जो उसकी प्रशंसा करे, उसमें सुख माने, वह जीव अज्ञानी है मोहमार्गी अर्थात् कुमार्गगामी है। वह सम्यक्त्व का नाश करता है।

(२३) जिसे सम्यग् ज्ञान, दर्शन, चारित्र तप रूप सम्यग्मार्ग में उत्साह हो, उसकी प्रशंसा करे, उसमें सुख माने, वही ज्ञानी है सुमार्गगामी है। वह समकित गुण की रक्षा करता है।

(२४) षट् द्रव्य, नवतत्त्व को द्रव्य-गुण-पर्याय, सामान्य, विशेष, नय-प्रमाण-निक्षेप, व्यवहार, निश्चय द्वारा यथार्थ जानकर जो परद्रव्य से निज आत्मा के भिन्नपने का अनुभव करता है वही सम्यग्दर्शी जीव है। द्रव्यानुयोग अर्थात् तत्त्वविचार धर्मध्यान व शुक्लध्यान की प्राप्ति का कारण है। इसलिए समदृष्टि को हमेशा तत्वभावना भावी चाहिये। आत्मा को कर्मों का बंधन अशुद्धभाव–क्रोधादि युक्त कषायभाव से होता है और पुनः क्रोधादि रहित शुद्ध भाव–आत्मस्वरूप चिंतवन से बंधे हुए कर्मों का जय होता है; इसलिए निरंतर शुद्धभाव रखना परम हितकारी है।

(२५) समदृष्टि समकितभावना, आत्मभावना, एकत्व भावना, भिन्नभावना का चिंतवन करता है। वह देव, दानव किन्नर (गायकदेव), किंपुरुष, ज्योतिषी व विमानवासी देव और विद्याधर द्वारा स्वय बुद्धि शक्ति सम्पत्ति से बनाई (विक्रय की) हुई ऋद्धि भोगसामग्री देख कर उसे इन्द्र-जालवत् असार मानता है। जैसे मदारी युक्ति विशेष से कंकरी के जो रुपये दिखाता है उन रुपयों की चाह बुद्धिमान् मनुष्य नहीं करता क्योंकि वे टिकाऊ नहीं हैं वैसे ही समदृष्टि सब भोगसामग्री को विनाशी, अनित्य और दुःखवर्धक मानता है और उसे नहीं चाहता। जो शुद्धभाव से देवता के वैभव को भी नहीं चाहता है वह मनुष्य के मलिन और दुःखपूर्ण भोगों की इच्छा कैसे करेगा? अर्थात् नहीं करेगा?

(२६) बंध और मोक्ष का आधार भावों पर है। भावों की अशुद्धि और शुद्धि का आधार निमित्त-संयोग के ऊपर है। जो अशुभ निमित्त मिलजाय तो अशुद्ध भाव होकर जीव को बहुत दुःख भोगना पड़ता है। भावों की शुद्धि के लिए शास्त्र-

कारों ने उत्तम भावनाओं का अवलंबन लेने के लिए खास आज्ञा दी है। जहांतक मध्यम अवस्था है वहां तक अवलंबनपूर्वक भावों की शुद्धि हो सकती है। निरावलम्बी ध्यान-शुक्ल ध्यान को प्राप्त करने का साधन भी धर्मध्यान ही है। इसलिए मैत्री आदि चार भावना, अनित्यादि बारह भावना, जीवादि तत्त्वभावना व उत्तम वांचन, श्रवण, मनन, चिंतवन द्वारा भावों की शुद्धि करना चाहिये।

(२७) शास्त्र में तत्त्वभावना चिंतवन करने की खास शिक्षा दी गई है। वह इस प्रकार चिंतवन करनी चाहिये:—

१—मैं जीव हूं। अनंतज्ञान, दर्शन, सुख, शक्तिस्वरूप हूं। मेरी शुद्ध अवस्था (पर्याय) सिद्धभगवान् के तुल्य है। देहधारी मनुष्यादि बनना, मेरी अशुद्ध हालत (पर्याय) है। अनन्त ज्ञान सुखादि मेरी शुद्ध गुण पर्याय है। अज्ञान, विषय, कषाय अशुद्ध गुणपर्याय है। जड़ पुद्गल में राग द्वेप करने से मेरी शुद्धता मलीन हो रही है। इसी से आश्रव और बंध होता है यदि राग, द्वेप, मोह छोड़ूंगा तो संवर निर्जरा धार के मोक्ष प्राप्त कर सकूंगा। इस प्रकार विस्तार से तत्व भावना चिंतवन करे।

(२८) तत्वभावना चिंतवन करने का उदाहरण—अनायास स्त्री आदि दृष्टिगोचर होजाय तो दृष्टि को तत्काल पीछे खींच कर जो रूपादि दिखगये उन विचारों को नाश करने के लिए ऐसा विचार करे:—"यह स्त्री जीव नामक तत्व की अशुद्ध द्रव्य पर्याय है। इस स्त्री का शरीर, रूप, वस्त्र, आभूषण आदि पुद्गल द्रव्य की पर्याय है। इसके हाव भाव करने से इस जीव का चारित्र गुण का विकार होकर विषय की जागृति हुई है। इससे यह जीव आश्रव व बंध कर रहा है। यदि मैं

इस में विकारी बनूंगा तो मेरा ज्ञान व चारित्र-गुण विकारी होकर मुझे भी आश्रव बंध होवेगा। यह रूप सदा विनाशी, दुःख गर्भित व जीव का अधःपतन करने वाला है। मैं रूप, रस, गंध, स्पर्श रहित होकर इनमें मोहित क्यों होऊं, ऐसा विचार करने से संवर निर्जरा को पाकर मोक्ष प्राप्त करूंगा।" इस प्रकार हरएक स्थान पर अनित्यादि वैराग्य जीवादि सत्य-भावना का चिंतवन करना चाहिये।

(२६) चौथे गुणस्थान से ही समदृष्टि जीव को निम्न-लिखित प्रकृतियों का बंध नहीं होता:—

अनन्तानुबंधी का चौक, मिथ्यात्व मोहनीय, स्त्री वेद, नपुंसक वेद। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धनिद्रा। नरकायुष्य, नरकगति नर्कानुपूर्वि। तिर्यंच आयु, तिर्यंच गति, तिर्यंचानुपूर्वि, नीचगोत्र, एकेन्द्रिय, द्वेन्द्रिय, तेन्द्रिय व चतुरेन्द्रिय। प्रथम शिवाय के पांच संघयण, पांच संठाण। अशुभ विहायोगति, आताप नाम, उद्योत नाम। स्थावर, सूक्ष्म, साधारण. अपर्याप्त। दुर्भग. दुःस्वर, अनादेय। इन इकतालीस कर्म प्रकृतियों का बंध चौथे गुण स्थानक व उसके ऊपर नहीं होता, कारण समदृष्टि के तीव्र अशुभ परिणाम नहीं होते। इनमें की अनेक प्रकृति आज अपन को उदय में हैं, तथा अपने हाड़ों के बंधन व दृढ़ता देखते वे वज्र ऋषभ नाराच (वज्र की हड्डियां, वज्र के बंधन व वज्र की कीलि) नहीं हैं तो अपन ने पूर्व भव में समकित की आराधना नहीं की है यह निश्चय होता है, अब जो समकित (आत्मबोध-आत्मानुभव-आत्म-निश्चय) की आराधना करेंगे तो सब दुःखों से छूट जायेंगे।

(३०) मिथ्यात्व दशा में शुभ क्रिया करने से पुण्य बंध होता है। उसके फल में वैभव, सम्पत्ति, भोगादि मिलते हैं। उन में वह जीव गृद्ध-मोही होकर नर्क तिर्यंचादि कुगति में चला जाता है। देवता भी भोगगृद्ध होने से पृथिवी, जल, वनस्पति व तिर्यंच गति में उत्पन्न हो जाते हैं। जब समदृष्टि जीव को सकाम निर्जरा व निर्मल पुण्य (पुण्यानुबंधी पुण्य) की प्राप्ति होती है तब वह प्राप्त वैभव सम्पत्ति का सत् कार्य में उपयोग कर के त्यागी बन मोक्षमार्ग आराधन कर सकता है। समदृष्टि को सम्पत्ति हितकर होती है जब कि मिथ्यात्वी को अहितकर होती है। इससे यह स्पष्ट निकलता है कि यदि अपन लोग प्राप्त सम्पत्ति से सत्कार्य न कर सकें तो मिथ्यात्व भाव में बांधे हुए पुण्य का यह फल है और इससे भविष्य में भी कुगति में जाना पड़ेगा। ऐसा जान भोगोपभोग को छोड़ कर प्राप्त सम्पत्ति, बुद्धि, बल, आयु को सत्कर्म में लगाना चाहिये। पुण्य पाप प्रकृति के बंध के चार प्रकार हैं:-

* १-पुण्यानुबंधी पुण्य-जो विवेकपूर्वक समकित सहित शुभ प्रवृत्ति करते हैं, जहा मानादि वाञ्छा या कोई अभिलाषा नहीं है वहां पुण्यानुबंधी पुण्य का बंध होता है। पुण्य अर्थात् सुख के अनुबंध यानि पीछे भी सुख, सम्पत्ति, बल बुद्धि मिलती है। उसका वह सदुपयोग कर सकता है व वैभव का शीघ्र त्याग कर सकता है, जैसे भरत चक्रवर्त्ती आदि—

२-पुण्यानुबंधी पाप-यह मिथ्यात्व दर्शन में शुभ प्रवृत्ति करने से प्राप्त होता है। इस से वैभव, सम्पत्ति, बल, बुद्धि आदि

* ये भेद प्रभेद धारणानुसार लिखते हैं, शुद्धि वृद्धि के लिये प्रकाशक को कृपया लिखें।

मिलते हैं। उनका पूरा सदुपयोग होना कठिन है। प्रायः उससे भोगगृद्ध होकर कुगति मिलती है। जैसे ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती। पुण्य अर्थात् सुख के पीछे (अनुबंध में) पाप अर्थात् दुःख मिलता है उसे पुण्यानुबंधी पाप कहते हैं।

३-पापानुबंधी पुण्य-यह समदृष्टि विवेकी मनुष्य पाप का अमुक काम लाचारी से करता है। जैसे शरीर निर्वाह हेतु भोजन आदि करना, व्यापार करना इत्यादि। उन कामों के करते समय उस जीव के हृदय में विरक्ति व पाप के लिये पश्चात्ताप होता है। जिससे वह जो हिंसा विषयादि क्रिया करता है उससे पापों का बंधन तो होता ही है परन्तु पश्चात्ताप युक्त होने से उसके फल में वह पीछा समभाव रख सकता है। इससे संसार वृद्धि नहीं होती। पाप अर्थात् दुःख के पीछे पुण्य अर्थात् सुख। पाप के फल में दुखकारी संयोग मिलते हैं परन्तु समभाव रहने से पीछा सुख मिलता है।

४-पापानुबंधी पाप-यह मिथ्यात्वी जीवहिंसा, विषयकषाय की प्रवृत्ति करते समय बांधता है। हिंसादि पाप हैं ही। इनके फल में दुःख मिलता है। उस दुःखमय हालत में पुनः पापकार्य व रुदन, चिंता, भय, शोकादि करके नया पाप का बंध करता है जिससे पाप (दुःख) के फल में (अनुबंध में) दुःख ही होता है। इसे पापानुबंधी पाप कहते हैं। इन चारों बंधनों में पुण्यानुबंधी पुण्य शुभ है। पापानुबंधी पुण्य मध्यम है और पुण्यानुबंधी पाप और पापानुबंधी पाप कनिष्ठ है। इसका यथार्थ ज्ञान सद्गुरु के पास करके जो हितकारी हो उसका आदर करना चाहिये।

(३१) निमित्त के वश से आत्मा के तीन प्रकार हैं:—
१—वहिरात्मा, २ अन्तरात्मा, ३ परमात्मा। शरीर, इंद्रिय व भोगादि में ममता रखने वाला जीव वहिरात्मा है अर्थात् मिथ्यात्वी है और शरीर इन्द्रिय भोगादि से भिन्न अपने आपको शुद्ध ज्ञान सुखादि स्वरूप अनुभवने वाला अंतरात्मा है अर्थात् समदृष्टि है। ऐसा समकिती जीव आत्मभावना पाकर परमात्म-पद लेता है।

वहिरातमा स्वभाव तज, अंतरातमा होय।
परमातम पद भजत हैं, परमातम ह्वे सोय॥
आतम सो परमातमा, और न दूजो कोय।
परमातम को ध्यावतें, यह परमातम होय॥
मैं ही सिद्ध परमातमा, मैं ही आतमराम।
मैं ही ज्ञाता ज्ञेय का, चेतन मेरा नाम॥
मैं अनंत सुख का धनी, सुखमय मोर सभाय।
अविनाशी आनंदमय, सो हूँ त्रिभुवन राय॥

काव्य विभाग

समकिती के गुण

सवैया—

स्वारथ के सांचे परमारथ के सांचे चित्त,
सांचे वैन कहे सांचे जैन मति है।
काहू के विरोधी नाहीं, परजाय बुद्धि नाहीं,
आतमगवेषी न गृहस्थ है न यति है।

ऋद्धि सिद्धि वृद्धि दीसै घरमें प्रगट सदा,

अंतर की लछिसौं अजाची लक्षपति है।

दास भगवंत के उदास रहै जगत सौं,

सुखिया सदैव ऐसे जीव समकिती है॥

भावार्थ—स्वार्थ अर्थात् आत्मपदार्थ में जिनको सत्य प्रतीति है। परमार्थ अर्थात् मोक्ष स्वरूप में यथार्थ श्रद्धा है जिन के चित्त में सदा सत्य के ही विचार आते हैं। जो सदा सत्य वचन ही बोलते हैं और सत्य का आचरण करते हैं वे जैन हैं। समस्त नय (अपेक्षा) के ज्ञाता होने से किसी के विरोधी नहीं हैं, जिनके पर्याय (शरीरादि) में आत्मबुद्धि नहीं है। गृहस्थीपन या यतिपन में आपा नहीं है परन्तु आत्मगुणगवेषक हैं, जिनको अपने हृदय में ज्ञानादि गुण रूप ऋद्धि और आत्मिक सुखरूप सिद्धि की सदा वृद्धि होती प्रकट दीखती अनुभव में आती है, ऐसी भावलक्ष्मी से जो सदा याचनारहित लक्षपति हैं। भगवान् (सद्गुणियों के) के सदा दास हैं। संसार (विषय कषाय) से सदा उदास (राग द्वेष) रहित हैं। ऐसे समदृष्टि जीव सदा आत्मिक सुख से महासुखी हैं। पहिले सत्य की प्राप्ति होवे, बाद तत्त्वबोध होकर सत्य सुख प्रकट होता है, इसलिये समदृष्टि बनने के लिये मन वाणी और काया मे सत्य का पालन करना चाहिये।

दोहा—समकितनुं मूल जाणीये, सत्य वचन साक्षात।

साचामां समकित वसे, मायामां मिथ्यात्व॥

मोक्ष की कुंजी भाग पहिले के अंत में समकित के पाच स्वरूप कहे हैं तीन यहां कहते हैं।

१—आठ मद कहते हैं.—

दोहा—जाति लाभ कुल रूप तप, बल विद्या अधिकार।

इनको गर्व जु कीजिए, ये मद अष्ट प्रकार॥

अर्थ—जाति, लाभ, कुल, रूप, तप, बल, विद्या और अधिकार, इनका गर्व करना ये आठ मद हैं।

१०—आठ मल कहते हैं:—

चौपाई

आशंका अस्थिरता वंछा। ममता दृष्टि दशा दुरगंछा।
वत्सल रहित दोष पर भाषे। चित्त प्रभावना मांहि न राखे॥

अर्थ—यथार्थ तत्त्व निश्चय में शंका, धर्म (ज्ञान दर्शन चारित्र तप) में अस्थिरता, विषय की इच्छा, देहमें ममत्व, अशुभ की ग्लानि, मैत्री-भाव प्रेम करके रहित, पराई निंदा और ज्ञानवृद्धि में उत्साह नहीं रखना ये आठ मल हैं।

११—छः आयतन कहते हैं :—

दोहा—कुगुरु कुदेव कुधर्म धर, कुगुरु कुदेव कुधर्म।
इनकी करे सराहना, इह षडायतन कर्म॥

अर्थ—कुगुरु, कुदेव, कुधर्म और कुगुरु, कुदेव और कुधर्म के भक्त की सराहना करना ये छ: आयतन हैं।

आयतन कहतां स्थान, दोष उत्पन्न होने का स्थान है।

१२—तीन मूढता कहते हैं। इन ८, ८, ६ और ३ के मेल से २५ दोष होते हैं।

दोहा—देव मूढ गुरु मूढता, धर्म मूढता पोष॥
आठ आठ षट् तीन मिलि, ये पचीस सब दोष॥

अर्थ—सुदेव कैसा है और कुदेव कैसा है यह न जाननेवाला देव मूढ है, सुगुरु और कुगुरु को न पहिचानना गुरु मूढता है और धर्म और अधर्म न समझना धर्म मूढता है। ये आठ (मद), आठ (मल), छः (आयतन) और तीन (मूढता) मिलकर पच्चीस दोष होते हैं।

१३—अब सम्यक्त्व की नाशक पांच दशाएँ कहते हैं:—

दोहा—ज्ञानगर्व मतिमंदता, निष्ठुर वचन उदगार।
रुद्रभाव आलसदशा, नाश पंच परकार॥

अर्थ—ज्ञान का गर्व, मति की मंदता, निर्दय वचन, क्रोध भाव और आलस्य उत्तम काम में ढीलापन इन पाँच दशाओं से सम्यक्त्व का नाश होता है।

१४—अब सम्यक्त्व के पँच अतिचार कहते हैं :—

दोहा—लोक हास्य भय भोग रुचि, अग्र सोच थिति मेव।
मिथ्या आगम की भगति, मृपा दर्शनि सेव॥

अर्थ—१ लोक हँसेंगे ऐसा भय पाय उत्तम काम न करना, २ इन्द्रिय के भोगों में रुचि, ३ आगे क्या होगा ऐसी चिन्ता, ४ मिथ्या शास्त्र में भक्ति (विषय कषाय बढ़ाने वाला कुज्ञान प्रिय होना) ५ और विपरीत समझवालों की संगति करना, ये पाँच अतिचार दोष हैं।

१५—अब अतिचार दोष का फल कहते हैं :—

चौपाई—अतीचार ये पंच प्रकारा।
समल करहि समकित की धारा॥

अर्थ—ये पाँच प्रकार के अतिचार दोष समकित की धारा को मलीन करते हैं।

अन्तिम शिक्षा

चौपाई—दूषण भूषण गति अनुसरणी।
दशा आठ समकित की वरणी॥

अर्थ—यह समकित की आठों दशाओं का वर्णन किया है।

ऊपर कहे हुए दूषणों को ग्रहण करने वाले इस लोक और परलोक सम्बंन्धी अनंत दुःखों को पाते हैं और गुणों को धारण करने वाले इह लोक और परलोक सम्बन्धी परम सुख पाते हैं।

* समयसार छंद में से साभार उद्धृत।

काव्य–विभाग

१–गुण-मंजरी

समकिती जीव को जो गुण व्यवहार में प्रकट होते हैं उनका वर्णन

[ब्रह्मविलास से साभार उद्धृत]

दोहा

परमपंच परमेष्ठि को, वंदौं शीस नवाय ।
जस प्रसाद गुण मंजरी, कहूं कथन गुण गाय ॥ १ ॥
ज्ञान रूप तरु ऊगियो, सम्यक् धरती मांहि ।
दर्शन दृढ़ शाखा सहित, चारित दल लहकांहि ॥ २ ॥
लगी ताहि गुण मंजरी, जस स्वभाव चहुँ ओर ।
प्रगटी महिमा ज्ञान में, फल है अनुक्रम जोर ॥ ३ ॥
जैसे वृक्ष रसाल के, पहिले मंजरी होय ।
तैसे ज्ञान तमाल के, गुण मंजरि का जोय ॥ ४ ॥
दया सुवत्सल सुजनता, आतम निंदा रीति ।
समता भक्ति विराग विधि, धर्म राग सों प्रीति ॥ ५ ॥
मन प्रभावना भाव अति, त्यागन ग्रहन विवेक ।
धीरज हर्ष प्रवीनता, इम मंजरी अनेक ॥ ६ ॥
तिनके लच्छन गुण कहूं, जिन आगम परमान ।
इक क्रम शिव फल लागि है, देख्यो श्री भगवान ॥ ७ ॥

चौपाई

दया कही द्वय भेद प्रकाश । निज पर लच्छन कहूं विकाश ।
प्रथम कहूं निज दया बखान । जिह में सब आतम रस जान ॥ ८ ॥
शुद्धस्वरूप विचारहिं चित्त । सिद्ध समान निहारहि नित्त ।
थिरता धरै आतमपद माहिं । विषय सुखन की वाञ्छा नाहिं ॥ ६ ॥
रहै सदा निज रस में लीन । सो चेतन निज दया प्रवीन ।
अब दूजों पर दया विचार । जो जानै सगरो संसार ॥ १० ॥
छहों काय की रच्छा होय । दया शिरोमणि कहिये सोय ।
पृथिवी अं[1]प तेऊं[2] अरु वाय । वनस्पति त्रिस भेद कहाय ॥ ११ ॥
मन वच काय विराधै नाहिं । सो पर दया जिनागम माहिं ।
अव्रत में भावनि तें टलै । यथाशक्ति कछु दर्वित पलै ॥ १२ ॥
ज्यों कषाय की मंदित ज्योत । त्यों त्यों दया अधिक तिहँ होत ।
त्रस की रच्छा निश्चय करै । देश विरत थावर कछु टरै ॥ १३ ॥
सर्व दया छट्ठे गुण थान । आगे ध्यान कह्यो भगवान ।
और कहूँ पर दया वखान । ताके लच्छण लेहु पिछान ॥ १४ ॥
कष्टित देख अन्य जिय कोय । जाके हिरदे करुणा होय ।
शक्ति समान करे उपकार । सो पर दया कही संसार ॥ १५ ॥

दोहा

कही दया द्वय भेद सों, थोरे में समुझाय ।
याके भेद अपार हैं, जाने श्री जिनराय ॥ १६ ॥
अब वत्सलता गुण कहूं, जो रुचिवंत सदीव ।
लग्यो रहै जिनधर्म में, सो समदृष्टी जीव ॥ १७ ॥

१—जल, २—अग्नि ।

चौपाई

जैसे वच्छा चूंखे गाय । तैसे जिन वृप याहि सुहाय ।
लग्या रहे निशदिन तिहं माहिं । और काज पर मनसा नाहिं ॥१८॥
सुनै जिनागम के विरतंत । त्यों त्यों सुख तिह होत महंत ।
जो देख्या केवल भगवान । सो निहचै याके परमान ॥ १६ ॥
द्वादश अग प्ररूपहि जोय । सो याके घट अविचल होय ।
रहै सदा जिन मत को ध्यान । सो वत्सलता गुण परमान ॥ २० ॥
अब तीजी सज्जनता कहूं । जाके भेद यथारथ लहूं ।
देखे जो जिन-धर्मी जीव । ताकी संगति करे सदीव ॥ २१ ॥
सव प्राणी पर सज्जन भाव । मित्र समान करे चित चाव ।
जहां सुने जिन-धर्मी कोय । तहं रोमांचित हुलसित होय ॥ २२ ॥
देखत ही मन लहै आनंद । सो सज्जनता है गुण वृंद ।
अब अपनी निंदा अधिकार । कहूं जिनागम के अनुसार ॥ २३ ॥
जव जिय करै विषय सुख भोग । निंदित ताहि रहै उपयोग ।
अघ कीरति करै जिय जहां । अप्रित रहै रैन दिन तहां ॥ २४ ॥
देह कुटुंबादिक से नेह । जव है तब निंदे निज देह ।
व्रत पचखान करै नहिं रंच । तव कहै रे मूरख तिरजंच ॥२५॥
जव कहुं जिय की हिंसा होय । तव धिक्कार करै निज सोय ।
जव परिणाम बहिर्मुख जाय । तव निज निंदा करै सुभाय ॥ २६ ॥
इह विधि निज निंदहि जे जीव । ते जिन धर्म कहै सदीव ।
धर्म विषे उद्यम नहिं होय । तव निज निंदहि धर्मी सोय ॥ २७ ॥

दोहा

आतम निंदा पाठ इम, करत भविक निश दीस ।
अब समता लक्षण कहूं, जो भाषित जगदीश ॥ २८ ॥

चौपाई

समता भाव धरहि उर मांहीं। वैर भाव काहू सो नाहीं।
निज समान जाने सब हंस। क्रोधादिक तब करै विध्वंस[1] ॥२९॥
उत्तम क्षमा धरहि उर आन। सुख दुःख दोहि में एकहि बान[2]।
जो कोउ क्रोध करै इह आय। तबहू याके समता भाय ॥ ३० ॥
उपजै क्रोध कषाय कदाच। तब तहँ रहैं आपसों राच।
सो समतादिक लच्छन जान। थोरे में कछु कह्यो बखान ॥३१॥
अब कहुं भगति भाव जो होय। सेवहि पंच पदहि नित सोय।
देव गुरु जिन आगम सार। इन की भक्ति रहै निरधार ॥ ३२ ॥
जामहिं गुण देखे अधिकाय। ताकी भक्ति करहि मन लाय।
भक्ति भावतैं नाहिं अघाय[3]। समदृष्टी को यहै स्वभाय ॥ ३३ ॥
अब कहुं गुण वैराग बखान। उदासीन[4] सबसो तिहँ जान।
जो पै रहै गृहस्थावास। ताहू मन तिह रहै उदास ॥ ३४ ॥
जानै कबहूं चारित लेउँ। परिग्रह सबै त्याग कर देउँ।
क्षणभंगुर देखहि संसार। तातैं राग तजै निरधार ॥ ३५ ॥
निज शरीर विषलेषण करै। अशुचि देख ममता परिहरै।
यह जड़मय हूँ चेतन सरबंग। कैसे राग करूं इहि संग ॥ ३६ ॥
मन लाग्यो आतम रस माहिं। ताते वैर वासना नाहिं।
इम वैराग्य धरहिं जे संत। ते समद्रष्टी कहे सिद्धंत ॥ ३७ ॥
अथ कहूं धर्म राग की बात। समद्रष्टी जिय सबै सुहात।
पंच परम परमेष्ठी जान। तिनमें राग धरहि उर आन ॥ ३८ ॥
जिन आगम जो कह्यो सिधंत। तिन पै राग धरत हैं संत।
ज्यों देखहि जिन धर्म उद्योत। त्यों तिहिं राग महा उर होत ॥३९॥

१—नाश। २—आदत। ३—थके नहीं। ४—राग द्वेष रहित।

जहां सुने जिनधर्मी कोय। तिहिं मिलवे की इच्छा होय।
धर्मराग है धर्मी जोय। सम्यक् लच्छन कहिये सोय॥ ४०॥

दोहा

कही आठ गुण मंजरी, सम्यक् लक्षण जान।
पंच भेद पुनि और हैं। तेहू कहूं बखान॥ ४१॥
मन प्रभावना भाव धर। हेय उपादेय वंत।
धीरज हर्ष प्रवीनता। इम मंजरी वृत्तंत॥ ४२॥

चौपाई

चित्त प्रभावना भावहिं धरै। किहि विधि जैनधर्म विस्तरै।
संघ चलावहि खरचै दाम। प्रगट करै जिन शासन नाम॥४३॥
साधु साध्वी श्रावक वर्ग। इन के दूर करहिं उपसर्ग।
पोषै संघ चतुर्विधि जान। सो जिन धर्मी कहैं बखान॥ ४४॥
इह विधि करै उद्योत अनेक। जाके हिरदे परम विवेक।
खरचहि द्रव्य देय बहु दान। सो प्रभावना अंग बखान॥ ४५॥
अब कहुं हेय उपादेय भेद। जाके लखे मिटे सब खेद।
प्रथमहिं हेय कहत हूं सोय। जामें त्याग कर्म को होय॥४६॥
पुद्गल त्याग योग्य सब तोहि। इनकी संगति मगन न होहि।
ऐसे जो वरनै परिणाम। हेय कहत है ताको नाम॥ ४७॥
अब कहूं उपादेय की बात। जामें ग्रहण अर्थ विख्यात।
निज स्वरूप जो आतमराम। चिदानंद है ताको नाम॥ ४८॥
ज्ञान दरश चारित भंडार। परमधर्म धन धारन हार।
निराकार निरभय निरूप। सो अविनाशी ब्रह्मस्वरूप॥ ४९॥
ताकी महिमा जानहिं संत। जाकी शक्ति अपार अनंत।
ताहि उपादेय जानहिं जोय। सम्यक् दृष्टी कहिये सोय॥५०॥

निज स्वरूप जो ग्रहण करेय। पर सत्ता सब त्यागे देय।
ऐसे भाव धरहिं जो कोय। हेय उपादेय कहिये सोय॥ ५१॥
अब धीरज गुण कहूं बखान। जिनके ते समदृष्टी जान।
धर्म विषे जो धीरज धरे। कष्ट देख सरधा नहिं टरे॥ ५२॥
सहे उपसर्ग अनेक प्रकार। सबहू धीरज है निरधार।
मिथ्या मत जो देखे कोय। चमत्कार तामें बहु होय॥ ५३॥
तबहूं ताहि लखहि अज्ञान। सो धीरज धर सम्यक्वान।
अब कहूं हरष गुणहिं समुझाय। समदृष्टी यह सहज सुभाय॥५४॥
निज स्वरूप निरखहिं जो कोय। ताके हर्ष महा उर होय।
सुख अनंत को पायो ईश। तिहँ निरखे हरषे निस दीस॥५५॥
छहों द्रव्य के गुण परजाय। जाने जिन आगम सुपसाय।
निज निरखे सुविनाशी नाहिं। याते हर्ष महा उर माहिं॥ ५६॥
तीर्थंकर देवन के देव। ताकि प्रभुता के सब भेव।
अनंत चतुष्टय आदि विचार। हर्षे ते निज मांहि निहार॥५७॥
जन्म जरादिक दु:ख बहु जान। तिहतें भिन्न अपनपो मान।
सिद्ध समान विचार हि चित्त। तातें हर्ष महा उर नित्त॥५८॥
अब गुण कहूं प्रवीन बखान। जिन के ते समदृष्टी मान।
स्वपर विवेकी परमसुजान। प्रगट्यो बोध महा परधान॥५९॥
जानन लाग्यो सब विरतंत। जैसो कछु देख्यो भगवंत।
जिन आगम के वचन प्रमान। तामहिं बुद्धि अहै परधान॥६०॥
धर्म महा गुण जाके होय। तातैं निपुण न दूजो कोय।
जाके हृदय भयो परकाश। ताकी कुमति गई सब नाश॥६१॥
चौदह विद्या में जो आदि। ब्रह्मज्ञान सो कह्यो मरजाद।
तातैं जो परवीन प्रधान। सो समदृष्टि बिन नहिं आन॥ ६२॥
मिथ्याती जीव भ्रम में रहे। सो प्रवीनता कैसे गहे!

तातैं कथा यहै परमान। है प्रवीन जिय सम्यक्वान ॥ ६३ ॥
इहिविधि मंजरी लगी अनेक। ज्ञानवंत धर देख विवेक।
जैसे द्रुम शोभै सहकार। तैसे ज्ञान गुणन के भार ॥ ६४ ॥
यातैं प्रथम मंजरिका कही। इहीं द्रुम शिवफल लागहि सही।
जाके घट समकित परकाश। ताके ये गुण होंहि निवास ॥६५॥
सम्यग्दर्शी लहै जो जीव। सो शिवरूपी कह्यो सदीव।
तातैं सम्यक्ज्ञान प्रमान। जातें शिवफल होय निदान ॥ ६६ ॥

दोहा

कही ज्ञान गुणमंजरी जिन मत के अनुसार।
जो समुझहिं औसर दई, ते पावहिं भवपार ॥ ६७ ॥
यामें निज आतमकथा, आतमगुण विस्तार।
तातैं याहि निहारिये, लहिये आतम सार ॥ ६८ ॥
जो गुण सिद्ध महंत के, ते गुण निज मांहि जान।
भैया निश्चय निरखतें, फेर रंच जिन मान ॥ ६९ ॥
सत्रहसौ चालीस के, उत्तम माघ हिमंत।
आदिपक्ष दशमी सुदिन, मंगल कह्यो सिद्धंत ॥७०॥

२—समदृष्टि को शिक्षा

समकित गुण प्रकट करने से परवस्तु (बाह्य पदार्थ) का त्याग होता है और हिंसा, विषय कषाय का त्याग करने से ध्यान की वृद्धि होकर गुणस्थान श्रेणी चढ़ी जाती है और मोक्षकी प्राप्ति होती है, उसका वर्णन—

दोहा

सम्यक् आदि अनंत गुण, सहित सुआतम राम।
प्रगट भये जिहँ कर्म तज, ताहि करौं परणाम ॥ १ ॥

चौपाई

अप्रत्याख्यान[1] जाय नहिं जहां। व्रत पचखान पलै नहिं तहां।
सम्यक्दृष्टी परमसुजान। धरहिं शुद्ध अनुभव को ध्यान॥ २॥
अनुभव में आतम रस लसै। आतम रस में शिव सुख वसै।
आतम ध्यान धर्यो जिन देव। तातैं भये मुक्ति स्वयमेव॥ ३॥
मुक्ति होन को बीज निहार। आतम ध्यान धरैं अरिटार[2]।
ज्यों ज्यों कर्म विलय को जाहिं। त्यों त्यों सुख प्रगटै घट माहिं॥४॥
प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यान कर। चकचूर चढहिं गुण थान।
आगें महा ध्यान धर धीर। कर्मशत्रु जीते बलवीर॥ ५॥
प्रगट करै निज केवल ज्ञान। सुख अनंत विलसै निहं थान।
लोक अलोक सवहि झलकंत। तातैं सब भाखै भगवंत॥ ६॥
चारों कर्म अघाती हार। तब वे पहुंचे मुकति मंझार।
काल अनंतहि ध्रुव है रहै। तास चरन भविवंदन कहै॥ ७॥

दोहा

सुख अनंत की नींव यह, सम्यक् दर्शन जान।
याही तें शिवपद मिले, भैया लेहु पिछान॥ ८॥

३—वैराग्यपचीसी

वैराग्यवान् आत्मा ही समकिती होसकती है। समकित से स्थायी वैराग्य अर्थात् भोगों से भेद ज्ञानपूर्वक अंतरंग अरुचि होती है, सो बताते हैं:—

१—कुछ भी त्याग नहीं करना। (प्रत्याख्यान=कुछ त्याग करना)

२—शत्रु (राग द्वेष आदि भाव-शत्रु) का त्याग करके।

दोहा

रागादिक दूषण तजे, वैरागी जिन देव ।
मन वच सीस नवायकैं, कीजे तिन की सेव ॥ १ ॥
जगत् मूल यह राग है, मुक्ति मूल वैराग ।
मूल दुहुन को यह कह्यो, जाग सकै तो जाग ॥ २ ॥
क्रोध मान माया धरत, लोभ सहित परिणाम ।
येही तेरे शत्रु हैं, समुझो आतम राम ॥ ३ ॥
इनहीं चारों शत्रु को, जो जीते जग माहिं ।
सो पावहि पथ मोक्ष को, यामे धोखा नाहिं ॥ ४ ॥
जा लच्छी के काज तू, खोवत है निज धर्म ।
सो लच्छी संग ना चले, काहे भूलत भर्म ॥ ५ ॥
जा कुटुंबके हेत तू, करत अनेक उपाय ।
सो कुटुंब अग्नि लगा, तोको देत जराय ॥ ६ ॥
पोषत है जा देह को, जोग त्रिविधि के लाय ।
सो तोकों छिन एक में, दगा देय खिरजाय ॥ ७ ॥
लच्छी साथन अनुसरे, देह चले नहिं संग ।
काढ़ काढ़ सुजनहि करै, देख जगत् के रंग ॥ ८ ॥
दुर्लभ दश दृष्टान्त सम, सो नरभव तुम पाय ।
विषय सुखन के कारने, सर्वस चले गमाय ॥ ९ ॥
जगहिं फिरत कई युग भये, सो कछु कियो विचार ।
चेतन अवतो चेतहू, नरभव लहि अतिसार ॥ १० ॥
ऐसे मति विभ्रम भई, विषय लागत धाय ।
कै दिन कै छिन कै घरी, यह सुख थिर ठहराय ॥ ११ ॥
पीतो सुधा स्वभाव की, जी तो कहूं सुनाय ।
तूं रीतो क्यों जातु है, वीतो नर भव जाय ॥ १२ ॥

मिथ्यादृष्टि निकृष्ट अति, लखै न इष्ट अनिष्ट ।
भ्रष्ट करत है सिष्ट को, शुद्ध दृष्टि दै पिष्ट ॥ १३ ॥
चेतन कर्म उपाधि तज, राग द्वेष को संग ।
ज्यों प्रगटै परमातमा, शिव सुख होय अभंग ॥१४॥
ब्रह्म कहूं तो मैं नहीं, क्षत्री हूं पुनि नाहिं ।
वैश्य शुद्र दोऊ नहीं, चिदानंद हूँ माहिं ॥ १५ ॥
जो देखै इहि नैनसों, सो सब विनस्यो जाय ।
तासों जो अपनो कहै, सो मूरख शिर राय ॥१६॥
पुद्गल को जो रूप है, उपजै विनसै सोय ।
जो अविनाशी आतमा, सो कछु और न होय ॥१७॥
देख अवस्था गर्भ की, कौन कौन दुःख होंहि ।
बहुर मगन ससार में, सो लानत है तोहि ॥ १८ ॥
अधो शीश ऊरध चरन. कौन अशुचि आहार ।
थोरे दिन की बात यह, भूली जात संभार ॥ १९ ॥
अस्थि चर्म मल मूत्र में, रैन दिना को वास ।
देखें दृष्टि घिनावनो, तऊ न होय उदास ॥ २० ॥
रोगादिक पीड़ित रहै, महा कष्ट जो होय ।
तबहू मूरख जीव यह. धर्म न चिन्ते कोय ॥ २१ ॥
मरन समय बिललात है, कोऊ लेउ बचाय ।
जानै ज्यों त्यों जीजिये, जोर न कछू बसाय ॥ २२ ॥
फिर नरभव मिलिबो नहीं, कियेहु कोटि उपाय ।
तातैं बेगहि चेतहू. अहो जगत के राय ॥ २३ ॥
भैया की यह वीनती, चेतन चेतहिं विचार ।
ज्ञान दर्श चारित्र में, आपो लेहु निहार ॥ २४ ॥
एक सात पंचास को, संवत्सर सुखकार ।
पक्ष शुक्ल तिथि धर्म की, जै जै निशिपति वार ॥ २५ ॥

४—नाटक पचीसी

समदृष्टि जीव को स्व पर का यथार्थ ज्ञान होता है, जिससे वह संसार की सब प्रवृत्ति को नाटक के तुल्य समझता है, आप ज्ञाता अर्थात् समभावी रहता है, भोक्ता अर्थात् रागी द्वेषी नहीं बनता।

दोहा

कर्म नाटनृत तोर के भये जगत जिन देव।
नाम निरञ्जन पद लह्यो, करूं त्रिविधि तिहिं सेव ॥ १ ॥
कर्मन के नाटक नटत, जीव जगत् के माहिं।
तिनके कछु लच्छन कहू, जिन आगम की छांहि ॥ २ ॥
तीन लोक नाटक भवन मोह नचावन हार।
नाचत है जिय स्वांग धर, कर कर नृत्य अपार ॥ ३ ॥
नाचत है जिय जगत में, नाना स्वांग बनाय।
देवनर्क तिरजंच में, अरु मनुष्य गति आय ॥ ४ ॥
स्वांग धरै जब देव को, मानत है निजदेव।
वही स्वांग नाचत रहै, यह अज्ञान की टेव ॥ ५ ॥
औरन सों और हि कहै, आप कहे हम देव।
गहि के स्वांग शरीर को, नाचत है स्वयमेव ॥ ६ ॥
भये नरक में नारकी, लागे करन पुकार।
छेदन भेदन दु:ख सहै, यही नाच निरधार ॥ ७ ॥
मान आपको नारकी, त्राहि त्राहि नित होय।
यह स्वांग निर्वाह है, भूल परो मति कोय ॥ ८ ॥
[1] नित्यनिगोद* के स्वांग की, आदि न जाने जीव।
नाचत है चिरकाल के, भव्य अभव्य सदीव ॥ ९ ॥

---

१ अव्यवहारराशि।

* अनन्त जीवों के रहने का एक शरीर (कंद, मूल आदि जिनमें अनन्त जीव हैं) को निगोद कहते हैं।

इतर नाम गिगोद है, तहां वसत जे [2]हंस ।
ते सव स्वांग हि खेल के, वहुर धर्यो यह वंस ॥ १० ॥
उछरि उछरि के गिर परै, ते आवे इहि ठौर ।
मिथ्या दृष्टि स्वभाव धर, यह स्वांग शिरमौर ॥ ११ ॥
कबहू पृथ्वी काय में, कबहू अग्नि स्वरूप ।
कबहू पानी [3]पौन है, नाचत स्वांग अनूप ॥ १२ ॥
वनस्पती के भेद वहु, स्वांस अठारह वार ।
तामें नाच्या जीव यह, धर धर जन्म अपार ॥ १३ ॥
विकलत्रय के स्वांग में, नाचे चेतनराय ।
उसी रूप है परणये, वरनें कैसें जाय ॥ १४ ॥
उपजे आय मनुष्य में, धरै पंचेंद्री स्वांग ।
[1]अष्टमदनी मातो रहै, मातो खाई भांग ॥ १५ ॥
पुण्ययोग भूपति भये, पाप योग भये रंक ।
सुख दुःख आप हि मान के, नाचत फिरे निशंक ॥ १६ ॥
नारी नपुंसक नर भये, नाना स्वांग रमाहिं ।
चेतन सों परिचय नहीं, नाच नाच खिरजाहिं ॥ १७ ॥
ऐसे काल अनन्त हुवे, चेतन नाचत तोहि ।
अजहूं आप संभारिये, सावधान किन होई ॥ १८ ॥
सावधान जे जिय भये, ते पहुंचे शिवलोक ।
नाच भाव सव त्याग के, विलसत सुख के थोक ॥ १९ ॥
नाचत है जग जीवजे, नाना स्वांग रमन्त ।
देखत है तिई नृत्य को, सुख अनन्त विलसंत ॥ २० ॥
जो सुख देखत होत है, सो सुख नाचत नाहिं ।
नाचन में सव दुःख है, सुख निज देखन माहिं ॥ २१ ॥

१—व्यवहारराशि । २—जीव । ३—पवन ।

नाटक में सब नृत्य है, सार वस्तु कछु नाहि ।
ताहि विलोका कौन है, नाचन हारे माहिं ॥ २२ ॥
देखे ताको देखिये, जाने ताको जान ।
जो ताको शिव चाहिये, तो ताको पहिचान ॥ २३ ॥
प्रकट होत परमात्मा, ज्ञान दृष्टि के देत ।
लोकालोक प्रमाण सब, छिन इक में लख लेत ॥ २४ ॥
भैया नाटक कर्म तें, नाचत सब संसार ।
नाटक तज़ न्यारे भये, ते पहुंचे भवपार ॥ २५ ॥

५. आतमस्वरूप के दोहे । (परमात्म छत्तीसी)

सब ज्ञान का सार एक आत्मस्वरूप को पहिचानना और अनुभव करना है । समकित का अर्थ ही आत्मानुभव है । आत्मा की हालत समझने से सत्यासत्य का ज्ञान होता है ।

दोहा

परम देव परमातमा, परम ज्योति जगदीश ।
परम भाव उर आनके, प्रणमत हों नमि सीस ॥ १ ॥
एक जु चेतन द्रव्य है, तिन में तीन प्रकार ।
बहिरातम अन्तर तथा, परमातम[1] पदसार ॥ २ ॥
बहिरातम ताको कहै, लखै न ब्रह्म स्वरूप ।
मग्न रहै पर द्रव्य में, मिथ्यावंत अनूप ॥ ३ ॥
अंतर आतम जीवसो सम्यग्दृष्टी होय ।
चौथे अरु पुनि बारवें, गुण थानकलों सोय[2] ॥ ४ ॥
परमातम पद ब्रह्म को, प्रगट्यो शुद्ध स्वभाय ।
लोकालोक प्रमान सब, झलकै जिन में आय ॥ ५ ॥

१—आत्मा का स्वरूप । २—स्वभाव ।

बहिरातमा स्वभाव तज, अंतरातमा होय।
परमातमपद भजत है, परमातम है सोय ॥ ६ ॥
परमातम सो आतमा, और न दूजो कोय।
परमातम को ध्यावतें, यह परमातम होय ॥ ७ ॥
परमातम यह[1] ब्रह्म है, परम ज्योति जगदीश।
परसों भिन्न निहारिये, जोई अलख[2] सोई ईश[3] ॥ ८ ॥
जो परमातम सिद्ध में सो ही या तन माहिं।
मोह मैल दृग[4] लागि रह्यो, तातैं सूझै नाहिं ॥ ९ ॥
मोह[5] मैल रागादि को जा छिन[6] कीजै नाश।
ता छिन यह परमातमा, आपहिं लहै प्रकाश ॥ १० ॥
आतम सो परमातमा, परमातम सो सिद्ध।
बीच की दुविधा[7] मिट गई, प्रगट भई निज रिद्ध ॥ ११ ॥
मैंही सिद्ध[8] परमातमा, मैं ही आतमराम।
मैं ही ज्ञाता[9] ज्ञेय[10] को, चेतन मेरो नाम ॥ १२ ॥
मैं अनंत सुख को धनी, सुखमय मोर[11] स्वभाव[12]।
अविनाशी आनंदमय, सो हौं त्रिभुवन राय ॥ १३ ॥
शुद्ध हमारो रूप है शोभित सिद्ध समान।
गुन अनंतकर संजुगत[13], चिदानंद भगवान ॥ १४ ॥

१—देखें। २—अरूपी वर्ण गंध रस स्पर्श रहित ज्ञानस्वरूप। ३—श्रेष्ठ तत्व आत्मा। ४ दर्शनशक्ति देखने की ताकत को। ५—विपरीत बुद्धि–मित्यात्व मोहनीय। ६—क्षण, समय। ७—जड़ और चेतन मिलकर चौरासी लख जीवायोनी में अशुद्ध अवस्था होती है वह। ८—अनंत ज्ञान दर्शन। सुख शक्तिरूप चार गुण। ९—जानने वाला। १०—जाना जाय सो सर्व जड़ चेतन। ११—मेरा। १२—स्वभाव। १३—सहित।

जैसो शिव[1] खेतहि वसै, तैसो या तन माहिं।
निश्चय दृष्टि निहारतें, फेर रंच कहुं नाहिं ॥ १५ ॥
कर्मनके संयोगतें, भये तीन प्रकार।
एक आतमा द्रव्य को, कर्म नचावनहार ॥ १६ ॥
कर्म संघाती आदिके, जोर न कछू बसाय।
पाई कला विवेक[2] की, राग द्वेष विन जाय ॥ १७ ॥
कर्मन की जर[3] राग है, राग जरे[4] जर जाय।
प्रगट होत परमातमा, 'भैया' सुगम उपाय ॥ १८ ॥
काहे को भटकत फिरै, सिद्ध होनके काज।
राग द्वेष को त्याग दे, 'भैया' सुगम इलाज ॥ १९ ॥
परमातम पद को धनी, रंक भयो विलकाय।
राग द्वेष की प्रीति सों, जनम अकारथ[5] जाय ॥ २० ॥
राग द्वेष की प्रीति तुम, भूलि करो जिन रंच।
परमातम पद ढांकके, तुमहि किये तिरजंच[6] ॥ २१ ॥
जप तप संयम सब भलो, राग द्वेष जो नाहिं।
राग द्वेष के जागतें[7], ये सब सोये जाहिं ॥ २२ ॥
राग द्वेष के नासतें, परमातम परकाश।
राग द्वेष के भासतें, परमातम पद नाश ॥ २३ ॥
जो परमातम पद चहै, तो तू राग निवार।
देख सयोगी स्वामि को, अपने हिये विचार ॥ २४ ॥
लाख बात की बात यह, तोकों देह बताय।
जो परमातम पद चहै, राग द्वेष तज भाय ॥ २५ ॥

१—मोष में सिद्ध जीव। २—भेद ज्ञान। समकित। आत्मदर्शन। स्वानुभूति। ३—जड़ मूल। ४—नाश होने से। ५—जीव। ६—देव मनुष्य से अनंत गुना काल तिर्यंच मे रहना पड़ता है जिससे। ७—जागे तो।

रागद्वेष के त्यागविन, परमातम पद नाहिं।
कोटि कोटि जप तप करो, सबहि अकारथ जाहिं ॥२६॥
दोष आतमा को यह है, रागद्वेष के संग।
जैसे पास मजीठ के, वस्त्र और ही रंग ॥ २७ ॥
तैसें आतम द्रव्य को, रागद्वेष के पास।
कर्म रंग लागत रहे, कैसें लहे प्रकाश[1] ॥ २८ ॥
इन कर्मन को जीतिवो, कठिन बात है मीत।
जड़ खोदे विन नहिं मिटै, दुष्टजाति विपरीत ॥ २९ ॥
[2]लल्लोपत्तो के किये, ये मिटवे के नाहिं।
ध्यान अग्नि परकाशकें, होम देहु तिहि माहिं ॥३०॥
ज्यों दारू के गंज को, नर नहिं सकै उठाय।
तनक आग संयोगतैं, छिन इक में उड़िजाय ॥ ३१ ॥
देह सहित परमातमा, यह अचरज की बात।
राग द्वेष के त्याग तैं, कर्मशक्ति जरजात ॥ ३२ ॥
परमातम के भेद द्वय, निकल[3] सकल[4] परमान।
सुख अनंत में एक से, कहि वेको द्वय थान ॥ ३३ ॥
'भैया' वह परमातमा, सोही[5] तुममें आहि।
अपनी शक्ति सम्हारिके, लखो[6] वेग ही ताहि ॥३४॥
रागद्वेष को त्याग के, धर परमातम ध्यान।
ज्यों पावे सुख संपदा, 'भैया' इम कल्यान ॥ ३५ ॥
संवत् विक्रम भूप को, सत्रह से पंचास।
मार्गशीर्ष रचना करी, प्रथम पक्ष दुतिजास * ॥३६॥

१—निग्र। २—टालटूल, सामान्य उपाय।
३—सिद्ध। ४—अरिहंत। ५—वही। ६—देखो।
* "ब्रह्म-विलास" में से साभार उद्धृत

सफल-जीवन।

(ले० पं० दरबारीलालजी न्यायतीर्थ)

श्री उत्तराध्ययन सूत्र के तीसरे अध्ययन की पहिली गाथा का भावार्थ

एक तरह से जीवन मिलना महँगा नहीं है। प्राणी को मरने के बाद बिना किसी टके पैसे के जीवन मिल ही जाता है। इस प्रकार का जीवन जितना सस्ता है सफल-जीवन उतना ही, बल्कि उससे भी अधिक महँगा है। लाखों मनुष्यों में एकाध ही अपने जीवन को सफल बना पाता है। जीवन मिलना सरल है परन्तु जीवन की सफलता के साधन मिलना मुश्किल है। उत्तराध्ययन में चार बातें दुर्लभ बतलाई गई हैं जो कि जीवन की सफलता के लिये आवश्यक कही जा सकती हैं।

चत्तारि परमंगाणि, दुल्लहाणीह जंतुणो।
माणुसत्तं सुई सद्धा, संजमम्मिय वीरयं।

प्राणी को चार कारणों का मिलना बहुत मुश्किल है। मनुष्यत्व, शास्त्रज्ञान, श्रद्धा और संयम पालन करने की शक्ति।

मनुष्यपर्याय के विषय में जब हम विचार करते हैं तब इसकी दुर्लभता को देखकर हमें चकित होजाना पड़ता है। मुट्ठीभर मनुष्यों के सिवाय संसार में अनन्त जीवराशि पड़ी हुई है। आज वैज्ञानिक लोग भी इस बात को मानते हैं कि पानी की ज़रासी बूंद में भी करोड़ों जीव पाये जाते हैं। इन सब पर्यायों को छोड़ कर कीड़े मकोड़े पशुपक्षी आदि के शरीरों से बचकर मनुष्य होजाना कितना मुश्किल है।

लेकिन यहां पर सिर्फ मनुष्यपर्याय की ही दुर्लभता नहीं

बतलाई गई है। किन्तु मनुष्यत्व की दुर्लभता बतलाई गई है। मनुष्यभव पाजाना एक बात है और मनुष्यत्व प्राप्त करलेना दूसरी बात है। जानी हुई दुनियां में मनुष्य तो करीब १॥ अर्ब हैं परंतु मनुष्यत्ववाले मनुष्यों की गिनती अगर की जाय तो वह अंगुलियों पर की जा सकेगी। इसीलिये शास्त्र में मनुष्यभव की दुर्लभता की अपेक्षा मनुष्यत्व की दुर्लभता का कथन किया है। यह बात बड़े मार्के की है।

सच है, मनुष्यभव पाजाने पर भी अगर मनुष्यत्व प्राप्त न किया तो मनुष्यजीवन किस काम का? परंतु यहां पर प्रश्न यह है कि मनुष्यत्व आखिर है क्या? जिसे न पाने पर मनुष्य-जन्म ही व्यर्थ माना जाता है।

मनुष्यभव मिलने पर मनुष्य का आकार मिलता है परंतु मनुष्यत्व के लिये आकार की नहीं किन्तु गुणों की आवश्यकता है। एक कवि का कहना है कि जब तक गुणियों के भीतर मनुष्य की गणना न हो तब तक उसकी माता पुत्रवती ही नहीं है।

'गुणिगणगणनारंभे न पतति कठिनी सुसंभ्रमाद्यस्य।
तेनाम्बा यदि सुतिनी वद वन्ध्या कीदृशी नाम॥ १॥

अर्थात् गुणी लोगों की गिनती करते समय जिसके नाम पर अंगुली न रक्खी गई अर्थात् जिसका नाम न लिया गया उस पुत्र से अगर कोई माता पुत्रवती कहलावे तो कहिये वन्ध्या किसे कहेंगे?।

इससे साफ मालूम होता है कि श्रेष्ठ गुणों को धारण करनेवाला ही मनुष्य है। बाकी वो मनुष्य नहीं किन्तु मनुष्याकार प्राणी हैं।

मनुष्य शब्द का एक अर्थ यह भी किया जाता है कि "मनु" की संतान है वह मनुष्य है। यद्यपि मनु की संतान सभी हैं लेकिन मनु की संतान होने का गौरव धारण करने वाले थोड़े हैं। सच्ची संतान तो वही है जो अपने पूर्व पुरुषों का गौरव धारण कर सके। मनु उन्हें कहते हैं जो युग निर्माण करते हैं। अर्थात् समाज की गिरी हुई हालत को उठा कर युगान्तर उपस्थित कर देते हैं। जैन-शास्त्रों में मनुओं का (कुलकरों का) जो उल्लेख मिलता है उस से साफ मालूम होता है कि उनने युग (कर्मभूमि) की आदि में समाज की आवश्यकता को पूर्ण किया था। आज भी जो मनुष्य, समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करता है समाज में युगान्तर उपस्थित करता है वह मनुष्य है, वही मनु की सच्ची सन्तान है।

यद्यपि प्रत्येक मनुष्य में इतनी शक्ति या योग्यता नहीं हो सकती। फिर भी प्रत्येक मनुष्य मनु की संतान होने के गौरव की रक्षा कर सकता है। यह आवश्यक नहीं है कि एक ही मनुष्य युगान्तर उपस्थित कर दे। इमारत सरीखे साधारण कार्य को भी एक ही कारीगर नहीं बना पाता फिर युगान्तर उपस्थित करना तो बड़ी बात है। हां! इतना हो सकता है कि हम उसके लिये कुछ भी कर गुज़रें। अगर हम एक ईंट भी जमा सके तो भी कार्यकर्ता कहलायेंगे। मनु का कार्य कर सकेंगे। यही तो मनुष्यत्व है।

एक दूसरा कवि मनुष्यत्व का विवेचन इन शब्दों में करता है—

आहारनिद्राभयमैथुनं च। सामान्यमेतत्पशुभिर्नराणाम् ॥
धर्मो हि तेषामधिको विशेषो। धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः ॥

अर्थात् आहार, निद्रा, भय और मैथुन इन चारों बातों में तो मनुष्य पशु के समान ही है । मनुष्य में अगर कोई विशेषता है तो धर्म की है । जिस मनुष्य में धर्म नहीं है वह पशु के समान है ।

मतलब यह है कि इस कवि ने मनुष्यत्व का चिह्न रक्खा है धर्म, जो मनुष्य धर्म को धारण कर सका वही सच्चा मनुष्य है । धर्म का विषय बहुत गहरा और विस्तीर्ण है । उसके ऊपर तो कई स्वतंत्र लेख लिखे जा सकते हैं इसलिये धर्म के विषय में हम यहां अधिक कुछ न कहेंगे । परन्तु इतना तो कहना ही पड़ेगा कि धर्म का मूल सचाई है । 'सचाई' का संस्कृत पर्यायवाची शब्द है 'सम्यक्त्व' । सम्यक्त्व से ही मनुष्यत्व है और मिथ्यात्व से ही पशुत्व है, एक कवि ने सम्यक्त्व और मिथ्यात्व की महिमा को थोड़े में ही बता दिया है—

> नरत्वेपि पशूयन्ते मिथ्यात्वग्रस्तचेतस. ।
> पशुत्वेऽपि नरायन्ते सम्यक्त्वव्यक्त चेतना: ॥

अर्थात् जिनका चित्त मिथ्यात्व से दूषित होगया है वे मनुष्य होकर भी पशु हैं और जिनका आत्मा सम्यक्त्व से निर्मल होगया है, वे पशु होकर भी मनुष्य हैं । इससे साफ़ मालूम होता है कि मनुष्यत्व का ठेका सिर्फ़ मनुष्यों को ही प्राप्त नहीं है । और मनुष्य होने से ही मनुष्यत्व प्राप्त नहीं हो जाता । पशुओं में भी ऐसे पशु होते हैं जिन्हें हम मनुष्य कह सकते हैं । और मनुष्यों में भी ऐसे प्राणी होते हैं जिन्हें हम पशु कह सकते हैं इससे मालूम होता है कि मनुष्य होने पर भी मनुष्यत्व मिलना मुश्किल है । इसीलिये उत्तराध्ययन की गाथा

में चार दुर्लभों में सबसे पहिली दुर्लभ वस्तु मनुष्यत्व बतलाई गई है, वहां पर मनुष्यभव न लिखकर जो मनुष्यत्व लिखा गया है उसने अर्थ को बहुत गम्भीर बना दिया है। सफल-जीवन बनाने के लिये यह सबसे पाहिली शर्त है।

जो इस पाहिली शर्त को पूर्ण कर सका वह आगे की तीन शर्तों को भी पूर्ण कर सकेगा। सच पूछा जाय तो आगे की तीन शर्तें, मनुष्यत्व के ही पूर्ण विकाश के लिये हैं।

दूसरी शर्त है शास्त्रज्ञान। यों तो शास्त्रज्ञान होना सरल है। दश पांच वर्ष रखड़ते रखड़ते सभी विद्वान् बन जाते हैं। बात बात में धर्म २ चिल्लाना आता है। परंतु सच्चा शास्त्रज्ञान, धर्म के रहस्यों के पहिचानने की योग्यता मुश्किल है। जैनशास्त्र के ज्ञानका सार इतना ही है कि "धर्म आत्मा में है बाहर नहीं"। धर्म न तो मंदिरों में है न मसजिदों में, न तीर्थों में, न पोथियों में, वह तो अपनी आत्मा में है। लोगों ने धर्म का आधार शरीर मान लिया है। जाति और कुल को धर्म का ठेकेदार बना दिया है। वे हाड़ मांस के शरीरों में भी छूत अछूत का विचार करते हैं यही तो मिथ्याज्ञान है। सैकड़ों पोथों को निगल जाने पर भी जिसने अपनी आत्मा की शक्ति को न पहचाना, शरीर की शुद्धि अशुद्धि के पीछे ही पड़ा रहा वह कितना ही विद्वान् क्यों न हो तो भी सम्यग्ज्ञानी नहीं कहा जा सकता।

जैनशास्त्रों में सब से बड़ी विशेषता यही है कि वह बाहिरी क्रियाकांडों में धर्म का अस्तित्व नहीं मानता; जिसने इतनी बात समझ ली उसने समस्त शास्त्रों का सार पालिया। शास्त्र

उदारता का भंडार है, पापियों को देखकर जो घृणा न करके दया करता है, विरोधी के साथ भी जो मित्र कैसा वर्ताव करता है। जो सहनशीलता का घर है, वही संयमी है, वही साधु है। वही जगत् के लिये प्रातःस्मरणीय है। परंतु ऐसा संयम मिलना मुश्किल है। तपस्या का भेप धारण करने वाले (साधु) भारत में करीब ६० लाख व्यक्ति हैं उनमें ऐसे कितने हैं जिनकी कपायें पानी में खींची गई लकीर के समान शीघ्र ही विलीन होजाती हों। जिनमें सच्चा त्याग और सच्ची उदासीनता हो? ऐसे व्यक्ति अंगुलियों पर नहीं तो अंगुलियों के पोरों पर ज़रूर गिने जा सकते हैं इसीलिये उत्तराध्ययन में संयम को दुर्लभ कहा है।

इन चार दुर्लभ वस्तुओं को जो पा सका है उसीका जीवन सफल है। *

(जैनप्रकाश)

---

* इस लेख के संग्रह करने के लिये जैन-प्रकाश व पंडितजी ने सहर्ष अनुमति दी है, जिसके लिये हम आपका उपकार मानते हैं।

—व्यवस्थापक.

विद्वान् मुनिवरों के अभिप्राय।

पूज्यपाद उपाध्यायजी आत्मारामजी महाराज लुधियाना (पंजाब) से लिखाते हैं कि आपके भेजे हुए "समकित (आत्मबोध) प्रश्नोत्तर अर्थात् मोक्ष की कुंजी भाग पहिला" और "भाव अनुपूर्वी" दोनों ग्रन्थ आद्योपान्त पढ़े। ये दोनों ग्रन्थ उत्तम शैली से लिखे गये हैं। जैन-सिद्धान्त प्रचलित भाषा में लेखक ने दिग्दर्शन कराने की चेष्टा की है और वह अपने कार्य्य में सफल भी होगया है अगर इसी प्रकार के ग्रन्थ साहित्यप्रेमियों को अर्पण किये जायँ, आशा की जाती है कि जैन-साहित्य उनके हृदयों पर अपना प्रभाव डाले बिना नहीं रहेगा, किन्तु जहां तक बन सके सिद्धान्त के दिखाने का ही उद्देश्य रक्खा जाय परंतु निन्दा और खंडन मंडन आदि कलहों से यह माला पृथक् रहेगी तो समाज में शीघ्र उन्नत दशा को प्राप्त कर लेगी।

कच्छी पंडित मुनि श्री त्रिलोकचन्द्रजी महाराज श्री पालनपुर, धानेरा से अपना अभिप्राय देते हैं कि—उत्तम पंक्तिनुं पण ज़रूरी नुं, गंभीर पण सरल, विवेचनात्मक पण सिद्धान्तवर्त्ति, विविध पण सचोट, लोकरुचि ग्राह्य पण तत्त्वग्राही अपक्ष-पक्षपात रहित पण आत्म धर्मना निगूढ़ भावो उकेलातुं, अपूर्व पण सश्रुत, साहित्य कोने अभिनंदनीय वर्धनीय, ग्राह्य अने सन्माननीय न होय? अर्थात् सर्व विवेकशील सज्जनों ने तो होयज, तमारा तरफ थी प्रकट थतुं साहित्य अनुक्रमे उत्तरोत्तर विशाल पण वर्धमान परिणामी हो अने तेनो तथा रूप लाभ लेनार वर्ग महावीर भावी हो। मोकलेल बे बुको (मोक्ष की कुंजी भाग १, भाव-अनुपूर्वी) नो आदर करूं छुं। प्रयास स्तुत्य छे। भाषा योग्य छे। वधारे सबळ प्रयत्ननी अपेक्षा रहे छे।

उत्तम साहित्य अमूल्य या अल्प मूल्य पर प्राप्त करो.

जिस देश में उत्तम साहित्य का प्रचार होता है वह देश सब प्रकार के दुःखों से छूटकर सकल सुख प्राप्त कर सकता है। जिस दिन भारत देश में स्त्रियें, बालक, वृद्ध, किसान आदि सब उत्तम साहित्य का पठनपाठन करते थे उस दिन भारत विद्या, बल, समृद्धि और सदाचार में सर्वोत्कृष्ट देश कहलाता था। आज उसी देश की संतान धर्मकलह, जातिबंधन, कुरूढियाँ, कुरीतियों, अयोग्यता, कुव्यसन, अनेक रोग, प्रमाद, अविद्या, ईर्षा आदि से दुखी होरही है। इस अवस्था में सुधार करने का एक उपाय उत्तम शिक्षा का प्रचार करना है और उसका एक अंग उत्तम सस्ता साहित्य है। इसी हेतु की यत्किंचित् सिद्धि के लिए "आत्म-जागृति कार्यालय" खोला गया है।

आरोग्यशिक्षा, बालोपयोगी, स्त्री-शिक्षा, समाज-सुधार, नीति और तत्वज्ञान की उत्तम पुस्तकें त्यागी व उत्तम गृहस्थ लेखकों से लिखवाकर अमूल्य व अल्प मूल्य पर खूब प्रचार करना इस कार्यालय के मुख्य ध्येयों में से एक है। इसकी सफलता उपकारी लेखकों की कृपा, अर्थदाता साहित्य-प्रचार प्रेमियों की सहानुभूति और स्वयंसेवक अध्ययन प्रेमी सज्जनों के उत्साह पर निर्भर है। आशा है हमारा यह निवेदन स्वीकार किया जावेगा। पुस्तक-माला के अर्थदाता तथा सेवाभावी दो प्रकार के ग्राहक हैं। सब पुस्तकों का वार्षिक मूल्य पोस्टेज सहित केवल ३)

विशेष विवरण के लिए पत्र-व्यवहार करें—

व्यवस्थापक, आत्मजागृति कार्यालय बगड़ी

(मारवाड़) वाया सोजत

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

श्रीमंगलीक स्तवन संग्रह

पहिला भाग ।

संग्रहकर्त्ता :—

धर्मचन्दजी सेठीया तत्पुत्र भैरोंदान सेठीया

मोहल्ला मरोटीयांकी गवाड़,

बीकानेर—राजपुताना

(देश—मारवाड़)

Bhairodan Sethia

Moholla Marotian,

BIKANER. (Rajputana)

J. B. Ry. Marwar.

प्रथमावृत्ति	वीर सम्वत् २४४७
	विक्रम ,, १९७७
१००० प्रति	ई० सन् १९२१

उत्तम साहित्य अमूल्य या अल्प मूल्य पर प्राप्त करो.

जिस देश में उत्तम साहित्य का प्रचार होता है वह देश सब प्रकार के दुःखों से छूटकर सकल सुख प्राप्त कर सकता है। जिस दिन भारत देश में स्त्रियें, वालक, वृद्ध, किसान आदि सब उत्तम साहित्य का पठनपाठन करते थे उस दिन भारत विद्या, वल, समृद्धि और सदाचार में सर्वोत्कृष्ट देश कहलाता था। आज उसी देश की संतान धर्म कलह, जातिबंधन, कुरूढियों, कुरीतियों, अयोग्यता, कुव्यसन, अनेक रोग, प्रमाद, अविद्या, ईर्षा आदि से दुखी होरही है। इस अवस्था में सुधार करने का एक उपाय उत्तम शिक्षा का प्रचार करना है और उसका एक अंग उत्तम सस्ता साहित्य है। इसी हेतु की यत्किंचित् सिद्धि के लिए "आत्म-जागृति कार्य्यालय" खोला गया है।

आरोग्यशिक्षा, वालोपयोगी, स्त्री-शिक्षा, समाज-सुधार, नीति और तत्वज्ञान की उत्तम पुस्तकें त्यागी व उत्तम गृहस्थ लेखकों से लिखवाकर अमूल्य व अल्प मूल्य पर खूब प्रचार करना इस कार्यालय के मुख्य ध्येयों में से एक है। इसकी सफलता उपकारी लेखकों की कृपा, अर्थदाता साहित्य-प्रचार प्रेमियों की सहानुभूति और स्वयंसेवक अध्ययन प्रेमी सज्जनों के उत्साह पर निर्भर है। आशा है हमारा यह निवेदन स्वीकार किया जावेगा। पुस्तक-माला के अर्थदाता तथा सेवाभावी दो प्रकार के ग्राहक हैं। सब पुस्तकों का वार्षिक मूल्य पोस्टेज सहित केवल ३)

विशेष विवरण के लिए पत्रव्यवहार करें—

व्यवस्थापक, आत्मजागृति कार्यालय दगड़ी

(मारवाड़) वाया सोजतरोड

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

श्रीमंगलीक स्तवन संग्रह

पहिला भाग ।

संग्रहकर्त्ता :—

धर्मचन्दजी सेठीया तत्पुत्र भैरोंदान सेठीया

मोहल्ला मरोटीयांकी गवाड़,

बीकानेर—राजपुताना

(देश—मारवाड़)

Bhairodan Sethia

Moholla Marotian,

BIKANER. (Rajputana)

J. B. Ry. Marwar.

प्रथमावृति — १००० प्रति

वीर सम्वत् २४४७
विक्रम ,, १९७७
ई० सन १९२१

❀ श्रीवीतरागाय नमः ❀

श्रीमंगलीक स्तवन संग्रह

पहिला भाग।

संग्रहकर्त्ता :—
धर्मचन्दजी सेठीया तत्पुत्र भैरोंदान सेठीया
मोहल्ला मरोटीयांकी गवाड,
बीकानेर—राजपुताना
(देश—मारवाड़)

Bhairodan Sethia
Moholla Marotian,
BIKANER (Rajputana)
J B Ry Marwar.

प्रथमावृत्ति
१००० प्रति

वीर सम्वत २४४७
विक्रम ,, १९७७
ई० सन् १९२१

॥ दुहा ॥

केवल ज्ञानीको सदा, वन्दु वेकर जोड़ ॥
गुरु मुखसें धारण करो, अपनें जिदको छोड ॥१॥
जिन वचन तह मेव सत्य, सम भाव नहीं ताण ॥
जतनासें वांचो सही, येही प्रभुको वाण ॥ २ ॥

॥ सूचना ॥

ये पुस्तक जतनासें रखे, आदसें अन्त तांई वाचे, उघाड़े मुख तथा चिरागके चानणे न वांचे; पद अक्षर ओछो अधिको आगो पाछो. तथा कानो मात, मिंडी, ह्रस्व, दीर्घ अशुद्ध या टुटी भाषामें लिख्यो हुवो विद्वान सुधार लेवें प्रसिद्धकर्ताकी नम्र विन्ति है ।

अनुक्रमणिका।

अणुपूर्व्वि

गणनेरी विधि ।

१ छे वहां णमो अरिहंताणं बोलणो ।
२ ,, ,, ,, सिद्धाणं ,,
३ ,, ,, ,, आयरियाणं ,,
४ ,, ,, ,, उवज्झायाणं
५ ,, ,, ,, लोए सव्व साहुणं ,,

१					२					३			
१	२	३	४	५	१	२	४	३	५	१	३	४	२
२	१	३	४	५	२	१	४	३	५	३	१	४	२
१	३	२	४	५	१	४	२	३	५	१	४	३	२
३	१	२	४	५	४	१	२	३	५	४	१	३	२
२	३	१	४	५	२	४	१	३	५	३	४	१	२
३	२	१	४	५	४	२	१	३	५	४	३	१	२

४			
३	४	१	५
२	४	१	५
४	३	१	५
२	३	१	५
४	२	१	५
३	२	१	५

५				
१	२	३	५	४
२	१	३	५	४
१	३	२	५	४
३	१	२	५	४
२	३	१	५	४
३	२	१	५	४

६				
१	२	५	३	४
२	१	५	३	४
१	५	२	३	४
५	१	२	३	४
२	५	१	३	४
५	२	१	३	४

७			
३	५	२	४
१	५	२	४
५	३	२	४
१	३	२	४
५	१	२	४
३	१	२	४

८				
२	३	५	१	४
३	२	५	१	४
२	५	३	१	४
५	२	३	१	४
३	५	२	१	४
५	३	२	१	४

९				
१	२	४	५	३
२	१	४	५	३
१	४	२	५	३
४	१	२	५	३
२	४	१	५	३
४	२	१	५	३

१०			
२	५	४	३
१	५	४	३
५	२	४	३
१	२	४	३
५	१	४	३
२	१	४	३

११				
१	४	५	२	३
४	१	५	२	३
१	५	४	२	३
५	१	४	२	३
४	५	१	२	३
५	४	१	२	३

१२			
२	४	५	१
४	२	५	१
२	५	४	१
५	२	४	१
४	५	२	१
५	४	२	१

१३			
३	४	५	२
१	४	५	२
४	३	५	२
१	३	५	२
४	१	५	२

१४				
१	३	५	४	२
३	१	५	४	२
१	५	३	४	२
५	१	३	४	२
३	५	१	४	२

१५			
१	४	५	३
४	१	५	३
१	५	४	३
५	१	४	३
४	५	१	३

१६				
३	४	५	१	२
४	३	५	१	२
३	५	४	१	२
५	३	४	१	२
४	५	३	१	२
५	४	३	१	२

१७				
२	३	४	५	१
३	२	४	५	१
२	४	३	५	१
४	२	३	५	१
३	४	२	५	१
४	३	२	५	१

१८			
२	३	५	४
३	२	५	४
२	५	३	४
५	२	३	४
३	५	२	४
५	३	२	४

१९				
२	४	५	३	१
४	२	५	३	१
२	५	४	३	१
५	२	४	३	१
३	५	२	३	१
५	४	२	३	१

२०				
३	४	५	२	१
४	३	५	२	१
३	५	४	२	१
५	३	४	२	१
४	५	३	२	१
५	४	३	२	१

❀ श्री वीतरागाय नमः ❀

मंगलिक स्तवन संग्रह ।

ॐकारं बिन्दुःसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः
कामदं मोक्षदंचैव ॐकाराय नमोनमः ।

॥ व्याख्यान के प्रारंभ की स्तुती ॥

कोर हेमा चलसें निकसी, गुरु गौतम के श्रुत कुंड ढली है । मोह माहा चल भेद चली, जग की जड़ता सब दूर करी है ।। ज्ञान पयो दधि मायरली, बहू भग तरंगन से उछली है । तासुची सारद गंग नदी, प्रणमो अंजली निजसीसधरी है ।। ज्ञान सुनिर भरी सलिलॉ, सुरध्येनू प्रमोद सुवीर निध्यानी । कर्म जो व्याधि हरन्त सूधा, अग मेल हरन्त शीवा करमानी ।। जैन सिधांत की ज्योति, बडी सुरदेव स्वरूप-माहा सुखदानी । लोक अलोक प्रकाश भई, मुनि राज वखानत है जिन वानी ।। सोभित देव, विपे, मघवा,

उडुवृन्द विषे शशी मंगलकारी । भूप समूह विषे वली, चक्र पती प्रगटे बल केसव भारी ॥ नागीन मे धरणेंद्र वडो, अरु हे असुरीनमें चमरइन्द्र अवतारी । ज्यु जिन शाशन संघ विषे, मुनिराज दीपे श्रुत ज्ञान भण्डारी ॥

केसे कर केतकी कणेर एक कहियो जाय, आक दुध गाय, दुध अन्तर घणेरो है । रिरी होत पीरी पण होंस करे कचनकी कहां काग वानी कहां कोयल की टेर है ॥ कहां भान तेज भयो, आगीयो विचारो कहां पूनम को उजवाळो कहां । अमावस अन्धेरो है, पक्ष छोड़ 'पारखी' निहाल देख लिगा कर जेन वन और वैन ॥ अन्तर घणेरो है वीतराग वानी, साचो मोक्ष को निशानी । माहा सुकृतकी खानी, ज्ञानी आप मुख वखानी है । इनको आराधके तिरोया है अनन्त जीव, सोही निहाल जाण सरधा मन आणी है । सरधा है सार धार सरधा से खेवो पार, सरधा बिन जीव खुवार निश्चेही कर मानी है ॥ वाणी ता घणेरी पण वीतराग तुल्ये नहीं, इनके सिवाय और छोरासी कहानी है ॥

॥ पांच पदांरी वंदणा लिख्यते ॥

प्रथम नवकार ।

णमो अरिहन्ताणं ॥ णमो सिद्धाणं ॥ णमो आयरियाणं णमो उवज्झायाणं ॥ णमो लोए सव्व साहुणं ॥ णमो पं

मुक्कारो ॥ सव्वपावप्पणासणो ॥ मंगलाणंच सव्वेसिं ॥ पढमंहवइ मगलं ॥

पहिले पद श्रीअरिहतजी ते बीस तीर्थंकरजी, उत्कृष्टा एकसो सित्तर देवाधिदेवजीते मांहि वर्तमानकाले बीस वेहरमानजी माहाविदेह खेत्रमांहि विचरे छै, एक हजार आठ लक्षणनाधरणहार, चोतीस अतिशय, पेतीस वाणी करी विराजमान, चोसट इन्द्रना वंदणीक, अठारे दोष थकी रहित, बारे गुणे करी सहित, अनन्तो ज्ञान, अनन्तो दर्शन, अनन्तो चारित्र, अनन्तो बल, अनन्तो सुख, दिव्य ध्वनि, भामण्डल, स्फाटिक सिहासंण, अशोकवृक्ष, कुसुमवृष्टि, देवदुन्दुभि, छत्रधरे, चंवरविंजे, जघन्य तोदोय क्रोड़ केवली, उत्कृष्टा नवक्रोड़ केवलि, केवल ज्ञान केवल दर्शननाधरणहार, सर्व द्रव्यक्षेत्र काल भावना जाणणहार ॥सवैया॥ नमुं श्री अरिहंत, करमाको कीयो अन्त, हुवा सो केवलवन्त, करूणा भण्डारो है ॥ अतीसे चोतीसधार, पेतीसवाणी ऊचार, समजावे नरनारी परउपकारो है । शरीर सुन्दरकार, सुरज सो झलकार, गुण हे अनन्त सार, दोष परिहारी है ॥ केत है तिलोकरिख, मनवचकाया करी, लुलो २ वारवार वंदणा हमारी हें ॥ १ ॥ एसा अरिहंत भगवंत दीनदयाल महाराज को अविनय असातना, देवास सबधि कोधी होय तो हाथ जोड़ी मान मोड़ी, काया सकोडी वारंवार खमाउं छु मथेणवदामि नमस्कार करूं छुं १००८ वार "तिखुतो आयाहिणं पायाहिणं वदामि नमं सामि सक्कारेम सम्माणमि कल्याणं मंगलं देवय चेइयं पमुवासामि" आप

मंगलीकछो, उत्तमछो, हो स्वामीनाथ आपको इणभवे परभवे भवेभव सदा काल सरणो होय जो ॥

। इति प्रथम पद संपूर्ण ।

(२) बीजेपद अनन्त भेदे अनन्ता सिद्ध छे, आठ कर्म खपावीने मोक्ष पहुंता छे, तीर्थ सिद्धा, अतीर्थ सिद्धा, तीर्थंकर सिद्धा, अतिर्थंकर सिद्धा, स्वयंबुद्धसिद्धा, प्रत्येक बुद्धसिद्धा, बुद्धबोधि सिद्धा, स्त्रीलिङ्गसिद्धा, पुरुषलिङ्गसिद्धा, नपुंसकलिङ्ग सिद्धा, स्वलिङ्गसिद्धा, अन्यलिङ्गसिद्धा, गृहस्थलिङ्ग सिद्धा, एकसिद्धा, अनेकसिद्धा, जठे जन्म नहीं, जरा नहीं, मरण नहीं, भय नहीं, रोग नहीं, सोग नहीं, दुःख नहीं, दालिद्र नहीं, कर्म नहीं, काया नहीं, मोह नहीं, माया नहीं चाकर नहीं, ठाकर नहीं, भूख नहीं, तृषा नही, जोतमे जोत विराजमान, सकल कारज सिद्ध करीने चवदे प्रकारे पनरे भेदे अनन्ता सिद्ध भगवन्त हुवा, अनन्त सुखामें मलालीन, अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, क्षायक समकित, निराबाद अटल अवगाहणा, अमूर्ता अगुरुलघु, अनन्तवीर्य्य आठगुणे करी सहित ॥ सवैया ॥ सकल करमटाल, वस करलीयो काल, मुगतिमें रहिया माल, आतमा को तारीहे ॥ देखत सकल भाव, हुवाहे जगत राव, सदाहीखायक भाव, भय अविकारी हे ॥ अचल अटल रूप, आवे नहीं भवकूप अनुप सरूप उप, एसे सिद्धधारी हे ॥ केतहे विलोकरिख ॥ बतावो एवास प्रभु, सदाही उगते गृरबन्दणा हमारी हे ॥२॥ एसा सिद्ध भगवनजी महाराज आपको अविनय

असातना कीधी होय तो (देवसि संबंधि) हाथ जोडी मान मोडी कांया संकोडी बारंवार खमाउं छुं, मथेण वन्दामि नमस्कार करू छु १००८ वार "तिखोत्तो" जावत भवेभव सरणों हो जो।

। इति बीजो पद सम्पूर्णम्।

(३) तीजे पदे आचारजजी छत्तीस गुणेकरी विराजमान, पांच महाव्रत पाले, पांच आचार पाले, पांच इन्द्री जीते, चार कषाय टाले, नव वाड़ शुद्ध ब्रह्मचर्यना पालणहार, पांच सुमिते सुमता, तीन गुप्तेगुप्ता, आठ सपदा सहित ॥ सवैया ॥ गुणहे छत्तीस पूर, धरत धरम ऊर, मारत करम कूर सुमति विचारी हे शुद्ध सो आचारवन्त, सुन्दर हे रूपकन्त, भणीया सबी सिद्धन्त, वाचणी सु प्यारी है ॥ अधीक मधूरवेण, कोइ नहीं लोपे केण, सकल जीवोका सेण, कीरत अपारी है ॥ केतहे तिलोकिरीख, हितकारी देत सीख, एसे आचारज ताकुं, वन्दणा हमारी है ।१। एसा आचारज न्यायपक्षी, भद्रिक परणामी, परम पूज्य, कलपनीक, अचित्त वस्तुका ग्रहणहार, सचित्त का त्यागी, वैरागी, महागुणी, गुणका अनुरागी, सोभागी. एहवा श्री आचारजजी महाराज आपको अविनय असातना (देवसिसंबधी) कीधी होय तो हाथ जोड़ी मान मोड़ी काया संकोड़ी वारंवार खमाउं छुं मथेण वन्दामि नमस्कार करूं छं १००८ वार "तिखुत्तो" जावत भवे भव सरणो हो जो।

॥ इति तीजोपद सम्पूर्णम्।

(४) चोथो पद उपाध्यायजी पचीस गुणे करी सहित छे ते पचीस गुण केहवा छे ? इगियारा अंगना भणणहार श्री आचारंगजी, सुयगड़ायंगजी, ठाणांयंगजी, समवायंगजी, भगवतीजी, ज्ञाताधर्मकथाजी, उपासकदसांगजो. अन्तगडदसाजी, अनुत्तरोवाइजी, प्रश्नव्याकारणजी विपाकसूत्र। एइग्यारा अगनो अर्थ पाठ सम्पूर्ण जाणे, अने (१४ पूर्व) उत्पाद पर्व, अग्राणीयपूर्व, वीर्यप्रवादपूर्व असितनास्तिप्रवादपूर्व ज्ञानप्रवादपूर्व, सत्यप्रवादपूर्व, आत्मप्रवाद, कर्मप्रवाद, विद्याप्रवाद, पच्चखाणप्रवाद, प्राणप्रवाद, अवंध्यप्रवाद, क्रियाविशालपूर्व, लोकविन्दुसार पूर्व, । इग्यारा अंग, चाउदेपूर्व एमूल २५ गुणे करी विराजमान, तथा उत्तर (१२ उपांग भणेते) उववाइ, रायप्रसेणी, जिवाभिगम, पन्नवणा, जंबुदीप पन्नती, चंदपन्नती, सुरज पन्नती, नीरावलिया, कप्पविडंसीया, पुफिया, पुफचुलिया, वन्हि दिशा, (४ मूल सूत्र) उत्राध्ययन, दसवैकालिक, नंदीसूत्र, अनुयोग द्वार (४ छेदग्रंथ) दशाश्रुतकंध, वृहत्तकल्प, व्यवहार, निशिथ बत्तीसमो आवसग। आददेइ अनेक ग्रन्थ के न्याय जाणनार, सातनय, निश्चय व्यवहार, चार प्रमाण, आदि स्वमत तथा अन्यमत का जाण मनुष्य, देवता कोई पण जेने विवाद मे छल वाने समर्थ नहीं जीण नहीं पण जिण सरिखा, केवलि नहीं पण केवलि सरीखा। सवैया। पढ़त इग्यारा अंग, करमासुंकरे जंग, पाखंडी को मान भंग, करण हुसियारी है। चवदा पूरवधार, जाणत आगम सार, भवीनके सुखकार, अमता निवारी है. पढावे सवोक जन,

थीर कर देत मन, तप करी तयेतन, ममता निवारी है। केतहै तिलोकरिख, ग्यान भानु परतिख, ऐसे उपाध्याय ताकुं, यंदणा हमारा है ।१। एसा श्री उपाध्यायजी महाराज मिथ्यात्व रूप अन्धकारनामेटणहार, समकित रूप उद्योतना करण हार धर्म थको डिगता प्राणीने थीर करे, सारए, वारए, धारए, इत्यादिक अनेक गुणे सहित छो, जे एहवा उपाध्यायजी महाराज आपकी अविनय असातना (देवसी संबंधी) कीधी होय तो हाथ जोडी मान मोडी, काया संकोडी, वारम्बार खमावुं छुं मथेण वंदामि नमस्कार करूं छुं १००८ वार "तिखुत्तो" जावत "भवेभव सरणो हो जो।"

। इति चोथो पद सम्पूर्णम् ।

(५) पांचमो पद पोतारा धर्म अचारजजी (आठकाणे आप आपका गुरू महाराज को नाम लेणो) आवदेइने जघन्य तो दोय हजार क्रोड साधु साधवी, उत्कृष्टा नव हजार क्रोड साधु साधवी, अढ़ाइ द्वीप पनरे खेत्र में जेवन्ता विचरे छे, ते साधुजी केहवा छे? पांच महाव्रत का पालण हार, पांच इन्द्री का जीतण हार, च्यार कषायना टालणहार, भाव सचे, करण संचे, जोग संचे, खिम्यावन्त, वैराग्यवन्ता, मन समाधारणिया, वयसमाधारणिया काय समाधारणिया नाणसम्पन्ना, दंसण सम्पन्ना, चारित्र सम्पन्ना, वेदणी समा अहिया सनिया, मरणान्ति समा अहिया सनिया, एहवा सत्तावीश गुणे करी सहित, बारे भेदे तपका करणहार, सतरे भेदे संजमना पालणहार, तेत्तीस असातनाको टालन हार, बयाल स दोष टालीने

अहार पाणी का लेवण हार, सेंतालीस दोष टालीने भोगवणहार, बावन अणाचारके टालन हार, तेडीया आवे नहीं, नेतीयाजीमे नहीं, सचित्तकात्यागी अचितका भोगी, बावीस परिसाके जीतणहार, अनेक लब्धिका धरणहार, लोचको करणो, अवाणे चालणो इत्यादिक काय कलेस का करणहार, मोह ममता रहित । सवैया । आदरी संजमभार, करणी करे अपार, सुमति गुपतिधार, विकथा निवारीहे जेणा करे छउ काय, सावद्य नबोले वाय, बुझाइ कषाय लाय, किरिया भंडारी हे। ग्यान भणे आठुं जाम, लेवे भगवन्त नाम, धरमको करे काम ममताका मारी हे । केतहे तिलोक रिख करमाको टाले विष, एसा मुनिराज ताकु वन्दणा हमारी हे । १ । एहवा श्री मुनिराज महाराज आपको अविनय असातना (देवसि संबधी) की धी होय तो हात जोडी, मान मोडी काया संकोडी, वारंवार, खमा वुं छुं मथेण वंदामि नमस्कार करूं छुं १००८ वार "तिखुतो" जावत सदा काल सरणो होय जो ।

। इति पांचमो पद सम्पूर्णम ।

लघु साधु वन्दणा ।

प्रथम चठोया भावसुं, समरु पंच नवकारोए, सुत्र सिद्धान्त च्यांरे सुखवसे चवदे पूरव सारोए. नित्य करू साधुजीने वंदणा ॥ ए आकणी ॥ आणी हरख उमेदोये ॥ सफल करुं सब नरभवो, मिट जाये दुःख खेदोए ॥ नित्य ॥ २ ॥ धारे गुणकरी दीपता, (अतिसय छे चोतीसोए) पेहेले पद जगदीसोए, देव अगधुं ॥

हवा, जीत्यारागने रीसोए ॥ नित्य० ॥ ३ ॥ आठगुण सिद्धांतणा, अतिशय छे इकतीसोए ॥ दोय पदांरा सेवा किया, गुण हुवा पूरा बीसोए ॥ नित्य० ॥ ४ ॥ आचारज तीजे पदे, दीपे गुण छत्तीसोए ॥ उपाध्यायजीने म्हारी वन्दणा, हुयजो अहनिश दीसोए ॥ नित्य० ॥ ५ ॥ दग्यारसांगी सुत्रभवे, आप भण अरु भणावेए ॥ गुण पचीस करी सोभता, त्यांरो सेवा किया सुख पावेए ॥ नित्य० ॥ ६ ॥ गुण सताइस साधनां, वीचरेछे अणगारए त्याने हो जो म्हारी वंदणा, अठयोतरणो धारोए । नित्य० ॥ ७ ॥ एकसो आठ गुणकह्या, नवकरवालीरा पुराए । एकाग्रचित्त समरीए, आखर छे अति रुड़ाए । नित्य० ॥८॥ प्रथम जिनेसर नित्य नमुं, श्रीआदेसरजोरापायोए । सासन सुध प्रवर्त्तायने, मोक्ष नगर सीधायाए । नित्य० । ९ । प्रथम जिनेसर सुत नमुं, एकसो हुवा पुराए । इण भवमुक्ति सिधावीया, करणीकर हुवा सुराए । नित्य० । १० । चोरासीगणधर हुवा, लबधतणा भडारोए । सहस चोरासी शिष्य हुवा, लिधोसंजम भारोए । नित्य० । ११ । तीन लाख शिष्यणी हुइ, त्यामे सहेस चालीस सीवपुर पोहोंताए । तिणमें हुइ चाहू मोटकी, त्यारोतोनाम ब्राह्मीए । नित्य० ॥ १२ । कपिल ब्राह्मण चिंतवे, सोनो लेउं दोय मासाए क्रोड अढ्ढा सु धापी नहीं, तृष्णारा पड़ा तमासाए । नित्य० । १३ । जो (हुवे) इच्छाधारी जालले, बोलेराय नरेसोए । समता पाछी मूकने, लोच्या सिरना केसोए । नित्य० । १४ । मांचसे सील (चोर) प्रती बोधीया, काछो जिनेसरएमोए । कर्म खपावी मुक्ति गया, पाम्या पदवी खेमोए ।

नित्य० । १५ । नेमीराय हुवा मोटका, प्रत्येक बुद्ध श्रीकारोए । छोडीयणी ऋद्धि साहेबी, एक सहस आठ राणीए । नित्य० । १६ । शकेन्द्रतिहां आवीया, करी ब्राह्मणनो रूपोए । दस प्रश्न तिहां पुछीया, सांमलजो तुमे सुपोए । नित्य० । १७ । हेतु कारण कह्या घणा, न्यारा न्यारा भेदोए । उतर दिनो आछीतरे, नहीं आण्यो मनमें खेदोए । नित्य० । १८ । इन्द्र सुण राजी हुया, (हरपित) धन धन आपरी वाणीए । अठेइ आप उतम हुवा, आगे उतम निरवाणीए । नित्य० । १९ । वीर कहे गोतम भणी, सांमलजो तुमे साधोए । पांचु इन्द्रां पायके, रखे (मत) करो परमादोए । नित्य० । २० । वहुश्रुती साधाभणी, होइजो म्हारो नमस्कारोए । ज्यारा गुण कह्यावणा, सोले ओपमा श्रीकारोए । नित्य० । २१ । हरकेसी मुनी मोटका, जात तणा चंडालोए । ज्यांरी सेवा करे देवता, धन छम कायाना प्रतिपालोए । नित्य० । २२ । (जग) यज्ञनेपाढे उठ्या गोचरी, बोल्या विरामण नड्कोए । देवता मीढ आयां पीछे, ज्ञानी घणारी धड्कोए । नित्य० । २३ । हण्या ब्राह्मण तिणसमे, जाणे रीपसर रूठाए । वीनती करी प्रतिलाभीया, पांच द्रव्यतिहां वुठाए । नित्य० । २४ । जातरी कारणको नहीं, करणीरा फल सारोए । हरकेसी मोटा मुनी, पोहतामुक्त संस्कारोए । नित्य० । २५ । चित उपदेश दियो आगने, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ति आगेए । पहिला बंध पिण पड़िगयो, पीछे कारी कींसी लागेए । नित्य० । २६ । काची कादामें कलरह्यो, ज्युं थे मुमने जाणोए । चित्त उत्कष्टी करणी आदरी, पहुंता छे निरवाणोए । नित्य० । २७ । इपकार राजा हुवा, घर

कमलावती नारोए। भृगु पुरोहित जसा भारज्या, तेना दोय कुमारोए। नित्य०। २८। छउ ही अनुक्रमे निसर्या, लिधो संजम भारोए। करम खपावी मुक्ते गया, चउदमां अधेन विस्तारोए। नित्य०। २९। संजती आहिडे नीसर्यो, आयो मृगपर आणोए॥ गदमाली गुरु देखने, मनमें घणोही संकाणोए। नित्य०। ३०। खमज्यो अपराध स्वामी मांहरो, हु इण अवसर में चूकोए। कृपा करो हो महामुनो, हु आपरी वाणीरो भुखोए। नित्य। ३१। म्हासु राजा तूं डरपीयो, तोसु डरे घणाजीवोए। सुण हो राजा मोटका, मतीदेवो नरकांरीनीवोए। नित्य०। ३२। सात भय संसार मे; मरण तणो भय भारीए। ऋषीसर कोप्यां पीछे, कोड़ां नर देवे बालीए। नित्य०। ३३। अधिपति राजा तुम भणी, म्हारो भय मती राखोए। थोड़ा जीतवरे कारणे, समता रस तुमे चाखोए। नित्य०। ३४। अथिर छे राजा थारो, आउखो; जीवांने घणाई संतापोए। थारे हो राजा चालसी, साथे पुन्य अरुपापोए॥ नित्य०। ३५। बीजलीरे चमत्कार सुं, जेसोसंभारो वाणोए। (सुरज बीसीजता) डाब आणी जल बींदुवो, जैसो कुञ्जर (हाथी) रो कानोए। नित्य०। ३६। इत्यादिक उपदेस सुणी, छाड़ी भीतरनी गांठोए। पाणी सुणी प्रतिबोधीया, जांणे कोरेघड़े लागी छांटोए। नित्य०। ३७। हयगय रथ पायक दल, सेन्याच्यार प्रकारोए। तेपण राजा छांडने, लीधो संजम भारोए। नित्य०। ३८। संजती राजा प्रतिबोधीया, छोड़ि रथ सग्रामोए। दिख्याए लीधी दीपती, गरु पासे अभिरामोए। नित्य०। ३९। घर छोडीने नीसर्यो, एकल निर्मल

अणगारोए ।। सिंहतणी परे वीचरता, धन छवकायारो प्रतिपालोए ।
नित्य० ॥ ४० ॥ खत्री राज रिपीसर चरचा करी, तार्या घणा नर
नारोए ।। कर्म खपाइ मुक्ते गया, ज्यांरी हु बलीहारोए ।। नित्य० ।
४१ । अनेक चक्रवर्ती नीसर्या, छोडी राज भंडारोए । चोसठ
सहेंस अंतेउरी, दोय दोय वारंगणा (दास्यां) तारोए । नित्य० ।४२।
भरतेसरजी आददे, दस चक्रव्रती सिरदारोए, सुधो संजम पालने
पहुंता मुक्त मंझारोए । नित्य० ।४३। इण सरमणीमांहो हुवा, आठ
राम निरवाणोए । बलभद्र दिख्या आदरी, ब्रह्मलोक सुरजाणीए ।
नित्य० ।४४। करकंडुजी आददे शुद्धी समकित पामीए ।। राय
उदाइ हुवा मोटका, सोला देसना स्वामीए । नित्य० । ४५ । दसारण
भद्र वीरवांदवा, किधी जुलमाइ भारीए ।। रथ सिणगार्या बाजणा,
साथेलीधी पांचसें नारोए । नित्य० । ४६ । में ज्युं किणही नहीं
वांदीया, मनसें एम वीचारीए । सिकदर तिहां आयने, दियो अहं
कार उतारीए । नित्य० । ४७ । ऐरावतने हुकम कियो, हाथी कीया
चोसट हजारोए । एक एक हाथी तणा, मुंडा पांचसो धारोए ।
नित्य० । ४८ । देखा ऋद्धी इन्द्रतणी, चित पाम्यो चमत्कारीए । इहां
तो मान रहे नहीं, हुं लेउं संजम भारोए । नित्य० । ४९ । इन्द्र
आयने वंदणा करी, (राजा) दसारणभद्र पासे आइए । धन धन
मोटा महामुनी, आ ऋद्धी थे छिटकाइए । नित्य० । ५० । मघा पुत्र
मेलो बेठा, दिठा श्रीअणगारोए । जाति समरण पामिया, हेठा
उतर्यो तत्कालोए । नित्य० । ५१ । आय मोताने इम कहे,
हुं तो लेसुं संजम भारोए । उत्तर पड उत्तर बहुला किया, त्यांरी

सुत्रमें विस्तारोए। नित्य० । ५२ । वलता माताजी ईम कहे, तूं छे राजकुमारोए। दिख्या छे वचा दोहिली, जैसी खांडानी धारोए। नित्य० । ५३ । दुख अनता माता में सह्या, नर्क नीगोद मंभारोए। कायर ने माता दोहिलो, सूराने सोहिलोए। नित्य० । ५४ ॥ कोइ कंबर कोइ छांटणो, कोइ कुहाड़े सु छेदेए। मुनीवर समता आणने, राग द्वेष दोय भेदेए। नित्य० । ५५ । लाभे अणलाभे हरख सोग नहीं, इत्यादिक घणा भारीए। कर्म खपाइ मुक्ते गया, ज्यांरी हु वलिहारीए। नित्य० । ५६ । सेणकरी वाड़ी निसर्या, दिठा अनादि मुनीराजए, रूप देखीने इचरज थयो, पुछे सेणक रायए। नित्य० । ५७ । घर छोड़ी क्यु निसर्या, थे क्युं लीधो संजम भारोए। देह थांरी सुकमाल छे, भोगवोए भल (सुख) भोगोए। नित्य० । ५८ । वलता मुनीवर इम कहे, सांभल राजा घातोए। रख्या करे जैसो तूं नहीं, तू छे आप अनाथोए। नित्य० । ५९ । इण जुगमें कोइ केहनो नहीं, भाव लोचन कर दीठोए। तिण कारण संजम लीयो, उतर दिधो मीठोए। नित्य० । ६० । समत अठारे चोसठे, फलोधी गांम चोमासोए। पुज जेमलजीरा पाटवी, ऋषि रायचन्दजी भसी हुला सोए। नित्य० । ६१ ।

इति लघु साधु वन्दना समाप्त ।

अथ श्रीनवकार छन्द ।

सुख कारण भवियण, समरो नित श्रीनवकार। जिन शासन आगम, चउदे पूरव सार। १। ए मंत्रनी महीमा, केहता न लहुं पार

चौरेन्द्री	तिर्यंच	चौरेन्द्री	त्रस	४ फरस, रस घ्राण, चक्षु	पांच मन टल्यो	आठ	नपुंसक
असन्नी तिर्यंच पंचेन्द्री	तिर्यंचकी	तिर्यंच पञ्चेन्द्री	"	पांचोही	"	नव	"
सन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्री	तिर्यंच	पञ्चेन्द्री	"	"	छव	दस	तीनोंही
असन्नी (छमुच्छिम) मनुष्य	मनुष्य	"	"	"	च्यार पुरी बन्धी नहीं (अधुरी)	८ अधुरा श्वास लेवे तो उश्वास नहीं उश्वास लेवे तो श्वास नहीं	नपुंसक
सन्नी (गर्भज) मनुष्य	मनुष्य	पञ्चेन्द्री	त्रस	पांच	छव	दस	तीनों ही पुरुष, स्त्री, नपुंसक

॥ लघु दराडक ॥

चोवीस दराडकपर कवीस द्वार चाले वो कहते हैं

चोवीस दडकरा नाम पचीस बोल रे थोकड़ेके सोलमें बोलसे जाणता ।

१ शरीर=शरीर पांच

२ अवघेणा=जघन्य अगुलके असख्यातमें भाग, उत्कृष्टी लाख जोजनकी ।

३ सघेण=किसको कहते हैं ? जिस कर्मके उदयसे हाड़ोंका वन्धन हो उसको संघेण कहते हैं । उसके भेद छव ।

१ वज्रऋषभनाराच=जिसके उदयसे वज्रके हाड, वज्रके बेठन और वज्रकी कोलियां हो ।

२ वज्रनाराच=जिसके उदयसे वज्रके हाड और वज्रकी कीली हो ।

३ नाराच=जिसके उदयसे बेठन और कीली सहित हाड हो ।

४ अर्धनाराच=जिसके उदयसे हाडोंकी संधी अर्ध किलित हो ।

५ कीलक=जिसके उदयसे हाड परस्पर किलित हो ।

६ असंप्राप्ता सृपाटिका=जिसके उदयसे जुदे २ हाड नसोंसे बधे हों—परम्पर कीले हुवे न हों ।

पाठान्तर नाम।

१ वज्रऋषभनाराच २ ऋषभनाराच ३ नाराच ४ अर्ध-
नाराच ५ कीलको ६ छेवट्या।

४ संठाण (संस्थान) किसको कहते हैं? जिस कर्मके उदयसे
शरीरकी आकृति (शकल) बने, उसको संस्थान कहते
हैं। उसके भेद छव।

१ समचतुरस्र=जिसके उदयसे शरीरकी शकल उपर
नीचे तथा बीचमें समभागसे बने।

२ न्यग्रोध परिमण्डल=जिसके उदयसे जीवका शरीर
बडके वृक्षकी तरह हो, अर्थात् जिसके नाभिसे
नीचेके अङ्ग छोटे और ऊपरके बड़े हो।

३ स्वाति=ऊपरवाले जवाबसे बिलकुल विपरीत हो।
जैसे साँपकी बाँमी।

४ कुब्जक=जिसके उदयसे कुबडा शरीर हो।

५ वामन=जिसके उदयसे बौना (बावना) शरीर हो।

६ हुण्डक=जिसके उदयसे शरीरके अङ्गोपाङ्ग किसी
खास शकलके न हो। (खराब होवे)

पाठान्तर नाम।

१ समचोरस २ निग्रोध परिमंडल ३ सादि ४ वावनो
५ कुबडो ६ हुडक।

५ कषाय=कषाय च्यार।

६ संज्ञा=संज्ञा च्यार।

७ लेश्या=लेश्या छव।

८ इन्द्री=इन्द्री पांच।

९ समुद्घात किसको कहते हैं? मूल शरीरको बिना छोड़े जीवके प्रदेशोंके बहार निकलनेको समुद्घात कहते हैं। जिसका भेद ७ सात।

१ वेदनी २ कषाय ३ मरणान्तिक ४ वैक्रय ५ तेजस ६ अहारिक ७ केवली

१० सन्नी=मन होय सो सन्नी, मन नहीं होय सो असन्नी।

११ वेद=वेद तीन।

१२ पजत्ते (पर्याय) छव

१३ द्रष्टी=तीन।

१४ दर्शन—दर्शन किसको कहते हैं? जिसमें महासत्ता (सामान्यका) प्रतिभास (निराकार झलक) हों, उसको दर्शन कहते हैं। दर्शनके भेद च्यार।

१ चक्षु दर्शन=नेत्र जन्य मतिज्ञानसे पहिले सामान्य प्रतिभास या अवलोकनको चक्षु दर्शन कहते हैं।

२ अचक्षु दर्शन=नेत्रके सिवाय दूसरी इन्द्रीयों और मन संबंधी मतिज्ञानके पहिले होनेवाले सामान्य अवलोकनको अचक्षु दर्शन कहते हैं।

३ अवधी दर्शन=अवधि ज्ञानसे पहिले होने वाले सामान्य अवलोकनको अवधि दर्शन कहते हैं।

४ केवल दर्शन=केवल ज्ञानके साथ होने वाले सामान्य

अवलोकनको केवल दर्शन कहते हैं।

१५ नाण (ज्ञान) किसको कहते हैं ? किसी विवक्षित पदार्थको सत्ताके विशेष पदार्थको विषय करने वाली (जानने को) ज्ञान कहते हैं ; उसके पांच भेद हैं।

१ मतिज्ञान=इन्द्रिय और मनकी सहायतासे-जो ज्ञान हो उसको मतिज्ञान कहते हैं।

२ श्रुतज्ञान=मतिज्ञानसे जानेहुवे पदार्थसे सम्बन्ध लिये हुवे किसी दूसरे पदार्थके ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते हैं जैसे—"घट" शब्द सुननेके अनन्तर उत्पन्न हुवा कंबुग्रीवादि रूप घटका ज्ञान।

३ अवधीज्ञान=द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावकी मर्यादा लिये जो रुपी पदार्थको स्पष्ट जाने।

४ मनः पर्यय ज्ञान=द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावकी मर्यादा को लिये हुवे जो दूसरेके मनमे तिष्ठते (ठहरे) हुवे रुपी पदार्थको स्पष्ट जाने।

५ केवल ज्ञान=जो त्रिकालवर्ती समस्त पदार्थोंको युगपत् (एक साथ) स्पष्ट जाने।

१६ अनाण=तीन।

१७ जोग=पनरे।

१८ उपयोग=बारे।

१९ ताकम्म, अहारे=आहार लेवे जघन्य तीन दिसिको उत्कृष्टी छव दिसिको।

२० उवई=उपजे १-२-३ जाव संख्याता असंख्याता अनन्ता।

२१ ठीई=स्थिति जघन्य अन्तर मोहूर्तकी उत्कृष्टी ३३ सागरकी।

२२ समोइया असमोइया दोनों मरण मरे।

२३ चवण=चवे=१-२-३ जाव अनन्ता।

२४ गई=गति।

२५ प्राण=दस।

२६ जोग=तीन, १ मन, २ वचन ३ काया।

ओघेणा (अवगाहना)—पहेली नारकीसुं सातमी नारकी तक भवधारणी शरीररी ओघेणा जघन्य अंगुलरे असंख्यातमें भाग उत्कृष्टी पहेली नारकीरी ७॥। धनुष ६ अंगुलकी,

दुजी नारकीरी १५॥ धनुष १२ अंगुलकी,

तीजी ,, ३१। धनुषरी।

चोथी ,, ६२॥ ,,

पांचमी ,, १२५ ,,

छठी ,, २५० ,,

सातमी ,, ५०० ,,

उतरवेक्रे करेतो जघन्य अंगुलरे संख्यातमें भाग उत्कृष्टी ठामदूणी (आप आपरे ओघेणासुं दूणी जैसे—सातमी नारकीरी भवधारणी शरीररी ५०० धनुषरी उतर वेक्र करे तो १००० धनुषरी।

भवनपती वाणव्यंतर जोतषी पेले दुजे देवलोकरी ओघेणा जघन्य अंगुलरे असंख्यातमें भाग उत्कृष्टी ७ हाथरी, तीजे देवलोक

सुं सर्वार्थ सिद्धतक जघन्य अंगुलरे असंख्यातमें भाग उत्कृष्टी न्यारी न्यारी ।

तीजे, चोथे देवलोकरी ६ हाथरी ।

पांचवें, छठे „ ५ „

सातवें, आठवें „ ४ „

नवमेंसुं वारमे „ ३ „

नवग्री वेकरी २ हाथरी ।

४ अनुतर विमाणरी १ हाथरी ।

सर्वार्थ सिद्धरी मुंडे हाथरी ।

उतर वेके करे तो जघन्य अगुलरे संख्यातमें भाग उत्कृष्टी वारमें देवलोक तक लाख जोजनरी नवग्रीवेक, अनुतर विमाणरा देवता वेके करे नहीं ।

च्यार स्थावर तथा असन्नी मनुष्यरी जघन्य उत्कृष्टी अंगुलरे असंख्यातमें भाग वनास्पतीरी जघन्य अंगुलरे असंख्यातमें भाग उत्कृष्टी १०,०० जोजन झाझेरी कामल (कवलके फूल) की अपेक्षा ।

वेन्द्रीरी जघन्य अंगुलरे असंख्यातमें भाग उत्कृष्टी १२ जोजनरी

तेन्द्रीरी „ „ „ „ „ ३ कोसरी

(गउरी)

चोन्द्रीरी „ „ „ „ „ ४ कोसरी

तिर्यंच पचेन्द्रीरी जघन्य अंगुलरे असंख्यातमें भाग, उत्कृष्टी— सन्नी जलचररी, १००० जोजनरी, असन्नी जलचररी १००० जोजनरी ।

सन्नी थलचररी ६ कोसरी, असन्नी थलचररी प्रत्येक कोसरी सन्नी उरपररी १००० जोजनरी, „ उरपररी प्रत्येक जोजनरी। सन्नी भुजपररी प्रत्येक कोसरी, „ भुजपररी प्रत्येक धनुषरी; सन्नी खेचररी असन्नी खेचररी प्रत्येक धनुषरी ; तिर्यंच पचेन्द्री उतर वेक्र करेतो जघन्य अंगुलरे संख्यातमें भाग, उत्कृष्टी ६०० जोजनकी करे, मोटी अवगाहना वालो उतर वेक्र करे नहीं।

सन्नी मनुष्यरी—पांच भरत, पांच इरवरतके मनुष्योंकी अवसर्पणीके पहिले आरे लागतां ३ कोसकी उतरतां २ कोसकी, दुजे आरे लागतां २ कोसकी उतरतां १ कोसकी, तीजे आरे लागतां १ कोसकी उतरतां ५०० धनुषरी, चोथे आरे लागतां पांचसे धनुषरी उतरतां ७ हाथरी, पाँचवे आरे लागतां ७ हाथरी उतरतां १ हाथरी, छठे आरे लागतां १ हाथरी उतरतां मुंडे हाथरी।

उत्सरपणीमें चढ़ती कहणी। वेक्रे लाख जोजनकी करे।

५ हेमवय ५ एरणवय (जुगलीयां) की ज० देसउणी कोसरी उ० १ कोसरी,

५ हरीवास ५ रमकवासकी ज० देस उणी दोय कोसरी उ० २ कोसरी,

५ देवकुरू ५ उतर कुरूकी ज० देस उणी तीन कोसरी उ० ३ कोसरी,

महाविदेह खेत्रका मनुष्यरी ५०० धनुषरी,

सिद्धांकी जघन्य १ हाथ ८ अंगुलरी (३२ अंगुलरी) मध्यम

४ हाथ १६ अंगुलरी, उत्कृष्टी ३३३ धनुष ३२ अंगुलरी।

शरीर—नारकी, भवनपति, वाणव्यंतर, जोतषी, विमाणीक, च्यार स्थावर, तीन विकलेन्द्री, असन्नी तिर्यंच, असन्नी मनुष्य, तीस अकर्मा भूमि, छपन अतर द्वीपामें शरीर पावे तीन (उदारीक, तेजस, कारमाण)

वाउकाय, सन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें शरीर पावे च्यार (उदारीक, वैक्र, तेजस, कारमाण), गर्भेज मनुष्यमें शरीर पावे पांचुं ही, सिद्धांमें शरीर पावे नहीं।

संघेण नारकी, भवनपति, वाणव्यतर, जोतषी, विमाणीकमे संघयण पावे नहीं, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, असन्नी मनुष्य, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें संघयण पावे एक छेवटो; गर्भेज तिर्यंच, गर्भेज मनुष्यमें संघयण पावे छउ ही, युगलीयामें संघयण पावे एक वज्रऋषभ नाराच सङ्घयण; सिद्धामें सङ्घयण पावे नहीं।

संठाण—नारको, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, असन्नी तिर्यंच, असन्नी मनुष्यमें संठाण पावे एक हुंडक; भवनपति, वाणव्यंतर, जोतषी, विमाणीक, तीस अकर्मा भुमि, छपन अन्तर द्वीप, त्रेसट शलाका पुरुषामें संठाण पावे एक समचोरस; गर्भेज मनुष्य, गर्भेज तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें संठाण पावे छउ ही, सिद्धांमें संठाण पावे नहीं।

कषाय—२३ दंडकमें कषाय पावे ४ क्रोध, मान, माया, लोभ, मनुष्य सकषाइ होय तो कषाय पावे ४ अकषाइ होय तो उपशांत

अकषाइ होय, खिण अकषाइ होय ; सिद्ध अकषाइ होय।

संज्ञा—२४ दंडकमें संज्ञा पावे ४ आहार संज्ञा, भय संज्ञा, मैथुन संज्ञा, परिग्रह संज्ञा ; मनुष्य संज्ञा बहुता होय तो संज्ञा पावे ४ नो संज्ञा बहुता होय तो संज्ञा नहीं, सिद्धमें संज्ञा नहीं।

नोट—संज्ञा किसको कहते हैं ? अभिलाषाको (वांछाको) संज्ञा कहते हैं।

लेश्या—पहेली, दुसरी नारकीरे नेरीयेमें लेस्या पावे १ कापूत; तीसरी नारकीरे नेरीयेमें २ कापूत, नील. (कापूत वाला घणा, नीलवाला थोड़ा) चोथी नारकीरे नेरीयेमे लेस्या पावे १ नील; पांचमी नारकीरे नेरीयेमें लेस्या पावे २ नील, कृष्ण (नील वाला घणा कृष्णवाला थोड़ा) छठी नारकीरे नेरीयेमें लेस्या पावे १ कृष्ण, सातमी नारकीरे नेरीयेमें लेस्या पावे १ महाकृष्ण।

भवनपति, वाणव्यन्तर देवतामें लेस्या पावे ४ पेलड़ी; पृथ्वि, पाणी, वनास्पति तथा युगलीयामें लेस्या पावे ४ पेलड़ी ; तेउ वाउ, तीन विकल इन्द्री, असन्नी मनुष्य, असन्नी तिर्यंचमें लेस्या पावे ३ माठी (कृष्ण, नील, कापूत) सन्नी तिर्यंचमें लेस्या पावे ६ सन्नी मनुष्य सलेसी होय तो लेस्या पावे ६ अलेसी होय तो चवदमें गुणठाणे आसरी ; जोतषी, पहिले, दुजे देवलोक तथा पहिले किलमेषीमें लेस्या पावे १ तेजु ; तीजे, चोथे, पांचमें देव-लोकमें, तथा दुजा किलमेषीमें लेस्या पावे १ पदम ; छठे देवलोक सुंसर्वार्थ सिद्ध तांइ, तथा तीजे किलमेषीमें लेस्या पावे १ शुक्ल सिद्धामें लेस्या नहीं।

इन्द्री--नारकी, भवनपति, वाणव्यंतर, जोतषी विमाणीक, गर्भजतिर्यंच पञ्चेन्द्री, असन्नी मनुष्यमें इन्द्री पावे पांचुंही ; पांच स्थावरमें इन्द्री पावे एक स्फर्शेन्द्री ; बेन्द्रीमें इन्द्री पावे दोय (स्फर्शेन्द्री, रसेन्द्री) तेन्द्रीमें इन्द्री पावे तीन स्फर्शेन्द्री, रसेन्द्री, घ्रणेन्द्री) चोन्द्रीमें इन्द्री पावे च्यार (स्फर्शेन्द्री, रसेन्द्री, घ्रणेन्द्री, चक्षु इन्द्री) गर्भेज मनुष्य सइन्द्रीया होय तो इन्द्री पावे पांचु ही, अणन्द्रीया होयतो इन्द्री पावे नहीं (तेरमें, चवदमें गुणठाणे आसरी) सिद्ध अणन्द्रीया सिद्धांके इन्द्री होय नहीं ।

समुदघात ७ (१ वेदनी २ कषाय ३ मरणांतिक ४ वेक्रे ५ तेजस ६ आहारिक ७ केवली) ७ नारकी, तथा वायु कायमें समुदघात पावे ४ पेलड़ी ; भवनपती, वाणव्यतर, जोतषी, पहिले देवलोकसु बारमें देवलोकरा देवता, तथा सन्नी तिर्यंचमें समुद घात पावे ५ पेलडी ; ४ स्थावर ३ विकल इन्द्री, असन्नी मनुष्य, असन्नी तिर्यंच, जुगलीया, नवग्रीवेक, पांच अनुतर विमाणरा देवतामें समुदघात पावे ३ पेलड़ी, सन्नी (गर्भेज) मनुष्यमे समुदघात पावे ७ (सातोंही) केवलयामें १ केवल समुदघात; तिर्थंकर समुदघात करे नहीं, सिद्धामें समुदघात नहीं ।

सन्नी--(मन होय सो सन्नी) असन्नी (मन नहीं होय सो असन्नी) ७ नारकी, भवनपती, वाणव्यंतर, जोतषी, विमाणीक, गर्भेज तिर्यंच, जुगलीया सन्नी ; (पेलीनारकी, भवनपति, वाणव्यतर, जोतषी, पहेले, दुजे देवलोकमें ; सन्नी असन्नी दोनु उपजे) ५ स्थावर, ३ विकल इन्द्री समुछम तिर्यंच

असन्नी ; गर्भेज मनुष्य सन्नी, तथा नोसन्नी नो असन्नी (सन्नी भी नहीं असन्नी भी नही जैसे केवली) समुछम मनुष्य असन्नी ; सिद्ध सन्नी भी नहीं असन्नी भी नहीं

वेद—नारकी, पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, असन्नी मनुष्य, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें वेद पावे एक नपुंसक ; भवनपति, वाण व्यंतर, जोतषी, पहिले, दुजे देवलोक, पहिले किलमेषी; तीस अकर्मा भुमी, छपन अन्तर द्विपमें वेद पावे दोय (स्त्री वेद, पुरुष वेद) तीजे देवलोकसुं सर्वार्थ सिद्ध तांइ वेद पावे एक पुरुष वेद, गर्भेज तिर्यंचमें वेद पावे तीनुंही ; गर्भेज मनुष्य सवेदी होय तो वेद पावे तीनुंही, अवेदी होय तो वेद पावे नहीं ; सिद्धांमें वेद पावे नहीं

पजते—नारकी, भवनपति, वाणव्यंतर, जोतषी, विमाणीकमें पर्याय पावे पांच (मन भाषा भेली) पांच स्थावरमें पर्याय पावे च्यार ; असन्नी मनुष्यमें पर्याय पावे च्यार अधुरी ; तीन विकलेन्द्री, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें पर्याय पावे पांच (मन टल्यो) सन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्री, सन्नी मनुष्यमें पर्याय पावे छउंही ; सिद्धांमें पर्याय पावे नहीं।

दृष्टी—नारकी, भवनपति, वाणव्यंतर, जोतषी, पहिले देवलोकसुं बारमे देवलोक, गर्भेज मनुष्य, गर्भेज तिर्यंचमें दृष्टी पावे तीनुंही; पांच स्थावर, असन्नी मनुष्य, छपन अन्तर द्वीपमें दृष्टी पावे एक मिथ्यात ; नवग्रीवेकरा देवता, तीन विकलेन्द्री, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्री, तीस अकर्मा भूमिमें दृष्टी पावे दोय (समदृष्टी,

मिथ्यातदृष्टी) पांच अनुतर विमाणरे देवता, सिद्धांमें दृष्टी पावे एक सम दृष्टो ।

दर्शण-नारकी, भवनपति, वाणव्यतर, जोतषो, विमाणीक, गर्भज तिर्यंचमें दरसण पावे तीन (चक्षु, अचक्षु, अवधि) पाच स्थावर, बेन्द्री, तेन्द्री, असन्नी मनुष्यमें दर्शन पावे एक अचक्षु ; चोन्द्री, असन्नी तिर्यच पञ्चेन्द्री, तीस अकर्मा भूमी, छपन अन्तर द्वीपमें दर्शन पावे दोय (चक्षु, अचक्षु) गर्भज मनुष्यमें दर्शन पावे च्यारु ही ; सिद्धांमें दर्शन पावे एक केवल ।

नाण-नारकी, भवनपति, वाणव्यन्तर, जोतपी, विमाणीक, गर्भज तिर्यचमें ज्ञान पावे तीन (मति, स्रुति, अवधि) गर्भज मनुष्यमें ज्ञान पावे पांचु ही ; पांच स्थावर, असन्नो मनुष्य, छपन अन्तर द्विपमें ज्ञान पावे नही ; तीन विकलेन्द्री, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रो, तीस अकर्मा भूमीमें ज्ञान पावे दोय (मति स्रुति) सिद्धांमें ज्ञान पावे एक केवल ।

अनाण-नारकी, भवनपति, वाणव्यंतर, जोतपी, पहिले देवलोकसुं नवग्रीवेक तांइ, गर्भज तिर्यंच पञ्चेन्द्री, गर्भेज मनुष्यमें अज्ञान पावे तीनुंही ; पाच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, असन्नो मनुष्य, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्री, तीस अकर्मा भूमी, छपन अन्तर द्विपमें अज्ञान पावे दोय (मति, स्रुति) पांच अनुतर विमाण मे, सिद्धांमें अज्ञान पावे नहीं ।

जोग-नारकी, भवनपति, वाणव्यंतर, जोतषी, विमाणीकमें जोग पावे इग्यारे (च्यार मनका, च्यार वचनका, वेके, वेकेरो

मिश्र, कारमाण) च्यार स्थावर, असन्नी मनुष्यमें, जोग पावे तीन (उदारीक, उदारीकरो मिश्र, कारमाण) वायुकायमें जोग पावे पांच (उदारीक, उदारीकरो मिश्र, वैक्रे, वैक्रेरो मिश्र, कारमाण) तीन विकलेन्द्री, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें जोग पावे च्यार (उदारीक, उदारीकरो मिश्र, कारमाण, व्यवहार भाषा) गर्भेज तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें जोग पावे तेरे (आहारिक, आहारिकरो मिश्र टल्यो) गर्भेज मनुष्य सजोगी होय तो जोग पावे पनरेही, अजोगी होय तो चवदमें गुणठाणे आसरी, तीस अकर्मा भूमी, छप्पन अन्तर द्वीपमें जोग पावे इग्यारे (च्यार मनरा, च्यार वचनरा, उदारीक, उदारीकरो मिश्र, कारमाण) सिद्धांमें जोग पावे नहीं।

उपयोग—७ नारकी, भवनपती, वाणव्यंतर, जोतपी, पहिले देवलोकसुं नवग्रीवेक तांई, तथा गर्भेज तिर्यंचमें उपयोग पावे ९ (३ ज्ञान ३ अज्ञान ३ दरसण) ५ स्थावरमें उपयोग ३ (२ अज्ञान १ अचक्षु दरसण) बेन्द्री, तेन्द्रीमें उपयोग पावे ५ (२ ज्ञान २ अज्ञान १ दरसण) च्योन्द्री, असन्नी तिर्यंच पचेन्द्री, ३० अकर्मा भूमिका युगलीयांमें उपयोग पावे ६ (२ ज्ञान २ अज्ञान २ दरसण) असन्नी मनुष्य तथा ५६ अंतरद्विपका युगलीयांमें उपयोग पावे ४ (२ अज्ञान २ दरसण) गर्भेज मनुष्यमें उपयोग पावे १२ (५ ज्ञान ३ अज्ञान ४ दर्सण) ५ अनुतर विमाणमें उपयोग पावे ६ (३ ज्ञान ३ दरसण) सिद्धांमें उपयोग पावे २ केवल ज्ञान केवल दर्सण।

आहार—२८ दंडकरा जीव आहार लेवे छउं दिसीरो, ५ स्थावर आहार लेवे व्यायघात आसरी सिये तीन दिसीरो, सिये च्यार दिसीरो, सिये पांच दिसीरो ; अव्यायघात आसरी छउं दीसीरो; मनुष्य आहारिक होय अणारीक होय (आहारीक-आहार लेवे छउं दिसीरो) (अणारीक—केवली समुद्घातरे तीजे, चोथे, पांचमें समे, अथवा चवदमें गुणठाणे) सिद्ध अणारीक (आहार लेवे नहीं)

उवट्ट- नारकी, भवनपति, वाणव्यतर, जोतषी, पहिले देवलोकसुं आठमें देवलोक तांइ, तीन विकलेन्द्री, असन्नी मनुष्य, असन्नी तिर्यंचमें सन्नी तिर्यंचमे एक समेमें १—२—३ जाव संख्याता, असंख्याता उपजे ; च्यार स्थावरमें समे समे असंख्याता उपजे, वनास्पतिमें सठाणे आसरी (वनास्पती आसरी) समें समें अनंता उपजे, परठाणे आसरी (दूसरे ठीकाणे आसरी) समे समे असंख्याता उपजे ; नवमें देवलोकसु सर्वार्थ सिद्ध तांइ, गर्भेज मनुष्यमें, तीस अकर्मा भूमी, छपन अन्तर द्वीपामें एक समे में १—२-३ जाव संख्याता उपजे सिद्धांमें एक समेमें १—२—३ जाव १०८ उपजे।

इकवीसमो स्थिति द्वार।

नारकी की स्थिति।

१ पहली नारकीकी स्थिति ज० दस हजार वर्षकी उ० १ सागरकी
२ दूसरी नारकीकी स्थिति ज० १ सागरकी उ० ३ सागरकी।

३ तीसरी नारकोकी	स्थिति	ज०	३ सागरकी	उ०	७	सागरकी
४ चोथी	,,	,,	,, ७	,,	,, १०	,,
५ पांचमी	,,	,,	,, १०	,,	,, १७	,,
६ छट्ठी	,,	,,	,, १७	,,	,, २२	,,
७ सातमी	,,	,,	,, २२	,,	,, ३३	,,

भवनपति देवताकी स्थिति।

असुर कुमारका दोय इन्द्र १ चवरेन्द्रजी २ वलेन्द्रजी।

१ चवरेन्द्रजीकी चवरचंचा राजधानी मेरुसें दक्षिण दिशीमें।

२ वलेन्द्रजीकी वलनचंचा राजधानी मेरुसें उत्तर दिशीमें।

चवरेन्द्रजीकी चवरचंचा राजधानीका देवताकी स्थिति ज० दस हजार वर्षकी, उ० १ सागरकी, इनके देव्यांकी ज० १० हजार वर्षकी उ० ३॥ पल्योपमकी।

दक्षिण दिशीका (९) नवनिकायका देवताकी ज० १० हजार वर्षकी उ०१॥ पल्योपमकी, इनके देव्यांकी ज० १० हजार वर्षकी उ० ॥ पौण पल्योपमकी।

वलेन्द्रजीकी वलनचंचा राजधानीका देवताकी स्थिति ज० १० हजार वर्ष जाझेरी उ०१ सागर जाझेरी, इनके देव्यांकी स्थिति ज० १० हजार वर्ष जाझेरी उ० ४॥ पल्योपमकी।

उत्तर दिशीका (९) नवनिकायका देवताकी स्थिति ज० १० हजार वर्ष जाझेरी उ० देस उणा दोय पल्योपमकी, इनके देव्यांकी स्थिति ज० १० हजार वर्ष जाझेरी उ० देस उणा १ पल्योपमकी।

वाणव्यन्तर देवताकी स्थिति।

ज० १० हजार वर्षकी उ० १ पल्योपमकी, इनके देव्याकी स्थिति ज० १० हजार वर्षकी उ०॥ आधा पल्योपमकी, भौमूमका देवताकी स्थिति भी इस माफिक ही है।

ज्योतिषी देवताकी स्थिति।

इनके भेद पांच १ चंद्रमां २ सूर्य ३ ग्रह ४ नक्षत्र ५ तारा। चन्द्रमांकी स्थिति ज० पाव पल्योपमकी उ० १ पल्योपम १ लाख वर्षकी इनके देव्यांकी ज० पाव पल्योपमकी उ०॥ आधा पल्योपम ५० हजार वर्षकी।

सूर्यकी ज०। पाव पल्योपमकी उ० १ पल्योपम १ हजार वर्षकी इनके देव्यांकी स्थिति ज०। पाव पल्योपमकी उ०॥ आधा पल्योपम ५०० वर्षकी।

ग्रहकी ज०। पाव पल्योपमकी, उ० १ पल्योपमकी उनके देव्यांकी स्थिति ज०। पाव पल्योपमकी उ० आधा पल्योपमकी। नक्षत्रकी ज० पाव पल्योपमकी उ० आधा पल्योपमकी, इनके देव्यांकी ज० पाव पल्योपमकी उ० पावपल्योपम जामेरी। तारांकी ज० पल्योपमके आठमे भाग उ० पाव पल्योपमकी, इनके देव्यांकी ज० पल्योपमके आठमें भाग उ० पलके आठमें भाग जाभेरी।

विमाणिक देवताकी स्थिति।

१ पहेले देवलोकमें ज० १ पल्योपमकी उ० दोय सागरकी,

इनके देव्यां दोय प्रकारकी १ परिग्रही २ अपरिग्रही ; (१) परिग्रहीकी ज० १ पल्योपमकी उ० ७ पल्योपमकी, (२) अपरिग्रहीकी ज० १ पल्योपमकी उ० ५० पल्योपमकी ।

२ दूसरा देवलोकमे ज० १ पल्योपम जाझेरी उ० २ सागर जाझेरी, इनके देव्यांका दोय भेद (१) परिग्रही (२) अपरिग्रहि ; परिग्रहीकी ज० १ पल्योपम जाझेरी उ० ९ पल्योपम की अपरिग्रहीकी ज० १ पल्योपम जाझेरी उ० ५५ पल्योपमकी ।

३ तीसरा	देवलोक	की	ज०	२	सागर	की	उ०	७	सागर	की
४ चोथा	„	„	„	२	„	जाझेरी	उ०	„	„	जाझेरी
५ पांचवां	„	„	„	७	„	की	उ०	१०	सागर	की
६ छट्ठा	„	„	„	१०	„	„	„	१४	„	„
७ सातमां	„	„	„	१४	„	„	„	१७	„	„
८ आठमां	„	„	„	१७	„	„	„	१८	„	„
९ नवमां	„	„	„	१८	„	„	„	१९	„	„
१० दसमा	„	„	„	१९	„	„	„	२०	„	„
११ इग्यारमां	„	„	„	२०	„	„	„	२१	„	„
१२ बारमां	„	„	„	२१	„	„	„	२२	„	„
१३ पहिले ग्रीवेक		„	„	२२	„	„	„	२३	„	„
१४ दूसरे	„	„	„	२३	„	„	„	२४	„	„
१५ तीसरे	„	„	„	२४	„	„	„	२५	„	„
१६ चोथे	„	„	„	२५	„	„	„	२६	„	„
१७ पांचमें	„	„	„	२६	„	„	„	२७	„	„

१८ छट्ठे ग्रीवेक की ज० २७ सागर की उ० २८ सागरकी
१९ सातमें ,, ,, ,, २८ ,, ,, ,, २९ ,, ,,
२० आठमें ,, ,, ,, २९ ,, ,, ,, ३० ,, ,,
२१ नवमें ,, ,, ,, ३० ,, ,, ,, ३१ ,, ,,
२२ च्यार अनुतर विमाणकी ज० ३१ सागरकी उ० ३३ सागर की
२३ सर्वार्थ सिद्ध की स्थिति ज० ३३ ,, ,, उ० ३३ ,, ,,

पांच स्थावर को स्थिति ज० अन्तर महोरत की उत्कृष्टी।

१ पृथ्वी काय की १२ हजार वर्ष की
२ अप्प ,, ,, ७ ,, ,, ,,
३ तेउ ,, ,, ३ अहो रात्री ,,
४ वाउ ,, ,, ३ हजार वर्ष ,,
५ वनस्पति ,, ,, १० ,, ,, ,,

तीन विकलेन्द्रो को स्थिति ज० अन्तर महोरतकी उत्कृष्टी

१ बेन्द्रीकी १२ वर्षकी।
२ तेन्द्रीकी ४९ दिनकी।
३ चौरेन्द्रीकी ६ महीनाकी।

तिर्यंच पञ्चेन्द्रोको स्थिति ज० अन्तर महोरत की उत्कृष्टी

१ जलचर सन्नी की क्रोड पूर्व की।
२ ,, असन्नी ,, ,, ,, ,,
३ थलचर सन्नी की ३ पल्योपम की
४ ,, असन्नी की ८४ हजार वर्ष की।

५ खेचर सन्नी की पल्योपमके असंख्यातमें भाग।
६ ,, असन्नी की ७२ हजार वर्ष की।
७ उरपर सन्नी की क्रोड पूर्व की।
८ ,, असन्नी की ५३ हजार वर्ष की।
९ भुजपुर सन्नी की क्रोड पूर्व की।
१० ,, असन्नी ,, ४२ हजार वर्ष की।
असन्नी मनुषय की ज० उ० अन्तर मोहरत की।

सन्नी मनुष्य की स्थिति—

५ भरत ५ इरवरत का मनुष्य को लागते पहेले आरे ३ पल्योपमकी, उतरतां पहेले आरे, लागते दुसरे आरे २ पल्योपमकी, ऊतरता दुसरे आरे, लागतां तीसरे आरे १ पल्योपमकी; उतरतां तीसरे आरे, लागतां चोथे आरे क्रोड़ पूर्वकी; उतरतां चोथे, आरे, लागतां पांचमें आरे सो वर्ष जाझेरी; उतरतां पांचमें आरे, लागतां छट्ठे आरे २० वर्षकी; उतरतां छट्ठे आरे १६ वषकी। ये अवसर्पणीकी हुई। उत्सर्पणी कालमें इसी माफिक चढ़ती कहेणी।

पांच महाविदेह क्षेत्रकी ज० अतर मोहरतकी उ० क्रोड पूर्वकी

युगलियांकी स्थिति।

५ हेमवय ५ एरणवयकी ज० देसउणी १ पल्यकी उ० एक पल्यकी
५ हरीवास ५ रमकवासकी ,, ,, २ ,, ,, २ ,,
५ देवकुरु ५ उतरकुरुकी ,, ,, ३ ,, ,, ३ ,,

५६ अन्तर द्वीपाका युगलियाकी स्थिति ज० उ० पल्यके असंख्यातमे भाग।
घणा सिद्ध आसरी आदि नहीं अन्त नहीं एक सिद्ध आसरी आदि है पण अन्त नहीं।

॥ कालको माप ॥

समे किसको कहते हैं? एक वक्त आंख खोले या टमकारे इसमें असंख्याता समा होता है।

आवलका किसको कहते हैं? एकस्वासो स्वासमें संख्याता आवलका होती है।

स्वासोस्वास किसको कहते हैं? निरोग पुरुषकी नाड़ीके एक वार चलनेको श्वासोस्वास काल कहते हैं कोडा कोडी किसको कहते हैं? एक कोडको एक कोडसे गुणा करने पर जो लब्ध हो, उसको एक कोडा कोडी कहते हैं।

महोरत किसको कहते हैं? अड़तालीस मिनटका एक महोरत होता है। अंतर महोरत किसको कहते हैं? आवलकासें उपर और महोरतके भीतरके कालको अन्तर मोहरत कहते हैं। एक मोहरतमें कितनी आवलका होती हैं? एक मोहरतमें १६७७७२१६ एक क्रोड सिड़सठ लाख सित्योतर हजार दोयसो सोला आवलका होती हैं। एक मोहरतमे (४८ मिन्टमें) कितने श्वासो-स्वास होते हैं? तीन हजार सातसे तिहतर (३७७३) होते हैं।

पल्योपम किसको कहते हैं? चार कोसको कुवो लम्बो, च्यार कोसको चवड़ो च्यार कोसको उन्डो तीन गुणी जाभे-री परधी उस कुवेको देवकुरु उतरकुरुके जुगलियोंका वालाग्र (केश) एक दिनके उगे हुवे जाव सात दिनके उगे हुवे नोट "एक भरत इरवरतके मनुष्यके वालाग्रमें देवकुरु उतर कुरुके जुगलियोंके केस ४०९६ होते हैं" उन एक एक वालाग्रका असख्याता २ खण्डवा (टुकड़ा) करे, जो आंखमें घाले तो रड़के नहीं (मालुम पड़े नहीं) चक्षुइन्द्रीके अवघेणासे अनन्त गुणा छोटा सुक्ष्म पृथ्वी कायके शरीरसें अनन्त गुणा वडा, वादर पृथ्वी वायके शरीर जितना, उने वालोंसे (केश) उस कुवेको काठा भरे, पांच ओपमा करके सहित, चक्रवर्ती की सेन्या उपर होकर निकल जावे तो भी एक खण्डवो मुचे (डोगे) नहीं, दावानल अग्नि लाग जावे तो एक खण्डवो वले नहीं, पुखरा वर्तन मेह वर्षतो एक खण्डवो भिजे नहीं, अनुकुल प्रतिकुल वायरो वाजे तो एक खण्डवो उडे नहीं, गंगा सिंधु नदीको पाट उपरकर वेह जावे तो भी एक वाल वेवे नहीं, इस तरहको काठो कुवो भरे, सो सो वरससें एक एक खण्डवो निकाले, निर्लेपपणे सव कुवो (आखो कुवो) खालो हो जावे उसको एक पल्योपम कहिये।

सागर किसको कहते हैं? दस कोडा कोड कुवा खाली हो जावे याने दस कोडा कोड पल्योपमका एक सागर होता है।

समोहया असमोहया– समोहया तो समुदघात फोड़ी

ताणा वेजो करी (कीड़ो नगरे रो कनारकी परे) मरे असमोहया—विना समुदघात ते गोलीके भड़ाकेनी परे मरे। २५ दंडकरा जीव दोनु प्रकाररा मरण करे, सिद्धामें मरण नहीं।

चवणा—उपजणेरो केयो ज्योंही चवणेरो के देणो।

गइ—पहेली नारकीसु छठी नारकी तक दोय गतरा (मनुष्य तिर्यंचरा) आवे, दोय गतमें (मनुष्य, तिर्यंचमें) जावे, दण्डक आसरी बीसमें, इकीसमेंरो आवे; बीसवें, इकीसवें में जावे; सातमी नारकीमें दोय गतरा (मनुष्य, तिर्यंचरा) आवे, एक तिर्यंच गतिमें जावे, दण्डक आसरी बीसमें, इकीसमेरो आवे, बीसवें मे जावे; भवनपति, वाणव्यतर, जोतषी, पहिले, दुजे देवलोक तक दोय गतरा (मनुष्य, तिर्यंचरा) आवे दोय गतमें जावे (मनुष्य, तिर्यंचमें) दण्डक आसरी बीसमें, इकीसमेंरो आवे पांच दण्डकमें जावे (पृथ्वि, पाणी, वनास्पती, तिर्यंच, मनुष्य) तीजे देवलोक सु आठमें देवलोक तक दोय गतरा (तिर्यंच, मनुष्यरा) आवे, दोय गतमें (तिर्यंच, मनुष्यमें) जावे। दण्डक आसरी बीसमें इकीसमेरा आवे बीसमें इकीसवें मे जावे; नवमे देवलोक सु सर्वार्थसिद्ध ताइ एक मनुष्य गतरो आवे एक मनुष्य गतिमें जावे दण्डक आसरी इकीसमेंरो आवे इकीसवें मे जावे; पृथ्वि, पाणी, वनास्पतीमें तीन गतरा आवे (तिर्यंच, मनुष्य, देवता) दोय गतमें जावे (मनुष्य, तिर्यंच) दण्डक आसरी तेइस दण्डकरा (नारकी टली) आवे; दस

दण्डकमें (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री; तिर्यंच, मनुष्य) जावे; तेउ, वाउमें दोय गतरा (मनुष्य, तिर्यंचरा) आवे एक तिर्यंच गतमें जावे, दण्डक आसरी दस दण्डकरा (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री तिर्यंच, मनुष्य) आवे, नव दण्डकमें (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, तिर्यंच) जावे असन्नी-मनुष्यमें दोय गतरा (मनुष्य, तिर्यंच) आवे, दोय गतमें (मनुष्य, तिर्यंच) जावे; दण्डक आसरी आठ दण्डकरा (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री) आवे, दस दण्डकमें (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, तिर्यंच, मनुष्य) जावे; तीन विकलेन्द्रीमें दोय गतरा (मनुष्य, तिर्यंच) आवे, दोय गतमें (मनुष्य, तिर्यंच) जावे, दण्डक आसरी दस दण्डकरा (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, तिर्यंच, मनुष्य) आवे, दस दण्डकमें (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, तिर्यंच, मनुष्य) जावे ; असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें दोय गतरा (तिर्यंच, मनुष्य) आवे च्यार गतमें जावे, दण्डक आसरी दस दण्डकरा (पांच स्थावर, तीन विकलेन्द्री, तिर्यंच, मनुष्य) आवे, बाइस दण्डकमें जावे (जोतपी, विमाणीक वर्ज्या) सन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें और सन्नी मनुष्यमें च्यार गतीरो आवे च्यार गतीमें जावे, दण्डक आसरी चोवीस दण्डकरा आवे, चोवीस दण्डकमें जावे ; तीस अकर्माभूमीमें दोय गतरा (तिर्यंच, मनुष्य) आवे, एक देवगतमें जावे, दण्डक आसरी दोय दण्डकरा आवे (वीसमे, इकीसमे) तेरे दण्डकमें=दस भवनपति, वाणव्यन्तर, जोतषी, विमाणीकमें (विमाणीकमें दुजे देवलोक तक) जावे; छपन

अन्तरद्वीपमें दोय गतरा (तिर्यंच, मनुष्य) आवे, एक देवगतमें जावे, दण्डक आसरी दोय दण्डकरा (बीसमें, इकीसमेंरा) आवे, इग्यारे दण्डकमें (दस भवनपती, वाणव्यन्तर) जावे, सिद्धांमें मनुष्य गतसुं जावे, दण्डक आसरी एक इकीसमें दण्डकरा जावे, गयां पीछे आवे नहीं।

प्राण—नारकी, भवनपति, वाणव्यन्तर, जोतषी, विमाणीक, गर्भेज मनुष्य गर्भेज तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें प्राण पावे दसुंही, पांच स्थावरमें प्राण पावे च्यार, वेन्द्रीमें प्राण पावे छव, तेन्द्रीमें प्राण पावे सात, चोन्द्रीमें प्राण पावे आठ, असन्नी मनुष्यमें प्राण पावे आठ अधुरा, असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें प्राण पावे नव (मन टल्यो) गर्भेज मनुष्यमें तेरमें गुणठाणे प्राण पावे पांच (मन बल प्राण, वचन बल प्राण, काया बल प्राण, श्वासो श्वास बल प्राण, आउखो बल प्राण) चवदमें गुणठाणे प्राण पावे एक आउखो बल प्राण; सिद्धांमें प्राण पावे नहीं।

योग—नारकी, भवनपति, वाणव्यन्तर, जोतषी, विमाणीक, सन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्री, तीस अकर्मा भूमी, छपन अन्तर द्वीपामें जोग पावे तीनुंही; पांच स्थावर, असन्नी मनुष्यमें जोग पावे एक कायारो; तीन विकलेन्द्री असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीमें जोग पावे दोय (मन, वचन) सन्नी मनुष्य सजोगी होय तो जोग पावे तीन, अजोगी होय तो चवदमें गुणठाणे आसरो, सिद्धांमें जोग पावे नहीं।

* इति लघु दण्डक समास *

॥ अथ सामायिकके ३२ दोष लिख्यते ॥

१० मनके दोषः—

(१) विना अवसरसें तथा अविवेकसें सामायिक करे तो दोष।
(२) जश किर्तीके अर्थे सामायिक करे तो दोष।
(३) आपरे लाभ अर्थे सामायिक करे तो दोष।
(४) गर्भ (अहंकार) सहित सामायिक करे तो दोष।
(५) डरतो, भयसें धुजतो सामायिक करे तो दोष।
(६) संशय सहित, फळ प्रते संदेह रखकर सामायिक करे तो दोष।
(७) सामायिकमें नियाणो करे तो दोष।
(८) सामायिकमें गुस्सो, रीस, क्रोध करे तो दोष।
(९) सामायिकमें देवगुरु धर्म उपगरणकी अविनो, असातना करे तो दोष।
(१०) वेगारीरी परे सामायिक करे तो दोष।

१० वचनके दोषः—

(११) सामायिकमें झूठ बोले तो दोष।
(१२) सामायिकमें विना विचारी भाषा बोले तो दोष।
(१३) सामायिकमें गाल, गीत, ख्याल, इत्यादि संसार सम्बन्धी गाणो करे तो दोष।

(१४) सामायिकमें घणो जोरसें दुसरेकु दुखे ऐसा बोले तो दोष।
(१५) सामायिकमें कलह करे तो दोष।
(१६) सामायिकमें च्यार प्रकारकी विकथा करे तो दोष।
(१७) सामायिकमें हांसी, मशकरी, ठट्ठा करे तो दोष।
(१८) सामायिकमें गड़बड़ करके उन्तावलो उन्तावलो अशुद्ध बोले, पढे, गुणे तो दोष।
(१९) सामायिकमें अयोग्य वचन, अयुक्ति भाषा बोले तो दोष।
(२०) सामायिकमें अव्रतीको सत्कार, सन्मान देवे (अव्रतीने आवो, पधारो कहे) तो दोष।

१२ कायारा दोष:—

(२१) सामायिकमें अजोग आसणसें वेठे जैसे कि ठासणी मारीने, पांव पर पांव रखीने, एसा अभिमानका आसण वेठे तो दोष।
(२२) सामायिकमें अथिर आसण बैठे तो दोष।
(२३) सामायिकमें विषय सहित दृष्टी जोवे तो दोष।
(२४) सामायिकमें सावद्य तथा घरका काम करे तो दोष।
(२५) सामायिकमें बीना कारण ओटो लेकर तथा दुसरेको आधार लेकर वेठे तो दोष।
(२६) सामायिकमें अंग (शरीर) मोड़े तो दोष।
(२७) सामायिकमें शरीर बारबार संकोचे या पसारे तो दोष।

(२८) सामायिकमें हाथ पांवरा कड़का काढे (मोड़े) तो दोष।

(२९) सामायिकमें निन्द्रा लेवेतो दोष।

(३०) सामायिकमें शरीररो मैल उतारे तो दोष।

(३१) सामायिकमें बिना पुंज्या खाज खुणे या बिना पुंज्या हालेचाले तो दोष।

(३२) सामायिकमें बिना कारण दुसरेके पास व्यावच करावे तो दोष।

* इति सामायिकके बतीस दोष समास *

॥ दोहा ॥

निवासी बीकानेरका, जैन श्वेताम्बर जाण ।
ओसवंशमें सेठीया, हैं श्रावक भैरोदान ॥
बहु ग्रंथ संचे कियो, अल्प बुद्धि अनुसार ।
भूल चूक दृष्टि पड़े, लीजो विद्वन सुधार ॥

ॐ

शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

सेवंभंते सेवंभंते गौतम बोले सही श्री महावीरकी वचनमें कुछ सन्देह नहीं । जैसा लिखा हुआ देख्या, बांच्या या सुण्या वैसा ही अल्प बुद्धिके अनुसार लिखा , तत्व केवली गम्य अक्षर, पद, ह्रस्व, दीर्घ, कानो, मात, मिंडी, ओछो अधिको, आगो पाछो, अशुद्ध पणे लिख्यो होय अथवा कोई तरहकी छपानेमें ज्ञानादिक की विराधना कीनी होय, अजाणते कोई दोष लाग्यो हाय तो सकल श्री संघकी साखसे मन वचन काया करी मिच्छामि दुक्कड़ं मीय ।

* इति पहिला भाग समाप्तम् *

पत्र व्यवहार निम्नलिखित पतेसें करे—

श्रीजैन भाईयोंकी विद्यालय,

मोहल्ला—मरोटीयों का

मगरचन्द भैरोदान सेठियाके मकानमें

बीकानेर राजपूताना (मारवाड़)

THE JAIN NATIONAL SEMINARY

Sethia Building Mohola Marotian,

Bikaner-Rajputana (Marwar.)

पानमल उदैकर्ण सेठीया,

चिट्ठीका पता—पोष्ट बकस नं० २५५

तारका पता—"सेठिया" कलकत्ता।

P. O. SETHIA & BROS.

Letter Address:—"Post Box No. 255" Calcutta.

Tele. Address:—"SETHIA" CALCUTTA.

श्रीवीतरागाय नमः ॥

ज्ञान थोकड़ा संग्रह ।

[illegible] हुआ।

संग्रह कर्ता :—

धर्मचन्द्रजी तत्पुत्र भैरोदान सेठिया,

मोहल्ला मरोटियां की गुवाड़,

बीकानेर (राजपुताना)

BHAIRODAN SETHIA,

MOHOLLA MAROTIAN,

Bikaner Rajputana.

प्रथमावृत्ति } वीर सम्वत् २४४७ { १००० प्रत
विक्रम सम्वत् १९७७
ई० सन् १९२१

दोहा

केवल ज्ञानीको सदा, वन्दु ये कर जोड़ ॥
गुरु मुख से धारण करो, अपनी ज़िद को छोड़ ॥ १ ॥
जिन वचन तह मेवसत्य, समभाव नहीं ताण ॥
जतना से वांचो सही, येही प्रभू की वाण ॥ २ ॥

। सुचना ॥

ये पुस्तक जतना से रक्खे।

उघाड़े मुंह तथा चिराग के चानणे नहीं वांचे पद, अक्षर, ओछो, अधिको, आगो, पाछो, तथा कानो मात, मिंडी, ह्रस्व, दीर्घ अशुद्ध त्रुटी भाषामें लिख्यो हुवो विद्वान कृपा कर शुधार लेवें प्रसिद्ध कर्ताको येही नम्र विनन्ति है।

अनुक्रमणिका ।

शुद्धि पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
६	"	तो	को
६	१६	वैसाणिक	वैमाणिक
१८	८	अभिग्रहिया	आरंभिया
२८	१५	अवज्जवसिया	अपज्जवसिया
२९	१	लादे	लाधे
२९	३	"	"
"	४	"	"
"	५	"	"
"	"	गुणास्थान	गुणस्थान
"	६	लादे	लाधे
३२	८	गुणठाणा	गुणठाणेवालो
३२	६	वालो दुसरा	दुसरा
३२	९	समुद्घता	समुद्घात
४३	१९	वाधे	वांधे
"	२०	"	"
४४	१३	"	"
४५	१०	अनन्तनु वंधी	अनन्तानु वंधी
४६	१८	वाधे	वांधे
"	१९	"	"
५३	हेडिंग	कर्म प्रकृति	गतागत
५५	हेडिंग	" "	"
५७	हेडिंग	" "	सुबोल वगेरह

॥ श्रीसर्वज्ञाय नमः ॥

(श्लोक)

अर्हंतो भगवन्त इन्द्र महिताः सिद्धाश्च सिद्धिः स्थिता ।

आचार्या जिनशासनोन्नतिकराः पूज्या उपाध्यायिकाः ॥

श्रीः सिद्धान्त सुपाठिकाः मुनिवरा रत्नत्रया राधिकाः ।

पञ्चैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनम् कुर्वंतुनो मङ्गलम् ॥ १ ॥

॥ थोकड़ा संग्रह ॥

॥ गुणस्थान द्वार ॥

चवदे गुणस्थान पर २८ द्वार चले वो कहते हैं ।

२८ द्वारका नाम १ नाम २ लक्षण ३ स्थिति ४ क्रिया ५ सत्ता ६ बंध ७ उदय ८ उदीरणा ९ निर्जरा १० भाव ११ कारण १२ परिस्सह १३ आत्मा १४ जीवका भेद १५ गुणस्थान १६ जोग १७ उपयोग १८ लेश्या १९ हेतु २० मार्गणा २१ ध्यान २२ दण्डक २३ जीवाजोन २४ निमित्त २५ चारित्र २६ समकित २७ आन्तरा २८ अल्पाबौत (अल्पाबहुत्व)

१ नामद्वार चवदे गुणस्थान का नाम १ मिथ्यात्व २ सास्वादान ३ मिश्र ४ अविरति सम्यक्त्वदृष्टि ५ देशविरति ६ प्रमत्त

(प्रमादी) ७ अप्रमत्त संजति (अप्रमादी) ८ नियट्टिबादर (अपूर्व कर्ण) ९ अनियट्टि बादर १० सुक्ष्मसम्पराय ११ उपशांतमोहणी १२ क्षिणमोहणी १३ सजोगी केवली १४ अजोगी केवली नामद्वार समाप्त ।

२ लक्षण द्वार पहेला मिथ्यात्व गुणस्थान का लक्षण कहते हैं श्री जिनेश्वर भगवानकी वाणी ओछि अधिक विपरीत सर्दहे परुपे श्रीजैन मार्गपर दुष्ट (खोटा) परिणाम राखे हिंसा में धर्म परुपे सर्दहे सुगुरु सुदेव सुधर्म सुशास्त्र को खोटा (झूठा) माने कुगुरु कुदेव कुधर्म कुशास्त्र को सच्चा माने उसको पहिला गुण-स्थानको मालिक कहिये । तेवारे श्रीगौतम स्वामीजी महाराज हाथ जोड़ी मान मोड़ी वंदणा नमस्कार करी श्री भगवन्तने पूछता हुआ हो स्वामीनाथ ! पहेला गुणस्थान वालाके कई गुण निपन्यो ? तिवारे श्रीभगवन्ते कह्यु, जीवरूप दड़ी ने कर्मरूप गेडीओ करी ४ गति २४ दण्डक ८४ लाख जीवा जोनि मांहि बारंबार परिभ्रमण करे (कठेहीशाता को ठिकाणो पावे नहीं) संसार को पार पावे नहीं ।

दुसरा सास्वादान गुणस्थान का लक्षण कहते हैं इस पर दृष्टान्त ३ जैसे कोई मनुष्य खीरखांड़को भोजन कियो उस समान समकित और पीछो वमन कियो उस समान मिथ्यात्व लारा से (पाछासे) गुल चट्यो स्वाद बाकी रयो उस समान सास्वादान । जैसे घंटा को शब्द निकलते गहेर गम्भीर उस समान समकित और लारासे रणकार शब्द रह गया उस समान सास्वादान । जैसे

जीवरूप आंबो प्रणाम रूप डाला समकितरूप फल मोहरूप वायरा से परणामरूप डाल परसे समकितरूप फल त्रुट्या मिथ्यात्वरूप जमीन पर पड्या नही परन्तु बचमे है वहांतक सास्वादान। तिवारे श्री गौतम स्वामी जी महाराज हाथ जोडी मान मोडी वंदणा नमस्कार करी श्रीभगवन्त प्रत्ये पूछता हुआ हो स्वामीनाथ! उस जीवको क्या गुण निपन्यो? तिवारे श्रीभगवन्त ने कहा के जैसे किसी मनुष्य के क्रोड रुपीया को देणो माथे है उसमें से ९९९९९९९॥ नन्याणु लाख नन्याणु हजार नो सो साडा नन्याणु रुपीया तो चुका दिया ॥) आठ आना देना वाकी रहा उस माफिक अर्धपुद्गल संसार भोगणा वाकी रहा।

तीसरा मिश्र गुणस्थान का लक्षण कहते हैं जैसे वसन्तपुर नामा नग्रके वहार कोई मोटा गुणधारी मुनिराज पधार्या श्रावक वंदवाने गया रास्तामें दुकान पर मिश्रदृष्टी वाला सेठजी बैठा हो जिन्होंने पुछा भाई आप कहां जाते हैं उन्होंने जवाव दिया कि भाई मोटा मुनिराज पदार्या है सो वन्दवाने जावां हां तव सेठजीने कहा मैं भी आऊं तव उनके मिथ्यात्वी गुमास्ताने कहा के आप कहां जाते हैं परदेशसे चिठ्ठीया आई है सो जवाव भुगताता है ऐसा सुनकर सेठजी काममें लाग गया फिर श्रावक साधुजीने वान्दकर पाछा उधर निकल्या तव मिश्र गुणस्थान वाला सेठजी बोल्या भाई तुम तो वन्द आए मे तो अव जाता हुं ऐसा कहकर वन्दवाने गया सो वहांसे तो मुनिराज विहार कर गया पिछा फिरा उस वक्त बाबा; सन्यासी, जोगी, वगेरा मिला तव

उन्होंने उनको बांधा और जानाके मारे तो वोभी सरीखा और ये भी सरीखा जिन मार्गने आछो समझे और अन्य मार्गने भी आछो समझे निर्णो करे नहीं॥ श्रीखंड (शीखण) को भोजन कुछ खाटो कुछ मिठो खाटा समान मिथ्यात्व मिठा समान समकित। तिवारे श्रीगौतम स्वामीजी महाराज हाथ जोडी मान मोडी वंदणा नमस्कार करी श्री भगवन्त प्रत्ये पूछता हुवा हो भगवंत! तीसरा गुणस्थान वालाके कई गुण निपज्यो? तिवारे भगवंत ने कहा के अनादि कालको उलटो थो सो सुलटो हुवो कृष्णपक्षो को शुक्लपक्षी हुवो उड़द की राश को मोगर की राश हुवो समकित के सन्मुख हुवो परन्तु पग भरवा समर्थ नहीं देशऊणो अर्द्धपुद्गल परावर्त संसार में परिभ्रमण करना बाकी रहा जिस तरह से किसी मनुष्य के एक क्रोड़ को देणो माथे हे उसमे से नन्याणु लाख नन्याणु हजार नो सो साडा नन्याणु रुप्या को देणो तो चुका दियो सिर्फ॥) आठ आना देणा रया उसी माफिक संसार में परिभ्रमण करणो बाकी रयो।

चोथो अविरति सम्यक्त्वदृष्टि गुणस्थान का लक्षण कहते हैं सात प्रकृति को क्षयोपसम करे उस वक्त जीव चोथे गुणस्थान आवे सात प्रकृति का नाम अनन्तानुबंधीको क्रोध, मान, माया, लोभ समकित मोहनी मिश्र मोहनी मिथ्यात्व मोहनी। मिथ्यात्व मोहनी किसको कहते हैं? कुगुरु, कुदेव, कुधर्म, कुशास्त्र की आसता रक्खे। मिश्र मोहनी किसको कहते हैं? सव्वेदेवा (सब देव) सव्वे गुरुवा (सब गुरु) सव्वे धम्मा (सब धर्म)

सव्वे सासतरा (सव शास्त्र) माने समकित मोहनी किस को कहते हैं ? गुरु ऊपर स्नेहभाव रक्खे जैसे गौतम स्वामीने महावीर प्रभुपर रक्खा अथवा सुक्ष्म पदार्थ मे शंका वेदे (जाणे) सात प्रकृति का भांगा नव पहेले भांगे चार प्रकृतिको क्षपावे तीन को उपसमावे दुसरे भांगे पाच प्रकृति को क्षपावे दोको उपसमावे तीसरे भांगे छव प्रकृति को क्षपावे एकको उपसमावे इन तीन ही भांगे को क्षयोपसम समकित कहेना चोथे भांगे चार प्रकृति को क्षपावे दो को उपसमावे एक को वेदे पांचवें भांगे पांच को क्षपावे एक को उपसमावे एक को वेदे इन दो भांगोंका क्षयोपसमवेदक समकित कहते हैं छठा भांगामें छे प्रकृति को क्षपावे एक को वेदे उसको क्षायकवेदक समकित कहते हैं। सातमें भांगे छव प्रकृतिको उपसमावे एक को वेदे उसको उपसमवेदक समकित कहते हैं। आठमें भांगे सात प्रकृति को उपसमावे उसको उपसम समकित कहते हैं। नवमें भांगे सात प्रकृति को क्षपावे उसको क्षायक समकित कहते हैं। चोथे गुणस्थान आया हुवा जीव जीवादिक नो पदार्थका जानकार होवे । द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव का जाणकार होवे नवकारसी आदि वरसी तप जाणे, सर्दहे, परुपे, परन्तु कर सके नहीं क्योंकि अविरति सम्यक्त्वदृष्टि है। तिवारे श्री गौतम स्वामीजी महाराज हाथ जोड़ी मान मोड़ी वंदणा नमस्कार करी श्री भगवंत प्रत्ये पुछता हुआ हो स्वामीनाथ ! उस जीवको क्या गुण हुवा ? तिवारे श्रीभगवंतने कहा। हो गौतम पूर्वे आयुष्यको बंध नहीं पड्यो होवे तो सात बोलको बंध नहीं पड़े १

नारकी २ तिर्यंच ३ भवनपति ४ वाणव्यन्तर ५ जोतिषी ६ स्त्रीवेद ७ नपुंसकवेद पूर्व बन्द पड़्यो होवे तो भोगवे जैसे सेणक महाराज कृष्ण महाराज वत्।

पांचवा देशविरति गुणस्थान का लक्षण कहते हैं अग्यारा प्रकृति तो क्षयोपसमावे तब जीव पांचवे गुणस्थान आवे सात प्रकृति वो जो पूर्व कहि वो और ४ अप्रत्याख्यानीको १ क्रोध २ मान ३ माया ४ लोभ ये अग्यारा। पांचवें गुणस्थान आया हुवा जीवादिक नो पदार्थ का जाणकार होवे नवकारसी आदि दईने वरसी तप जाणे सर्दहे परुपे शक्ति मुजब पच्चखाण करे (एक पच्चखान से लेकर श्रावक का बारवृत्त अग्यारा श्रावक की पडिमा आदरे जाव सलेषणा सुधी अनसन क्रिया आराधे) तिवारे श्री गौतम स्वामी जी महाराज हाथ जोड़ी मान मोड़ी वंदना नमस्कार करी श्री भगवंत प्रत्ये पूछता हुवा हो भगवन्त! उस जीव को क्या गुण हुवा? हो गौतम! जघन्य त्रीजेभव मोक्षमें जावे उत्कृष्टा सात आठ याने पनरा भवकर मोक्षमें जावे नो अतिक्रमे (उससे ज्यादा नहीं करे पनरा भवमें (सात वैमाणिक देवताका और आठ मनुष्य का) एवं पनरा।

छठा प्रमत्त संजति (प्रमादी) गुणस्थान का लक्षण कहते हैं पनरा प्रकृति को क्षयोपसम करे तिवारे जीव छट्ठे गुणस्थान आवे अग्यारा प्रकृति तो पूर्वे कही वो और चार प्रत्याख्यानी को क्रोध, मान, माया, लोभ, जीवादिक नो पदार्थ का जाणकार होवे द्रव्य क्षेत्रकाल भावका जाणकार होवे नवकारसी आदि वरसी

तप जाणै सर्दहे परुपे फरसे (करे) तिवारे श्री गौतम स्वामीजी महाराज हाथ जोड़ी मान मोड़ी वंदणा नमस्कार करी श्रीभगवंत प्रत्ये पूछता हुवा हो स्वामीनाथ ! उस जीवके कई गुण निपन्यो ? तिवारे श्रीभगवन्त ने कहा हो गौतम ज० उसी भव मोक्षमें जावे उ० सात आट भवमे मोक्ष जावे।

सातमो अप्रमत्त संजति (अप्रमादो) गुणस्थानका लक्षण कहते हैं। पांच प्रमाद छाडे उस वल्त जीव सातवें गुणस्थान आवे पांच प्रमादका नाम १ मद २ विषय ३ कषाय ४ निद्रा ५ विकथा जीवादिक नो पदार्थका जाणकार होवे द्रव्य क्षेत्रकाल भावका जानकार होवे नवकारसी आदि वरली तप जाणे सर्दहे परुपे फरसे (करे) तिवारे श्रीगौतम स्वामीजी महाराज हाथ जोडी मान मोड़ी वंदणा नमस्कार करी थ्री भगवन्त प्रत्ये पूछता हुवा हो स्वामीनाथ ! उस जीवको कई गुण हुवो ! तिवारे श्री भगवन्तने कहा हो गौतम ज० उसी भवमें मध्यम तीसरे भव उ० सात आठ भवमें मोक्ष तावे।

आठमा नियट्टि बादर गुणस्थान का लक्षण कहते हैं अपूर्व कर्ण शुक्ल ध्यान आवे तव जीव आठमें गुणस्थान आवे अपूर्व कर्ण (ऐसा करण पहेले कभी नहीं आया) वहाँ श्रेणीकरे दो १ उपसम श्रेणी २ क्षपक श्रेणी उपसम (पडवाई) क्षपक (अपड़वाई) १ उपसम श्रेणीको लक्षण कहते हैं। एकीस प्रकृति को उपसमावे जव आठमा गुणस्थानसे नवमें गुणस्थान जावे पनरा तो पूर्वे कही वो और छें हास्यादिक १ हास्य २ रति ३ अरति ४ भय

५ शोक ६ दुगंच्छा ॥ सतावीस प्रकृति को उपसमावे जब जीव दसमें गुणस्थान आवे अकवीस तो पूर्व कही वो और १ स्त्रीवेद २ पुरुषवेद ३ नपुंसकवेद और संजवलन (संजल) को क्रोध, मान, माया, ॥ अठावीस प्रकृति को उपसमावे जब जीव अग्यारमें गुणस्थान आवे सतावीस तो पूर्व कही वो और एक संजल को लोभ, काल करे तो अनुत्तरविमाण मेंजावे संजल को लोभ उपसम्यारो उदय हुवे तो पाछो थड़हड़े (पाछो पड़े) भारी अग्नि को दृष्टान्त कष्ट भार मुंके झल पट उठे कोठड़ी में कोठडी जाव कोठडी मे कोठडी आगे जानेका रस्ता नहीं मिले तब अग्यारमा गुणस्थानसे पाछा पड़े दसमें आवे नवमें आवे जाव पहेले आवे।

क्षपक श्रेणी का लक्षण कहते हैं, इकवीस प्रकृति को क्षपावे तब जीव नवमें गुणस्थान आवे सतावीस प्रकृति को क्षपावे तब जीव दसमें गुणस्थान आवे अठावीस प्रकृति को क्षपावे तब जीव अग्यारमों गुणस्थान उलघी वारमें गुणस्थान आवे छेला समयमें शेषका (वाकी) ३ घन घातिया कर्म (ज्ञानावरणीय दर्शनावरणीय अतराय) क्षयकरे तिवारे जीव तेरमें गुणस्थान आवे तेरमें गुणस्थान में दस बोलकी प्राप्ति होवे १ अनन्ति दाना लब्धी २ अनन्ति लामा लब्धी ३ अनन्ति भोगा लब्धी ४ अनन्ति उपभोगा लब्धी ५ अनन्ति वीर्य लब्धी ६ केवल ज्ञान ७ केवल दर्शन ८ क्षायक समकित ९ शुक्ल ध्यान १० यथाख्यात चारित्र ॥ यहांसे मन वचन काया को जोग रुंधकर चवदमें गुणस्थान आवे चवदमें गुणस्थान चार अघातिया कर्म (वेदनी, आयुष्य, नाम, गौत्र)

क्षेपा कर अफुसमाणगति (अफर्शतोथको) करीने एक समय को अविग्रह करीने औदारिक तेजस कारमाण शरीर छोडीने पांच लघुअक्षर की स्थिति कर सिद्ध गतिमें प्राप्त होवे (अ, इ, उ, ऋ, ऌ,) जहां जन्म नहीं, मरण नहीं, जरा नहीं, रोग नहीं, शोक नहीं, दुःख नहीं, दारिद्र नहीं, मोह नहीं, माया नहीं, कर्म नहीं, काया नहीं, चाकर नहीं, ठाकर नहीं, गुरु नहीं, चेला नहीं, भूख नहीं प्यास नहीं, जोत में जोत वीराजमान अनन्ता सुखामें तल्लीन अनन्तो ज्ञान, अनन्तो दर्शन, अनन्तो क्षायक समकित निराबाध अटल अवगाहना अमूर्ति अगुरुलघु अनन्त वीर्य सहित विराजमान होवे ।

तीसरा स्थितिद्वार (कर्मोंमें आत्माके साथ रहनेकी मियाद-को कहते हैं) का विस्तार चालेवो कहते हैं पहेले गुणस्थानमें भांगा पावे तीन १ अणाइया अपज्जवस्सिया (अनादि अनन्त आदभी नहीं और अन्त भी नहीं अभवी आश्री) २ अणाइया सपज्जव-स्सिया (अनादि सान्त आदि नहीं, अन्त है भवी जीव आश्री), ३ साइया सपज्जवसिया (सादि सांत आदि भी है और अन्त भी है पडवाई समदृष्टी आश्री) तीसरा भांगा की स्थिति ज० अन्तर मोहरत की उ० देशऊणा अर्ध पुद्गलिक कालकी दूसरा गुणस्थान की स्थिति ज० एक समयकी उ० छेव आवलिका की (एक मोहरतमें १६७७७२१६ एक क्रोड़ सड़सठ लाख सित्यन्तर हजार दो सो सोला आवलिका होती है) तीसरा वा बारमा गुणस्थानकी स्थिति ज० उ० अन्तर महोरतकी चोथा गुणस्थान की स्थिति ज० अन्तर

महोरत की उ० छासट सागर झाझेरो पांचवां व तेरवां गुणस्थान की स्थिति ज० अन्तर मोहरतकी उ० देश उणा क्रोड़ पूर्व की छट्ठा गुणस्थान की स्थिति ज० एक समय की उ० देश उणा क्रोड़ पूर्व की सातवां आठवां, नवां, दसवां, अग्यारवां गुणस्थान की स्थिति ज० एक समय की उ० अन्तर मोहरतकी चवदवां गुणस्थान की स्थिति पांच लघु अक्षर की (अ, इ, उ, ऋ, ऌ,)।

चोथा क्रियाद्वार पच्चीस क्रियाका नाम तथा भावार्थ।

१ काइया क्रियाका २ भेद—अजतनासे प्रवर्तावे घणा कालसे काया वोसराया विना पाछला रहा हुवा कायाका पुद्गल उसकी क्रिया लागे।

१ अणुवरय काइया—पापसे नहीं निवर्तने से लागे।

२ दुपउत्त काइया—इन्द्रीयोंके इष्ट अनिष्ट विषय से नहीं निवर्तने से लागे।

२ आहिगरणीया (अधिकरण)-क्रियाका दो भेद।

१ संजोजनाहिगरणीया—खड्ग मूशल हथियार कसि कुदाला इत्यादि संग्रह करे उनकी क्रिया लागे।

२ निव्वत्तणाहि गरणीया—शस्त्र हथियार वगेरा नया बनावे, तथा मरम्मत करावे उनकी क्रिया लागे।

३ पाउसिया क्रियाका दो भेद।

१ जीव पाउसिया —जीवपर द्वेष करनेसे लागे तथा मत्सर प्रणाम राखे उसको क्रिया लागे।

२ अजीव पाउसिया—अजीवपर द्वेष करे तथा मत्सर प्रणाम राखे उसकी क्रिया लागे।

४ परितावणियां क्रियाका दो भेद।

१ सहत्थ परितावणीया—आप तपे तथा दूसरा ने तपावे उसकी क्रिया लागे।

२ परहत्थ परितावणीया—दूसरा का हाथसे. आपने तथा दूसराने तपावे (परितापणा उपजावे) उसकी क्रिया लागे।

५ पाणाइ वाइया क्रिया का दो भेद—जीवरो हिंसा करे।

१ सहत्थ पाणाइ वाईयां —खुद के हाथ से खुद का तथा दूसरे का प्राण हरे उसको क्रिया लागे।

२ परहत्थ पाणाइ वाइया—दूसरे के हाथसे खुदका तथा दूसरे का प्राण हरावे उसकी क्रिया लागे।

६ अपच्चखाणिया का दो भेद—व्रत पच्चखाण किंचित मात्र पण नहीं करे चोथे गुणस्थान तक लागे।

१ जीव अपच्चखाणिया —

२ अजीव अपच्चखाणिया—

७ आरम्भिया क्रियाका दो भेद—खेती, बाग, बगीचा, मील, कल, दूकान, मकान, वगेरा को आरम्भ वधावे उसकी क्रिया लागे ।

१ जीव आरम्भिया—जीवको आरम्भ वधावे ।

२ अजीव आरम्भिया—अजीवको आरम्भ वधावे ।

८ परिग्रहिया क्रियाका दो भेद ।

१ जीव परिग्रहिया—घोड़ा, उंठ, वेल, हाथी, दास, दासी, वगेरा को परिग्रह वधावे उसकी क्रिया लागे ।

२ अजीव परिग्रहिया—अन्न, आभूषण, कपड़ा, मकान वगेराको परिग्रह वधावे उसकी क्रिया लागे ।

९ माया वत्तियाका दो भेद ।

१ आय भाव वंकणया—अपनी आत्माके वास्ते ठगाई करे व अपनी आत्मा का खोटा भाव छिपावे खोटा आचरण आचरे खोटा लेख लिखे ।

२ परभाव वंकणया—परायाके वास्ते ठगाई करे, करावे खोटा आचरण करे तथा करावे खोटा लेख लिखे तथा लिखावे ।

१०. मिथ्या दंसण वत्तिया का दो भेद

१ उणा इरित मिथ्यादंसण—ओछा, अधिका सर्दहे तथा परूपे उसकी क्रिया लागे।

२ तव्वइरित मिथ्यादंसण—विपरीत सर्दहे तथा परूपे उसको क्रिया लागे।

११ दिट्ठिया क्रियाका दो भेद देखनेसे राग द्वेष पैदा होवे।

१ जीव दिट्ठिया—घोड़ा, हाथी, वगेरा ने देख कर सरावे या विसरावे तो क्रिया लागे।

२ अजीव दिट्ठिया—चित्रामादि आभूषण देख कर सरावे या विसरावे तो क्रिया लागे।

१२. पुट्ठिया क्रिया का दो भेद राग द्वेष लाकर हाथ फेरे तथा खोटा भावसे प्रश्न करे (सवाल करे)

१ जीव पुट्ठिया।

२ अजीव पुट्ठिया।

१३ पाडुच्चिया क्रियाका दो भेद—बाहिर वस्तुके निमित्त से लागे जैसे, ओघा, पातरा, घर, हाट, इत्यादिकसे अथवा सामान्यतरे सुं राग द्वेष करने से तथा दूसरे की सम्पदा देखकर इर्षा करनेसे।

१ जीव पाडुच्चिया—जीव को खोटो वंछे तथा उसपर इर्षा करे उसकी क्रिया लागे।

२ अजीव पाडुच्चिया—द्वेष बुद्धिसे अजीवपर खोटी चिन्तवना करे उसको क्रिया लागे।

१४ सामंतोवणीया क्रियाका दो भेद—अपना भला पदार्थ देखकर लोगां आगे प्रशंसा करे याने पोमावतो फिरे तथा अपनी वस्तुने दुसरो सरावे तो राजी हुवे तथा विसरावे तो विराजी हुवे तथा नाटक, मेला, तमासा, मनुष्यको फांसी देता (चोर मारता) देखे उसको क्रिया लागे।

१ जीव सामंतो वणीया—

२ अजीव सामंतो वणीया—

१५ साहत्थिया क्रियाका दो भेद ।

१ जीव साहत्थिया—जीवने खुदरे हाथ से पकड़ कर हणे (मारे) उसकी क्रिया लागे।

२ अजीव साहत्थिया—तलवार, बन्दूक, आदि पकड़ कर हणे (मारे) उसकी क्रिया लागे।

१६ नेसत्थिया क्रिया उसका दो भेद ।

१ जीव नेसत्थिया—जीव में जीव नाखनेसे जैसे वनस्पतिमें पाणी फेंके अथवा गुरु चेलाने दूसरा सत्ता के पास व्यावच में भेजे या पुत्रने पिता दुसरी जगह भेजे या निकाल दे (वियोगसे जीव खेद पावे याने दुःख पावे) उसकी क्रिया लागे।

२ अजीव नेसत्थिया—पत्थर, तीर, अनुप इत्यादि फेंकनासे क्रिया लागे।

१७—आण वणिया क्रियाका दो भेद—जीव अजीव वस्तु कोईरे पाससे मंगावासे देवे या नहीं देवे उसपर रागद्वेष उपजे जिसकी क्रिया लागे।

१ जीव आणवणिया।

२ अजीव आणवणिया।

१८ वेदारणीया का दो भेद—जीव अजीव ने काटे तथा लाणी लेजाणेकी आज्ञा देवे तथा उनका अछ्छागुण करके वेचे तथा हिंसाकारक दलाली करे।

१ जीव वेदारणिया।

२ अजीव वेदारणिया—जैसे सुपारीका दो टुकड़ा करे।

१९ अणाभोग वत्तियाका दो भेद—उपयोग विना शुन्य पणे तथा अज्ञानतासे लागे।

१ अणा उत्तआयणता—असावधान पणे से वस्त्रादिक ने ग्रहण करे वा पेरे उसकी क्रिया लागे।

२ अणाउत्त पमज्जणता—उपयोग विना पात्रादिक पुंजे उसकी क्रिया लागे।

२० अणवकंख वितियाका दो भेद—इहलोक व परलोकसे विरुद्ध काम करे। इहलोकमें निंदाहुवे परलोक विगाड़े वैसा काम करे।

१ आय शरीर अणवकंखवत्तिया—खुदके शरीरसे पाप लागे वैसा काम करे अपघात करे उसकी क्रिया लागे।

२ पर शरीर अणवकंख वत्तिया—दूसराका शरीरसे पाप लागे वैसा काम करे परघात करे उसकी क्रिया लागे।

२१ पेज वत्तियाका दो भेद।

१ माया वत्तिया—कपटाइसे राग धरे उसकी क्रिया लागे।

२ लोभ वत्तिया—लोभसे राग धरे उसकी क्रिया लागे।

२२ दोष वत्तियाका दो भेद।

१ कोहे—क्रोधसे क्रिया लागे।

२ माणे—मानसे क्रिया लागे।

२३ पउग्ग क्रियाका तीन भेद—मन वचन कायाका जोगसे कर्म ग्रहण करे याने शुभ अशुभ प्रवर्तावे।

१ मण पउग्ग।

२ वय पउग्ग।

३ काया पउग्ग।

२४ सामुदाणिया क्रियाका तीन भेद—प्रयोग क्रिया द्वारा ग्रहण किया कर्म, सामुदाणीसे खींच्या उन कर्मा का भेद च्यार तरह से करे १ प्रकृति पणे २ स्थिति पणे ३ अनुभाग पणे ४ प्रदेश पणे दृष्टान्त जैसे मेदाको आलोय कर लोघो वणायो जव तो प्रयोग क्रिया लागे और पीछे लोधाने लेकर पेठो, निमकी, खाजा इत्यादिक नाना प्रकार पणे वणाया जव सामुदाणी क्रिया लागे।

१ अणन्तर सामुदाणिया—कालमें छेटी पड़े।

२ परंपर सामुदाणिया—कालमें छेटी नहीं पड़े।

३ तदुभय सामुदाणिया—कालमें छेटी पड जावे और कालमें छेटो नहीं पड़े दोनों साथ।

(पहेले समे भेद करे तव अनन्तर क्रिया दुजे समे तीजे समे भेद करे तव परंपर क्रिया।

२५ इरिया वहिया क्रिया—वीतरागो तथा केवली ने पहेले

समे में लागे दूजे समे वेदे तीजे
समे निर्भरे।

(नोट)—इरिया वहिया क्रिया शुभ बाकी चोवीस क्रिया
शुभ अशुभ दोनों ही ।

पहिले तीसरे गुणस्थानमें क्रिया पावे चोवीस एक इरिया वहिया टली दूसरे, चोथे गुणस्थानमें क्रिया पावे तेवीस, मिथ्यात्व तथा इरिया वहिया टली, पांचवें गुणस्थानमें क्रिया पावे बावीस, तेवीसमेंसे अवृत्त टली छट्ठे में क्रिया पावे दो अभिग्रहिया, मायावत्तिया, सातवें, आठवें, नवें, दसवें, गुणस्थानमें क्रिया पावे एक मायावत्तिया, अग्यारवे, बारवे, गुणस्थानमें क्रिया पावे एक इरिया वहिया चवदवां गुणस्थानमें क्रिया नहीं।

पांचवो सत्ताद्वार पहेला गुणस्थानसे जाव अग्यारमा गुणस्थान तक आठ ही कर्मकी सत्ता है। बारमें गुणस्थानमें सात कर्मकी सत्ता है एक मोहनी कर्म वर्ज्यो तेरमां, चवदमां गुणस्थानमें च्यार अघातिया कर्मकी सत्ता है (वेदनी, आयुष, नाम, गौत्र)।

छट्ठो बंधद्वार पहेला गुणस्थानसे सातमा गुणस्थान तक तीसरा गुणस्थान वर्ज कर सात तथा आठ कर्मोको बंध सात कर्मको बंध होवे जब आयुष्य कर्म वर्ज्यो तीसरा आठमां, नवमा गुणस्थान में सात कर्मोको बंध आयुष्य वर्ज्यो दसमां गुणस्थान में छे कर्मोको बंध मोहकर्म व आयुष्य कर्म वर्ज्या अग्यारमा, बारमा, तेरमा गुणस्थान में एक साता वेदनी को बंध चवदमा गुणस्थानमें बंध नथी (अबंध)।

सातमो उदयद्वार पहेला गुणस्थान से दसमा गुणस्थान तक आठ ही कर्मको उदय अग्यारमे, वारमें गुणस्थानमें सात कर्मको उदय एक मोह कर्म वर्ज्यो तेरमें, चवदमें गुणास्थानमें च्यार अघातिया कर्मको उदय (उदो)।

आठमो उदेरणा द्वार पहेला से छट्ठा गुणस्थान तक तीसरो वर्जकर सात तथा आठ कर्मकी उदीरणा, सात कर्म होवे तो आयुष्य वर्ज्यो तीसरा गुस्थानमे आठही कर्मकी उदीरणा, सातमा, आठमा, नवमा गुणस्थानमें छव कर्मांकी उदीरणा मोहनी कर्म व आयुष्य कर्म वर्ज्यो दसमा गुणस्थानमें छव कर्मको तथा पांच कर्मकी उदीरणा, छव तो पूर्ववत पांच होवे तो वेदनी, मोहनी, आयुष्य वर्ज्या अग्यारमा गुणस्थानमें पांच कर्मकी उदीरणा वारमा गुणस्थानमें पांच कर्मको तथा दोयकी पांच होवे तो पूर्व माफिक और दोय कर्म की, होवे तो नामकर्म गोत्रकर्म, तेरमा गुणस्थानमें दोयकी तथा नथी दो होवे तो पूर्व माफिक चवदमा गुणस्थानमें उदीरणा नहीं।

नवमो निर्भरा द्वार पहेला गुणस्थान से दसमा गुणस्थानतक आठ ही कर्मकी निर्भरा अग्यारमें वारमें गुणस्थानमें सात कर्मकी निर्भरा मोहनी कर्म वर्ज्यो। तेरमा चवदमा गुणस्थान में चार अघातिया कर्मकी निर्झरा।

दसमो भावद्वार पांच भावका नाम १ उदयभाव १ उपसमभाव ३ क्षायक भाव ४ क्षयोपसम भाव ५ प्रणामिक भाव पहिले दूसरे तीसरे गुणस्थानमें भाव पावे तीन उदय, क्षयोपसम, प्रणामिक चोथे पांचमें छट्ठे सातमें और आठमेसे अग्यारमें गुणस्थान

अन्तराय कर्मके उदयसे परिशय उत्पन्न होवे एक पनरमो बावीस परिशयका नाम १ क्षुधा २ तृषा ३ शीत ४ उष्ण ५ डांसमंस ६ अचेल ७ अरति ८ स्त्री (इत्थी) ९ चरिया १० निसिया ११ सज्जा १२ आक्रोस १३ वध १४ यांचना १५ अलाभ १६ रोग १७ तृणफास १८ जल मेल १९ सत्कार पुरुषकार (सक्कार पुकार) २० पन्ना २१ अज्ञान २२ दर्शन पहेला गुणस्थानसे नवमा गुणस्थान तक परिशय उत्पन्न होवे बावीस जिसमेंसे बीस वेदे, दोय नहीं वेदे शीत वेदे तो उष्ण नहीं और उष्ण वेदे तो शीत नहीं चरिया वेदे तो निसिया नहीं निसिया वेदे तो चरिया नहीं, दसमा, अग्यारमा, बारमा गुणस्थानमें परिशय उत्पन्न होवे चवदा (आठ मोहकर्मका वर्जकर) चवदामेंसे बारा वेदे दोय नहीं वेदे शीतवेदे तो उष्ण नही उष्ण वेदे तो शीत नही; चरिया वेदे तो सज्जा नहीं; सज्जा वेदे तो चरिया नहीं, तेरमा, चवदमा गुणस्थानमें परिशय उत्पन्न होवे अग्यारा (वेदनी कर्मका) जिसमेंसे नव वेदे दोय नहीं वेदे शीत वेदे तो उष्ण नहीं, उष्ण वेदे तो शीत नहीं, चरिया वेदे तो सज्जा नहीं, सज्जा वेदे तो चरिया नहीं ।

तेरमो आत्माद्वार १ द्रव्यआत्मा २ कषायआत्मा ३ योगआत्मा ४ उपयोगआत्मा, ५ ज्ञान आत्मा, ६ दर्शनआत्मा ७ चारित्रआत्मा, ८ वीर्यआत्मा, पहेलासे तीसरा गुणस्थानतक आत्मा पावे छव ज्ञान आ० चारित्र आ० वर्जी, चोथा पांचमा गुणस्थानमें आत्मा पावे सात चारित्र आ० वर्जी छट्टासे दसमा गुणस्थान तक आत्मा पावे आठ ही, अग्यारमासे तेरमा गुणस्थान तक आत्मा पावे सात

कषाय वर्जी, चवदमा गुणस्थानमें आत्मा पावे छव कषाय आ० जोग आ० वर्जी, सिद्ध भगवानमें आत्मा पावे च्यार ज्ञान, दर्शन, द्रव्य, उपयोग ।

चवदमो जीवका भेदद्वार पहेला गुणस्थानमें जीवका भेद चवदा पावे दूसरा गुणस्थानमें जीवका भेद पावे छव बेन्द्री, तेन्द्री, चौरेन्द्री असन्नी तिर्यंच पञ्चेन्द्रीका अपर्याप्ता और सन्नी पञ्चेन्द्री का पर्याप्ता और अपर्याप्ता, तीसरा गुस्थानमें जीवको भेद एक सन्नीको पर्याप्तो, चोथा गुणस्थानमें जीवका भेद पावे दोय सन्नीका पर्याप्ता और अपर्याप्ता, पांचमासे जाव चवदमा गुणस्थान तक जीवरो भेद एक सन्नीको पर्याप्तो ।

पनरमो गुणस्थान द्वार अपने अपने गुणस्थाने अपने अपने गुण करके संयुक्त, पहेला गुणस्थानसे चोथा गुणस्थान तक बोल पावे आठ १ असञ्जति २ अपच्चखाणी ३ अवृत्ति ४ असंबुडा ५ अपिण्डिया ६ अजागरा ७ अधम्मा ८ अधम्म ववसाइया पांचमें गुणस्थानमें बोल पावे आठ १ संजतासंजति २ पच्चखाण पच्चखाणी, ३ वृत्तावृत्ति ४ संबुडासंबुडा ५ बालपिण्डिया ६ सुत्त जागरा ७ धम्माधम्मा ८ धम्माधम्म ववसाइया, छठा गुणस्थानसे चवदमा गुणस्थानतक बोल पावे आठ १ संजति २ पच्चखाणी ३ वृत्ति ४ संबुडा ५ पिण्डिया ६ जागरा ७ धम्मा ८ धम्म ववसाइया, तीन गुणस्थान वाटे वहेतां जीवमें पावे (याने मरकरके परभवमें जावे जब) पहेला, दूसरा, चोथा; तीन गुणस्थान अमर (मरे नहीं) तीसरा, बारमा तेरमा; पांच गुणस्थान सासता लाधे पहेला, चोथा

पांचवां, छट्ठा, तेरवां; पांच गुणस्थान तिर्थंकर महाराज नही फरसे पहेला, दूसरा, तीसरा, पांचमा अग्यारमा; पांच गुणस्थानमें तिर्थंकर गोत्र बांधे चोथा; पांचमा, छट्ठा, सातमा, आठमा, तीन गुणस्थान अपडवाई बारमो, तेरमो, चवदमो; पांच गुणस्थान अणाशिकपहेला, दूसरा, चोथा, तेरमा, चवदमा; एकजीव ज० नव गुणस्थान फरस कर मोक्षमें जावे पहेला, चोथा, सातमा, आठमा, नवमा, दसमा, बारमा, तेरमा, चवदमा ए नव।

